राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 128
लखनऊ, बुधवार 25 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सीएचसी में मरीजों को शासन की मंशानुरूप सभी सुविधाएं कराई जाएं उपलब्ध : अंजू प्रजापति 04

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस उत्सव आयोजित 08


### सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बुधवार 25 दिसंबर को क्रिसमस को लेकर कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 दिसंबर को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

## संक्षिप्त समाचार

### मोहन भागवत एक संगठन के प्रमुख, हिंदुओं के नेता नहीं

**नई दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का हिंदू समाज को लेकर बयान चर्चा में है। उन्होंने हाल ही में नए मंदिर-मस्जिद विवादों के उभरने पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है। भागवत के इस बयान पर तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य की प्रतिक्रिया सामने आई है। रामभद्राचार्य ने कहा कि मेरा यही मानना है कि जो हमारी ऐतिहासिक वस्तुएं हैं, वो हमें मिलनी ही चाहिए। हमें उनको लेना भी चाहिए चाहे कैसे भी हो। हमें एकत्र होना चाहिए लेकिन अपनी ऐतिहासिक संपत्ति थोड़े ही किसी को दे देंगे। ये मोहन भागवत का व्यक्तिगत बयान हो सकता है, सब लोगों का नहीं। वो किसी एक संगठन के प्रमुख हो सकते हैं, हिंदू धर्म के प्रमुख वो नहीं हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस के आरोप खारिज

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची से लेकर मतदान प्रतिशत में गड़बड़ी के कांग्रेस पार्टी के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि आयोग ने कांग्रेस के दावों की विस्तार से जांच की है और पार्टी द्वारा लगाये गये आरोप निराधार हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस को लिखे पत्र में उसके सभी दावों तथा आरोपों का तथ्यों के आधार पर विस्तार से जवाब दिया। आयोग ने कहा है कि महाराष्ट्र में चुनाव से पहले मतदाता सूची में जानबूझकर न तो नाम जोड़े गये हैं और न ही हटाये गये हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव से पहले छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में 50 हजार नाम जोड़े गये हैं लेकिन इसके आधार पर यह दावा नहीं किया जा सकता कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति ने इसके कारण 47 विधानसभा क्षेत्रों में जीत दर्ज की है।

### केन्द्र सरकार ने पांच राज्यों के राज्यपाल बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार शाम को 3 राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्ति किए, जबकि दो राज्यों में राज्यपालों की अदला-बदली की। पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल और पूर्व सेना प्रमुख वी के सिंह को मिजोरम का नया गवर्नर बनाया गया है। इसके अलावा डॉ. हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया है। उधर बिहार और केरल के राज्यपालों की अदल-बदली की गई। केरल के मौजूदा राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का और बिहार के मौजूदा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को केरल भेजा गया है।

### गुवाहाटी एयरपोर्ट पर तीन करोड़ का ड्रग्स जब्त

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। एक यात्री के पास से 3 करोड़ रुपये की कीमत के ड्रग्स जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह ड्रग्स बैंकॉक से तस्करी कर लाया गया था। खबर लिखे जाने तक पकड़े गए तस्कर से पूछताछ जारी है। इस साल जब्त किए गए ड्रग्स में यह सबसे बड़ी बरामदगी मानी जा रही है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ ही लड़ेगी जदयू

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय 7, जंतर-मंतर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूर्वांचलियों के लिए केजरीवाल का प्रेम झूठा, दिल्ली विधानसभा का चुनाव भाजपा के साथ ही लड़ेगी। जदयू के वरिष्ठ नेताओं ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव एनडीए के साथ ही लड़ा जाएगा। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा (नेता, संसदीय दल, राज्य सभा), केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता सह-सचिव राजीव रंजन प्रसाद जी मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री राजनाथ व सीएम योगी ने दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करते हुए कहा

# स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे लोग

**662 करोड़ की लागत से 181 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन लखनऊ के दिलकुशा लॉन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर लखनऊ में 662 करोड़ रुपये की लागत से 181 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी पांच बार लखनऊ से सांसद रहे। उन्होंने देश की राजनीति को अस्थिरता से स्थिरता की ओर अग्रसर किया और पं. दीनदयान उपाध्याय की अन्त्योदय परिकल्पना को साकार किया। उनके कार्यों की प्रेरणा से आज यह अटल स्वास्थ्य



मेला गरीबों और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में 1998-99 में स्वास्थ्य मेलों की शुरुआत हुई थी, जो बीच में बाधित हो गई थी। अब इस परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए पिछले पांच वर्षों से अटल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2020 से 2023 के बीच इस मेले से 50 हजार से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। सीएम योगी ने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु बताते हुए कहा कि उनकी सहजता और सरलता ने सभी वर्गों का दिल जीता। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में लखनऊ का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि आज रक्षा मंत्री ने 662 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर लखनऊवासियों को बड़ी सौगात दी है। सीएम योगी ने कहा कि मेले में कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर और ब्लाइंड स्टिक जैसे सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाकर 12,000 रुपये सालाना कर दी गई है और उपकरण वितरण के लिए व्यापक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### लखनऊ को मिली कई परियोजनाओं की सौगात

सीएम योगी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विकसित परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। 256 करोड़ रुपये की लागत से 136 परियोजनाओं का उद्घाटन और 386 करोड़ रुपये की लागत की 45 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर यह आयोजन उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और लखनऊवासियों को समर्पित है। लखनऊ का यह स्वास्थ्य मेला अटल जी की सोच और समर्पण का प्रतीक है, जो हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य और विकास की रोशनी पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, संतोष सिंह, मुकेश शर्मा, इंजी. अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, विधायक योगेश शुक्ल, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव, जय देवी आदि मौजूद रहे।

### हजारों लोग उठा रहे हैं अटल स्वास्थ्य मेले की सुविधाओं का लाभ

अटल स्वास्थ्य मेले में हजारों लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। मेले में आयुष्मान कार्ड, मातृ वंदना योजना और टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि यह मेला अटल जी की अन्त्योदय की भावना को साकार कर रहा है। साथ ही, उन्होंने आयोजक नीरज सिंह और उनकी टीम को इस मेले की सफलता के लिए बधाई भी दी।

## जम्मू-कश्मीर में आर्मी वैन का एक्सीडेंट, पांच जवानों की मौत

▶ 10 लोग घायल, चार की हालत गंभीर, तीन जवान लापता

एजेंसी

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार शाम आर्मी वैन 350 फीट गहरी खाई में गिर गई। वैन में 18 जवान सवार थे। इनमें से 5 की मौत हो गई। वहीं, 10 घायल हैं। 4 की हालत गंभीर है। 3 लापता जवानों की तलाश जारी है। सभी जवान शाम को लाइन ऑफ कंट्रोल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बलनोई इलाके में घोड़ा पोस्ट के पास ड्राइवर के संतुलन खोने की वजह से वैन खाई में गिर गई।

सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सेना की क्विक रिस्पॉन्स टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायल जवानों को आसपास के अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। इससे पहले नवंबर में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 जवानों की मौत हो गई थी। 4 नवंबर को राजौरी



में सड़क हादसे में नायक दो जवानों की जान चली गई थी। वहीं, 2 नवंबर को रियासी जिले में कार खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। लद्दाख में 19 अगस्त को सेना की एक गाड़ी 60 फीट खाई में गिर गई थी, जिसमें 9 जवानों की मौत हो गई थी। सेना के काफिले में पांच गाड़ियां शामिल थीं। जिसमें 34 जवान सवार थे। इस हादसे में एक जवान घायल भी हुआ। लेह के स्स्क पीडी नित्या ने बताया कि वाहन के ड्राइवर ने गाड़ी पर कंट्रोल खो दिया। जिससे ट्रक खाई में जा गिरा। 29 अप्रैल 2023 को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना की एंबुलेंस सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। इस हादसे में दो जवानों की मौत हो गई थी। वहीं, 2 जवान घायल भी हुए थे।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार, ग्रैप-4 के प्रतिबंध हटाए गए

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में सुधार होने के कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण IV को रद्द कर दिया है। हालांकि, प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए चरण 1, 2 और 3 के तहत उपाय लागू रहेंगे। इससे पहले 16 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी और उसके आस-पास के क्षेत्रों में ग्रैप के तहत चरण IV के प्रतिबंध फिर से लागू किए गए थे। ग्रैप प्रतिबंधों पर बनी उप-समिति के अनुसार आज सुबह से ही दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार सुधर रहा है। शाम 5 बजे यह 364 पर बहुत खराब श्रेणी में था, जो कि चरण IV लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई सीमा से 36 अंक कम है।

## बाब साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : मायावती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** संसद में बीते दिनों गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के खिलाफ दिए गए बयान पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती बेहद नाराज हैं। उनके आह्वान पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में अमित शाह के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। पार्टी की मांग है कि अमित शाह माफी मांगें और अपना बयान वापस लें।

आंदोलन सफलतापूर्वक होने पर बसपा प्रमुख मायावती ने देर शाम एक्स पर पोस्ट करते हुए पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व परमपूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के उन सभी अनुयाइयों का अति-आभार



प्रकट किया है। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब विरोधी टिप्पणी वापस नहीं लेने व पश्चाताप नहीं करने पर बसपा के आह्वान पर आयोजित ऐसे प्रदर्शन आदि समस्या का स्थायी हल नहीं, बल्कि इसके लिए बहुजनों को सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके शासक वर्ग बनकर ही अपना उद्धार स्वंय करने योग्य बनना होगा तभी मुक्ति व सम्मान संभव। आज के सफल आन्दोलन से यह साबित है कि भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य पार्टी। बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।

### ग्रामीणों का हो रहा था धर्मांतरण, पांच गिरफ्तार

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थानान्तर्गत फत्तूपुर गांव में मंगलवार को एक स्थान पर धर्मांतरण कराया जा रहा था। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि गांव के सावित्री इंटर कॉलेज के बगल बने एक मकान में काफी समय से धर्मांतरण का कार्य हो रहा है। मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी राम आसरे गौतम ने पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया कि सुजानगंज निवासी रमेश गौड़ पुत्र शंकर गौड़ , प्रदीप कुमार पुत्र महेश निवासी उदईपुर, पन्ने लाल पुत्र लाला निवासी सुजानगंज, अजय कुमार पुत्र निवासी रानीगंज, जिला प्रतापगढ़, उमाशंकर पुत्र श्रीनाथ निवासी फत्तूपुर थाना मुंगराबादशाहपुर बीते दो तीन माह से घर आते-जाते थे। उन लोगों ने कहा कि तुम धर्मांतरण कर लो तो तुम्हें तीन लाख रुपये मिलेंगे।

## बूंदाबांदी से गिरा दिन का तापमान, बढ़ी ठिठुरन

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** क्रिसमस से पूर्व उत्तर प्रदेश के मौसम का मिजाज हल्की बूंदाबांदी से बदल गया। दिन का तापमान अचानक गिर गया और ठिठुरन बढ़ गई। हालांकि रात के तापमान सामान्य से अधिक हो गये। मौसम विभाग का कहना है? कि साल के अंत तक बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इससे सर्दी में इजाफा होगा और नये साल से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शीतलहर भी लोगों को परेशान करना शुरू कर देगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि पहाड़ों पर हुयी ताजा बर्फबारी और मैदानी इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश ने मौसम



की रंगत बदल दी है। देर रात से हुयी बारिश के चलते मौसम में ठिठुरन भी बढ गयी है। उत्तर पश्चिमी हवाओं की निरंतरता ने कानपुर मंडल सहित गंगा के मैदानी भागों में ठण्ड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर में सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर बाद सूर्य देव ने हल्के से बादलों की ओट से झांकने की कोशिश की लेकिन बादलों ने उनके अरमानों पर पूरी तरह से पानी फेर दिया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के प्रभाव से मौसम में बड़ा बदलाव देखने

**यह असमय बारिश फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती है क्योंकि इससे मिट्टी में नमी का स्तर काफी बढ़ेगा। यह विशेष रूप से रबी की फसलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा करेगा, जिससे खेती पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।**

को मिल सकता है। कुछ जगह हल्की बौछारें पड़ सकती हैं और यह क्रम साल के अंत तक बना रहेगा। इसके बाद पहाड़ों पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। बर्फबारी होने व पछुआ हवाओं के चलने से उत्तर प्रदेश में इसका असर नये साल में शीतलहर के रूप में देखने को मिलेगा। इस शीतलहर में अभी जो रात के तापमान सामान्य से अधिक चल रहे हैं, वह भी काफी नीचे चले जाएंगे और सिहरन भरी सर्दी लोगों को परेशान करेगी। उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 18.8 और न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## परिवर्तन के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य होगा प्राप्त

**पीएम मोदी ने अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों से केंद्रीय बजट 2025-26 पर किया विचार-विमर्श**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नीति आयोग में केंदीय बजट 2025-26 की तैयारी को लेकर प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के एक समूह के साथ विचार-विमर्श किया। ये बैठक वैश्विक अनिश्चितता के समय में भारत की विकास गति को बनाए रखना विषय पर आयोजित की गई।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक



के दौरान अपने संबोधन में वक्ताओं को उनके व्यावहारिक विचारों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानसिकता में मूलभूत परिवर्तन के माध्यम से विकसित भारत को प्राप्त किया जा सकता है, जिसका ध्यान 2047 तक भारत को विकसित बनाने पर केंद्रित है। केंदीय बजट की तैयारी के लिए आयोजित इस बैठक में प्रतिभागियों ने कई अहम मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इनमें वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान, विशेष तौर पर युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने की रणनीतियां बनाने, रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के साथ-साथ शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संरेखित करने की रणनीतियां, कृषि उत्पादकता को बढ़ाना और स्थायी ग्रामीण रोजगार के अवसर पैदा करना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए निजी निवेश को आकर्षित करना, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक धन जुटाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, निर्यात को बढ़ावा देना और विदेशी निवेश को आकर्षित करना शामिल हैं।

### मोदी आज करेंगे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर कल मध्य प्रदेश जायेंगे और खजुराहो में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के दृष्टिकोण से देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे लाखों किसान परिवारों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। वह 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों की आधारशिला भी रखेंगे।

### ईडी ने गैंगस्टर दाऊद के भाई कासकर से जुड़े फ्लैट को अपने कब्जे में लिया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर ने रंगदारी में लिए ठाणे स्थित एक फ्लैट को मंगलवार को अपने कब्जे में ले लिया है। ईडी ने यह फ्लैट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कुर्क किया था। इस फ्लैट की कीमत 55 लाख आंकी गई है। सूत्रों के अनुसार ठाणे पुलिस ने इकबाल कासकर को एक बिल्डर से रंगदारी वसूलने के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी की टीम ने इस मामले की जांच मनी लॉड्रिंग एंगल से शुरु की थी। इस मामले में जांच में पता चला कि इकबाल कासकर ने रंगदारी के रूप में बिल्डर से ठाणे में नियोपोलिस बिल्डिंग में स्थित 55 लाख रुपये मूल्य के एक फ्लैट लिया गया था।

## 15वें वित्त आयोग अनुदान के रूप में 1598.80 करोड़ रुपए की किस्त जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान के रूप में 1598.80 करोड़ रुपये के असंबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त जारी की है।

ये धनराशि राज्य की सभी पात्र 75 जिला पंचायतों, सभी पात्र 826 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 57691 ग्राम पंचायतों के लिए जारी की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आंध्र प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान के रूप में वित्तीय वर्ष 2024-25 के असंबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त 420.9989 करोड़ रुपये के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए असंबद्ध अनुदान की पहली किस्त की धनराशि 25.4898 करोड़ रुपये भी जारी की गई है। यह धनराशि राज्य की 13097 विधिवत निर्वाचित ग्राम पंचायतों, 650 विधिवत निर्वाचित ब्लॉक पंचायतों और सभी 13 पात्र जिला पंचायतों के लिए आवंटित की गई है। सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।

## संभल में खुदाई के समय पीएसी की बटालियन की रहेगी तैनाती

समृद्धि न्यूज

**संभल।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में आने वाला जिला संभल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम के नेतृत्व में सर्वे एवं खुदाई का कार्य जारी है। संभल में प्राचीन कूपों को खोजकर पुनर्जीवित करने की प्रशासनिक मुहिम के बीच मंगलवार को भी खुदाई का कार्य जारी रहा। दो दिन पूर्व चंदौसी तहसील में मिली लगभग 150 साल पुरानी बावड़ी की तीसरे दिन भी खुदाई जारी है।

शुक्रवार-शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 19 कुओं का सर्वे किया गया था। रविवार एवं सोमवार को चंदौसी तहसील में खुदाई के दौरान प्राचीन बावड़ी, चार कक्ष के साथ प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ पर जल प्रवाहित कूप आदि मिले। चंदौसी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के अनुसार संभल में खुदाई वाली जगह भीड़ इकट्ठा होने के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में अब पीएसी के जवानों की तैनाती रहेगी।

संभल के 19 प्राचीन कूपों और 68 तीर्थों का वर्णन तमाम धर्मग्रंथों में मिलता है। जिले के खग्गू सराय में बीती 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद प्राचीन शिव मंदिर खुलने के बाद जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने धर्मग्रंथों में वर्णित इन कूपों सहित तमाम प्राचीन कूपों को खोजकर उन्हें पुनर्जीवित कराने की मुहिम चला रखी है।

**अनुबंध** — एनएचएआई ने मवेशी आश्रयों के निर्माण व रखरखाव के लिए मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ किया समझौता

## हाइवे पर छुट्टा पशुओं की चुनौती से निपटने के लिए बनेंगे आश्रय स्थल

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली,।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव और छुट्टा पशुओं की चुनौती से बचने के लिए एनएचएआई ने एक पायलट परियोजना शुरू की है। इसके तहत एनएचएआई ने मवेशी आश्रयों के निर्माण और रखरखाव के लिए मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

इस पायलट परियोजना के तहत 0.21 से 2.29 हेक्टेयर तक के आश्रय क्षेत्रों को आवारा पशुओं के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में कार्य करने के लिए रणनीतिक रूप से विकसित किया



जाएगा। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं की संख्या घटेगी।इस पहल के तहत एनएचएआई ने मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अनुबंध के तहत मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड एनएचएआई की प्रदान की गई भूमि पर पशु-आश्रय स्थलों का निर्माण करेगा। वह पशुओं का कल्याण सुनिश्चित करते हुए रियायत अवधि के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, पर्याप्त चारा, पानी और देखभाल करने वाले उपलब्ध कराकर इन आश्रय स्थलों का रखरखाव भी करेगा। इस योजना को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों पर लागू किया जाएगा, जिसमें एनएच-334बी के उप्र-हरियाणा सीमा से रोहना खंड शामिल है, जहां खरखौदा बाईपास के साथ आश्रय स्थल स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह, एनएच-148बी के भिवानी-हांसी सेक्शन पर हांसी बाईपास, एनएच-21 के कीरतपुर-नेरचौक सेक्शन और एनएच-112 पर जोधपुर रिंग रोड के डांगियावास से जाजीवाल सेक्शन पर आश्रय स्थलों का निर्माण किया जाएगा।

इस संबंध में एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने वाली यह अनूठी पहल है। यह न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ाकर यात्रियों के लिए सुरक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की एनएचएआई की प्रतिबद्धता दर्शाती है। इसके साथ ही यह आवारा पशुओं की देखभाल की मानवीय आवश्यकता को भी पूरा करती है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि यह पहल देश में समग्र राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास के लिए एक नया मानदंड स्थापित करेगी। इस पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग बिल्डर्स फेडरेशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे आवारा पशुओं के लिए आश्रय स्थल विकसित करने के लिए एनएचएआई के इस कदम का स्वागत करते हैं और इस पहल के लिए अपना समर्थन देते हैं।

# शिव मंदिर कॉरीडोर निर्माण के पहले चरण में चिन्हित इलाके धराशाई

- समतलीकरण की दिशा में रात-दिन गरज रहे बुलडोजर, क्रेन व लोडर
- रास्ते में आ रहे स्थाई, अस्थाई, रिहायशी बिल्डिंग, धर्मशालाएं ध्वस्त

सुधीर सक्सेना





**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** विधानसभा चुनाव में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दौरान चुनावी सभा में गोला के पब्लिक इंटर कालेज के मैदान पर आयोजित विशाल जनसभा में गोला को वाराणसी की तर्ज पर शिव कारीडोर निर्माण कराने जाने का ऐलान किया था। इसके बाद पौराणिक शिवालय का जीर्णोद्वार व शिव मंदिर कारीडोर बनाने की दिशा में कार्य शुरु किया गया। तमाम उतार चढाव व बदलते परिवेश में भारी मतों से विजयी विधायक अरविंद गिरि का निधन हो गया। जिसके चलते एक फिर कारीडोर के कार्य की राफ्तार की गति धीमी पड गई। इसके बाद उनके पुत्र अमन गिरि ने एक बार फिर गोला विधायक की कमान संभाल ली। नतीजतन वर्ष 2024 के अंतिम माह दिसंबर 2024 में शिव कारीडोर निर्माण की राफ्तार दिनों दिन तेजी पकडती जा रही है। वहीं एक ओर चल रहे कयासों पर भी लगाम लग गई कि पौराणिक शिवालय का महज जीर्णोद्वार की ही योजना है बल्कि बडे पैमाने पर तोड फोडकर स्वीकृत नक्शे के आधार पर पौराणिक शिव मंदिर कारीडोर का निर्माण किया जाना शुरु कर दिया गया है।

छोटी काशी गोला में स्थित पौराणिक शिव मंदिर कारीडोर प्रस्तावित नक्शे के आधार पर बनाए जाने का कार्य पूरे शबाब पर है। बता दें कि पौराणिक शिव मंदिर कारीडोर निर्माण का कार्य 14 दिसंबर से आरंभ होते ही अपने पहले चरण में मंदिर को जाने वाले प्रमुख मार्गों तक का रास्ता पूरी तरह से साफ कर दिया गया जिसमें रास्तों में पड रही नगरपालिका, नगर पंचायत की दुकानों सहित नजूल की भूमि व कई धर्मशालाओं को नेस्तनाबूद कर समतलीकरण का कार्य युद्व स्तर पर जारी है। वहीं इस निर्माण कार्य में तमाम व्यापारी, दुकानदार, धर्मशालाओं के मालिकां को शासन प्रशासन द्वारा स्वीकृत मुआवजा भी दिया गया जबकि नजूल व नगरपंचायत, नगर पालिका की भूमि का नोटिस देकर कब्जेदारों से अधिग्रहण कर लिया गया जिससे व्यापारियों ने निर्माण कार्य में धराशाई हुई दुकानों व बेरोजगार हुए लोगों ने एक मंच बनाकर उनके पुर्नवास व पुर्नस्थापन की मांगें भी उठाई जानी शुरु कर दी गई है। प्रशासन की रफ्तार के आगे यह मांगे अभी पूरी तरह से खडी नहीं हो सकी है। प्रशासन की पिछ्ले दस दिनों से चल रही कार्रवाई के तहत बुलडोजर, हथौडों की धमक रातदिन एक करने के साथ पूरे इलाके को चिन्हित कर स्थायी, अस्थाई, दुकानों, मकानों, भवनों, रिहायशी घरों सहित दान की धर्मशालाओं को पूरी तरह से तोडकर समतलीकरण के पहले चरण को निर्धारित अवधि में पूरा करने की दिशा में तेजी से बढ रही है। पौराणिक शिव मंदिर कारीडोर निर्माण कार्य में कार्यदायी संस्था सहित तहसील प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारी एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी गवेन्द्रपाल गौतम, तहसीलदार सुखबीर सिंह, कोतवाल चंद्रशेखर सिंह सहित तमाम प्रशासनिक अमला पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है।

## आज होगी सामान्य आम सभा की बैठक

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति की सामान्य आमसभा की बैठक पटेल संस्थान में आज बुधवार, 11 बजे से होगी। संस्थान के मीडिया प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि बैठक मिल डायवर्जन रोड पर पटेल संस्थान में होगी। जिसमें आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## कारतूस के साथ गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पढ़ुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में ढखेरवा चौकी इंचार्ज संदीप यादव, कांस्टेबल अजीत कुमार, प्रेम किशोर, प्रदीप कुमार ने थाना क्षेत्र के दमनाबेहड़ निवासी जिब्राइल पुत्र अलीजान को अवैध 12 बोर शस्त्र मय कारतूस के साथ दुलही दमनाबेहड़ सड़क से गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया, गिरफ्तार किए गए आरोपी पर जिला बहराइच सहित खीरी में कुल 7 मामले दर्ज हैं।

# पलिया गुरुद्वारे में एक शख्स ने गुरुद्वारा के सेक्रेटरी पर किया हमला, गिरफ्तार

**लखीमपुरी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया कला गुरुद्वारे में एक शख्स ने गुरुद्वारा सेक्रेटरी कमलजीत सिंह पर तलवार से हमला किया और बाद में उन पर फायरिंग भी की। हालांकि, सेक्रेटरी बाल-बाल बच गए और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।



पलिया गुरुद्वारे में गुरुद्वारा सीक्रेटरी पर हुए हमले के बारे में जब गुरुद्वारा सीक्रेटरी से घटना के कारणों की जानकारी ली गई तब खुलासा करते हुए सेक्रेटरी ने बताया कि गुरुद्वारे में निर्माण कार्य के चलते स्टोर रूम को कार्यालय में बदला गया था, जिससे परमजीत सिंह नाराज था। वह स्टोर की चाबिया मांग रहे थे और जब उसकी बात नहीं मानी गई तब उसने हमला कर दिया।लड़ाई झगड़ा और फायर की आवाज सुनते ही गुरुद्वारे में हड़कम्प मच गया।घटना के बाद सेक्रेटरी ने पुलिस को जानकारी दी। देखते ही देखते गुरुद्वारे में सैकड़ों सिक्खों की संगत इकठ्ठी हो गई और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए सभी धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि यदि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं करेगी, तो वे चक्का जाम करेंगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी परमजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया, और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति में हुई किसान नेताओं के साथ वार्ता

- चीनी मिल ने पैसा डाइवर्ट किया तो रुक जाएगी चीनी

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रतिनिधियों और गन्ना किसानों को जिला गन्ना अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि वह किसानों का गन्ना भुगतान कराने की पूरी कोशिश करेंगे। मंगलवार को गोला पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय में किसानों से वार्ता की। कहा कि वह बजाज चीनी मिलों की चीनी तब रोकते हैं जब मिले चीनी या एथेनॉल का पैसा किसानों के खातों में न भेजकर निजी हित में खर्च कर लेते हैं। डायवर्जन होता रहा तो वह किसानों का भुगतान करने के लिए चीनी अवश्य रोकेंगे।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने बजाज चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ, खंभार खेड़ा और पलिया कलां में गन्ना किसानों के पिछ्ले वर्ष और इस पेराई सत्र के भुगतान का मुद्दा उठाया और कहा कि जब बजाज का बिजली का भुगतान हो चुका है तो फिर गन्ना भुगतान क्यों नहीं हो रहा। जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने डीसीओ से सवाल किया कि बजाज चीनी मिलों की सीसी क्रेडिट लिमिट बन रही है तो उन्होंने कहा वह तीन वर्षों से लिमिट बनवा रहे हैं, किंतु उनकी जानकारी में अभी तक बजाज मिलों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया। डीसीओ वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि बजाज मिलें प्रोबेशन पॉलिसी के अंतर्गत खोली गई चीनी मिलों का 1800 करोड़ रुपया मांग रही हैं। इस पर गन्ना प्रबंधक पीएस चतुर्वेदी ने कहा कि वह यह पैसा गन्ना किसानों के भुगतान में भेजने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लिखित जवाब भी दाखिल कर चुके हैं, किंतु सरकार द्वारा उनका भुगतान नहीं करवाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने उनके पक्ष में हुए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी है।पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने सहकारी गन्ना विकास समिति गोला में तैनात बाबू दिलीप की शिकायत का मामला उठाया। जिस पर डीसीओ ने कहा कि वह इसके लिए जांच कमेटी गठित कर रहे हैं। साक्ष्य मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव बलवंत चौधरी, शिवदयाल वर्मा, नारायण लाल वर्मा, अनिल कुमार, राधेश्याम वर्मा, परमेश्वरदीन, जय सिंह यादव, सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## कारीडोर निर्माण में पं. नेहरु की प्रतिमा हटाने से पूर्व कांग्रेसियों को सूचित करने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विपुल गुप्ता की अगुआई में कांग्रेसियों ने एसडीएम गोला को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि आधुनिक भारत के जनक भारत रत्न देश के प्रथम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की तीर्थ स्थल पर कुंड के समीप लगभग 50 वर्षों से प्रतिमा लगी हुई है। छोटी काशी शिव मंदिर कारीडोर निर्माण के तहत यदि प्रतिमा अपने स्थान से हटाई जाती है तो उस प्रतिमा को पुनः उसी स्थान पर पुर्नस्थापित किया जाए। साथ ही प्रतिमा हटाने से पूर्व गोला नगर कांग्रेस जनों को इसकी सूचना दी जाए। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सहजेन्द्र दीक्षित उपाध्यक्ष, अफजल शाह, अनुप वर्मा आदि मौजूद रहे।



# प्रदर्शनीय एवं बाल महोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के सिंगाही रोड स्थित एब्लॉन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्रदर्शनीय एवं बाल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेधावियों को स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधिका मीनाक्षी कश्यप एवं प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र गुप्ता ने सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के प्रबंधिका मीनाक्षी कश्यप ने कहा कि बच्चों को लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इससे ही कामयाबी हासिल की जा सकती है। इस दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा प्रदर्शनी में बनाए गए मॉडल की जमकर सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार की मंशा है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व रोजगार प्राप्त शिक्षा मिले। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत कर अपने द्वारा बनाए गए मॉडलों के बारे में बताया व समाज में फैली कुरीतियों को कार्यक्रम के माध्यम से उखाड़ फेंकने का संदेश दिया। मेधावियों को स्कूल की और से सम्मानित किया गया। वहीं, अतिथियों व विशिष्ठ अतिथियों को स्कूल की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अनुराग दत्त, आशीष गुप्ता, उत्तम सिंह, अभिषेक कुमार के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लखीमपुर महोत्सव के तीसरे दिन आयोजित हुए कई कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर महोत्सव के तीसरे दिन हुए कार्यक्रम में पहला क्रिकेट मैच अपेक्स अवेंजर 11 बनाम द्वारिका थंडर के मध्य खेला गया। द्वारिका थंडर ने टॉस जीत के पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में तीन विकेट होकर 122 रन बनाएं जिसके जवाब में अपेक्स अवेंजर्स में निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट होकर 92 रन ही बना सके इस प्रकार द्वारिका थंडर मैच में 30 रन से जीत गए बेस्ट बॉलर गगन बेस्ट बैट्समैन प्रेम व मैन ऑफ़ द मैच तुषार को दिया गया। दिन का दूसरा क्रिकेट का मुकाबला नगर पालिका परिषद 11 बनाम थंडर स्ट्राइकर 11 के मध्य हुआ। यह मैच बेहद रोमांच से भरा रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर पालिका लखीमपुर किसी ने निर्धारित 10 ओवर में 67 रन बनाएं। जवाब में थंडर स्ट्राइक करने निर्धारित 10 ओवर पर केवल 60बना सके। किस प्रकार नगर पालिका परिषद लखीमपुर 11 में 6 रनों से जीत हासिल की। बेस्ट बॉलर का खिताब मुनेंद्र, बेस्ट फील्डर का खिताब सलमान वह मैन ऑफ द मैच देवाशीष मुखर्जी को दिया गया। दिन का तीसरा व आखिरी मुकाबला पहले क्वार्टर फाइनल निघासन सदर 11 और स्मार्ट बॉयज 11 के मध्य हुआ जिसमें निर्धारित 12 ओवर में निघासन सदर 11 केवल 39 रन ही बना सकें। जवाब में स्मार्ट बॉयस ने निर्धारित लक्ष्य को मात्र चार ओवर में प्राप्त कर धमाकेदार जीत हासिल की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



महोत्सव के दूसरे पखवाड़े में पुलिस लाइन में चल रहे फुटबॉल मैच की श्रृंखला में सिंगाही ने गोला की टीम को चार गोल से हराकर विजय प्राप्त की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महिला वर्ग में वाईडीसी लखीमपुर की टीम ने बांकेगंज की टीम को हराकर जीत हासिल की। खो खो के मुकाबले में बालक वर्ग में धर्म सभा इंटर कॉलेज पनगी कला को हराकर जीत हासिल की। बालिका वर्ग में पनगी कला ने अपने प्रतिद्वंदी बांके बिहारी इंटर कॉलेज को हराकर जीत हासिल की। बैडमिंटन के मुकाबले में शौर्य कृतिका नेगी हेमंत राय अमन राणा क्षितिज हर्षित सिंह हेमंत राय संजीव वर्मा ने अपने अपने मुकाबले में जीत हासिल की। वही गुरु नानक इंटर कॉलेज में आयोजित हो रही हॉकी के फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग में गुरु नानक स्पोर्ट्स अकैडमी का मुकाबला गुरु नानक स्टेडियम के साथ में था जिसमें स्टेडियम की टीम विजई हुई। बालक बालिका वर्ग में गुरु नानक विधिक सभा कन्या इंटर कॉलेज ने गुरु नानक स्पोर्ट्स अकैडमी को हराकर हॉकी का खिताब अपने नाम किया। आयोजन के इस अवसर पर विभाग प्रचारक अभिषेक जी सदर विधायक योगेश वर्मा पालिका अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव अधिशासी अधिकारी संजय कुमार क्रीड़ा भारती से कपिल श्रीवास्तव कनिष्क बरनवाल आशीष कुमार सिंह सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी गण सहित भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही जिसने समस्त कार्यक्रमों का भरपूर मनोरंजन उठाया।

# बर्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित की गई है इंडिया की टीम

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़**

अंतर्राष्ट्रीय बर्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भारत से 29दिसंबर को टीम अभ्युदय चीन के लिए रवाना की जाएगी। कोविड के बाद एक बार फिर टीम की सिलेक्शन दोनों प्रतियोगिताओं में हुआ है। टीम के खिलाड़ी रजनीश वर्मा ने बताया। कि 36वीं हार्बिन अंतर्राष्ट्रीय बर्फ मूर्तिकला प्रतियोगिता 2जनवरी 2025से 4जनवरी 2025तक और 27वीं हार्बिन अंतर्राष्ट्रीय बर्फ मूर्तिकला प्रतियोगिता 6जनवरी से 9जनवरी 2025को हार्बिन चीन में आयोजित की जाएगी। दुनिया भर के प्रमुख मूर्तिकार बर्फ और बर्फ की मूर्तिकला के प्रमुख अंतराष्ट्रीय आयोजन में भाग लेंगे। हार्बिन म्युनिसिपल पीपुल्स सरकार की ओर से इस अंतर्राष्ट्रीय बर्फ और बर्फ मूर्तिकला प्रतियोगिता में अभ्युदय टीम इंडिया अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित की गई है।



टीम की उपलब्धियां।

2020 में 30वीं अंतर्राष्ट्रीय स्नो स्कल्पचर चैम्पियनशिप, ब्रेकेनरिज, कोलोराडो, संयुक्त राज्य अमेरिका में टीम इंडिया को आर्टिस्ट च्वाइस अवार्ड मिला था।

2020 में उत्कृष्टता पुरस्कार, 25 वीं हार्बिन इंटरनेशनल स्नो स्कल्पचर प्रतियोगिता चीन में जीता था।

2020 में ही उत्कृष्टता पुरस्कार, 34वीं हार्बिन अंतर्राष्ट्रीय बर्फ मूर्तिकला प्रतियोगिता चीन में मिला था।

2020 में ही उत्कृष्टता पुरस्कार, 9वीं चीन हार्बिन इंटरनेशनल आइस-असेंबलेज स्कल्पचर चैंपियनशिप चीन में दिया जा चुका है।

2019 में नायोरो में 19वीं अंतर्राष्ट्रीय हिम मूर्तिकला प्रतियोगिता जापान कप में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

2019 में ही विशेष पुरस्कार, 24वीं हार्बिन इंटरनेशनल स्नो स्कल्पचर प्रतियोगिता चीन द्वारा दिया गया था।

2019 में ही उत्कृष्टता पुरस्कार, 33वां हार्बिन अंतर्राष्ट्रीय बर्फ मूर्तिकला प्रतियोगिता चीन में मिल चुका है।

2019 में उत्कृष्टता पुरस्कार, 8वीं चीन हार्बिन इंटरनेशनल आइस-असेंबलेज स्कल्पचर चैंपियनशिप चीन में मिला था।

2017 में 27वीं अंतर्राष्ट्रीय स्नो स्कल्पचर चैम्पियनशिप, ब्रेकेनरिज, कोलोराडो, संयुक्त राज्य अमेरिका में टीम इंडिया को स्पिरिट अवार्ड मिला था।

**अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी-** 2018 में 28वीं अंतर्राष्ट्रीय स्नो स्कल्पचर चैंपियनशिप, ब्रेकेनरिज, कोलोराडो, संयुक्त राज्य अमेरिका में हिस्सा लिया था।

2018 में ही दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्मारक हवलदार और मकई मूर्तिकला प्रतियोगिता, कोलिमा मेक्सिको में अपने देश की यह टीम हिस्सा ले चुकी है।

# बी पैक्स साधन सहकारी समिति खैरीगढ़ की वार्षिक आम सभा आयोजित

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बी पैक्स साधन सहकारी समिति खैरीगढ़ की वार्षिक आम सभा का आयोजन सभापति तिरलोकी नाथ देवड़िया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सचिव रवि शुक्ला ने समिति का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के साथ ही समिति पर उर्वरक की समुचित उपलब्धता के बारे में किसानों को अवगत कराया। वार्षिक बैठक में मुख्य अतिथि अभिमन्यु मिश्रा ने समिति की लाभकारी योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। बैठक में बैठक में समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ने सुझाव देते हुए कहा कि समिति को अपनी आर्थिक सुदृढ़ता बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रों सहित कृषि से जुड़े अन्य व्यवसाय भी अपनाने चाहिए। साथ ही उन्होंने किसानों से नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के प्रयोग की अपील भी की। बैठक का संचालन हरीश पटेल ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, वीरेंद्र सिंह, कुलजीत कौर, मुन्नी देवी, विनोद दिलीप रस्तोगी, संजीव गुप्ता, चरन जीत सिंह, उपस्थित रहे।



# श्री रामलीला एवं धनुष यज्ञ मेला समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई रामलीला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर के कस्बा खीरी टाउन में सन 1568 ई में स्थापित श्री ठाकुरद्वारा पक्का तालाब प्रांगण में स्थापित श्री राघवेंद्र सरकार एवं श्री गोपेश्वर महादेव सरकार मंदिर प्रांगण में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला एवं धनुष यज्ञ मेला समिति पक्का तालाब खीरी टाउन के तत्वाधान में आयोजित हुई। रामलीला वृंदावन के कलाकारों के द्वारा अति मनमोहक मंचन रामलीला के अवसर पर प्रभु की आरती हुई। श्री ठाकुर द्वारा पक्का तालाब मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट रजत शेखर संरक्षक राम गोपाल शेखर के कुशल मार्गदर्शन में रामलीला समिति के महामंत्री डॉ रमेश मिश्रा कोषाध्यक्ष भगवान शंकर शर्मा, जगदीश मिश्रा, दुर्गा प्रसाद शंकधर, पूर्व सभासद राकेश सिंह आदि सक्रिय सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीमान अभिषेक जी, जिला प्रचारक अविनाश की। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रजत शेखर के संयोजन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अभिषेक, विशिष्ट अतिथि नगर प्रचारक अविनाश, लखीमपुर अधिवक्ता संघ के महामंत्री विश्वास श्रीवास्तव, सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट लखीमपुर के विपुल सेठ, अभिजात मिश्रा, पूर्व एडीजीसी क्रिमिनल अन्नू तिवारी, शानू शुक्ला, श्याम जी धवन विराज वरुण जोशी, राहुल मिश्रा का सम्मान शॉल उड़ाकर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।



## ओवर लोडिंग /ओवर हाइट ट्रक पलटने से मोटर साइकिल सवार चाचा-भतीजे की मौत

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली अन्तर्गत ओवर लोडिंग /ओवर हाइट में ट्रक पलटने से मोटर साइकिल सवार चाचा भतीजे की ट्रक में दबकर मृत्यु हो गयी। नगर से 4 किलो मीटर दूर सहदेवा गाँव के पास आरपी इण्टर कालेज के निकट भूसी से भरा ओवर लोड ओवर हाइट ट्रक ओवर टेक करने के कारण पलट गया जिससे उसके लेफ्ट साइड मोटर साइकिल द्वारा निकल रहे 45 वर्षीय रामूलाल पुत्र सुभाष पकड़िया व 40 वर्षीय नन्हे लाल पुत्र नंदलाल पकड़िया दबकर मृत्यु हो गयी। दोनों लोग शाहजहांपुर अपने बहनोई को देखने गए थे।

# कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर, झंडी गांव के छात्रों ने क्षेत्र का बढ़ाया गौरव

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

झंडी गांव निवासी मनोज सिंह उर्फ कुक्कू की छोटी बेटी गरिमा सिंह पीएसआईटी की चतुर्थ वर्ष की छात्रा है व कंप्यूटर साइंस से बीटेक कर रही है। गरिमा के घर में उस वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब उन्हें पता चला की गरिमा को गूगल ने 15 लाख रूपये सालाना के पैकेज पर इंटर्नशिप दी है। गरिमा इन दिनों एमएक्यू कंपनी में कार्य कर रही है मगर गूगल की इंटर्नशिप मिलने से काफी उत्साहित है। इसी गांव के दो ऐसे विद्यार्थियों की कहानी जिन्होंने संघर्षो के बीच कड़ी मेहनत करके केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में चयनित होकर सफलता हासिल की है। यूपी के जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील निघासन अंतर्गत आने वाले गांव झंडी निवासी फिरोज अहमद उर्फ बबलू डॉक्टर का बेटा साकेब अहमद ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर परिवार के साथ गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साकेब का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। साकेब ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई निघासन के जिला पंचायत इंटर कॉलेज से की तो वहीं स्नातक की पढ़ाई तराई किसान महाविद्यालय लालपुर से पूरी की है। साकेब के पिता ने कड़ी मेहनत के बीच अपने बेटे को पढ़ाया और उनके बेटे ने भी उनकी मेहनत का फल दिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में साकेब के चयन के बाद घर में खुशी का माहौल है तो वहीं क्षेत्रवासियों व इष्टमित्रों द्वारा लगातार बढ़ाई दी जा रही है।








दूसरी और झंडी चौराहे पर रहने वाले नंदकुमार निषाद की पुत्री सौम्या का भी चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। दोनों विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत कर मुकाम हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिभा टाइम्स परिवार दोनों विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## मंडी परिसर में टाट की खाली बोरियों में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर के राजापुर मंडी परिसर में बने एक टीन शेड में लगी टाट की खाली बोरियों की गांठों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, वहीं मंडी में मौजूद स्थानीय लोग अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास करने लगे, आग बढ़ती देख वहां पर मौजूद लोगों ने फायर विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RAJESH SINGH S/O DINANATH निवासी ग्राम टेडिया परेवपुर पोस्ट धरसवा थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती यूपी था जो कि दिनांक 20/12/2024 को नाम बदलकर RAJESH SINGH S/O DINANATH SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SEEMA D/O SHAHID ALI निवासी मोहल्ला सालारगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच था। जो कि दिनांक 10/12/2024 को मैंने अपना नाम बदलकर SEEMA PARVEEN D/O SHAHID ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
बुधवार, 25 दिसंबर, 2024

# क्रिसमस एवं नव वर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनायें

प्रस्तुति-लक्ष्मीकांत भारद्वाज





**संदेश**

सुधी पाठकों एवं कृपालु विज्ञापनदाताओं को क्रिसमस एवं नवर्ष की हार्दिक शुभकामनायें। आपके जीवन में हर वर्ष नववर्ष आये और आप इसी तरह धूमधाम से क्रिसमस एव नव वर्ष मनायें। प्रभु यीशु मसीह की तरह आप भी सच्चाई के मार्ग पर चलें।

**लक्ष्मीकांत भारद्वाज**
**जिला विज्ञापन प्रतिनिधि**



पादरी मनोज कुमार | पादरी स्टीफन मसीह | डा0 प्रदीप कुमार टोप्पो | राजेश मसीह | रोजीशन विश्वासी

## यीशु का जन्म-संदेश

18 यीशू मसीह का जन्म इस प्रकार से हुआ, कि जब उसकी माता मरियम की मंगनी यूसुफ के साथ हो गई, तो उनके इकट्ठा होने से पहले ही वह पवित्र आत्मा की ओर से गर्भवती पाई गई। 19 अतः उसके पति यूसुफ ने जो धर्मी था और उसे बदनाम करना नहीं चाहता था, उसे चुपके से त्याग देने का विचार किया। 20 जब वह इन बातों के सोच ही में था तो प्रभु का स्वर्गदूत उसे स्वप्न में दिखाई देकर कहने लगा, ''हे यूसुफ! दाऊद की संतान, तू अपनी पत्नी मरियम को अपने यहां ले आने से मत डर, क्योंकि जो उसके गर्भ में है, वह पवित्र आत्मा की ओर से है। 21 वह पुत्र जनेगी और तू उसका नाम यीशु रखना, क्योंकि वह अपने लोगों का उनके पापों से उद्धार करेगा।'' 22 यह सब इसलिए हुआ कि जो वचन प्रभु ने भविष्यद्वक्ता के द्वारा कहा था, वह पूरा हो, 23 ''देखो, एक कुंवारी गर्भवती होगी और एक पुत्र जनेगी, और उसका नाम इम्मानुएल रखा जाएगा,'' जिसका अर्थ है - परमेश्वर हमारे साथ। 24 तब यूसुफ नींद से जागकर प्रभु के दूत की आज्ञा के अनुसार अपनी पत्नी को अपने यहां ले आया, 25 और जब तक वह पुत्र न जनी तब तक वह उसके पास न गया, और उसने उसका नाम यीशु रखा।



अनिल प्रशाद | अनुराग मल्ल | इं0 अनुपम मसीह | डॉ0 नीतू मसीह | डॉ0 नम्रता मल्ल | अतुल दास



ऐस्तर रोज दयाल | रंजीत मैसी | विशाल धनी | एलिस दयाल | भावना लाल | अनीता मसीह

**---------संदेश---------**

यीशु मसीह के जन्म के आगमन से हम सीखते हैं जो बातें उनके बारे में दूसरों ने कहीं वह वैसी ही हुई है। हम मानव जाति आज प्रभु यीशु ख्रीष्ट के जन्म से लेकर उसके इस संसार में रहने तक के समय में जो 33 वर्ष का लगभग समय था। उनके जीवन पैदा होने से मृत्य तक हुई घटना परमेश्वर की महानता व श्रेष्ठता को दर्शाती है। इसी में होते हुए यह क्रिसमस दिवस हम अपने परिवारों में मसीह के जन्म लेने से उनके हमारे जीवन में जन्म लेकर उनके समान बनने के लिए उनके जन्म दिवस को हम मनाते हैं। यह मुबारक दिन है। इस दिन हम प्रभु का जन्मदिन मनाते हैं। चर्च जाकर आराधना करते हैं और परिवार के साथ एकत्र होकर खुशियां मनाते हैं। सारे संसार में प्रभु की पैदाइश मनायी जा रही है। इसी संदेश के साथ क्रिसमस पर्व उल्लासपूर्व मनाते हैं। यह त्यौहार हमारे जीवन में इसी तरह आये और प्रभु हम पर अपनी दया व करुणा बरसाते रहें। जिससे हम लोग मिल जुलकर एक साथ इस क्रिसमस का आनन्द ले सकें।

## क्रिसमस आज, दुल्हन की तरह सजे गिरजाघर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बड़े दिन की पूर्व संध्या पर गिरजाघरों को दुल्हन की तरह सजाया गया। पिछले एक महीने से सजावट व खरीददारी का कार्य चल रहा था। ईसाई समाज के युवक युवतियों ने बढ़-चढ़कर इस पारम्परिक त्यौहार में भाग लिया। देर रात सीएनआई चर्च बढ़पुर में कैंप फायर का आयोजन हुआ। रात्रि के 12 बजे ही प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर चर्च में पादरी मनोज कुमार व पादरी स्टीफन मसीह ने प्रार्थना व आराधना की और केक काटकर यीशु का जन्मदिन मनाया। पूरे दिन बाजार में रौनक रही। सांता क्लाज ने बच्चों को टॉफियां बांटीं। सीएनआई चर्च बढ़पुर, आल सोल्स चर्च फतेहगढ़, रखा चर्च फतेहगढ़, सिटी चर्च फर्रुखाबाद, क्राइस्ट चर्च फतेहगढ़ को रंगीन झालरों व लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया। मसीह समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर देर रात चर्च पहुंचकर आराधना कर जन्मदिन मनाया।


















# 159 बच्चों के भविष्य को संवारेगा प्रशासन

## महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में 19 से 24 दिसंबर तक चले 'प्रशासक गांव की ओर' अभियान के तहत बच्चों को किया गया चिन्हित

**भरण-पोषण, शिक्षा आर्थिक मदद और पुनर्वास के लिए हर महीने 4,000 रूपए की मिलेगी मदद**

समृद्धि न्यूज़



**भिक्षावृत्ति से 66, बाल श्रम से 40, निराश्रित महिलाओं से 27, दिव्यांग श्रेणी से 4, आजीवन कारावास सजा भुगत रहे परिवारों से 22 बच्चे होंगे लाभान्वित**

**गोण्डा।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिले में प्रशासन ने एक अनूठी पहल करते हुए 159 बच्चों के भविष्य को संवारने का बीड़ा उठाया है। महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में 19 से 24 दिसंबर तक चले 'प्रशासक गांव की ओर' अभियान के तहत इन बच्चों को चिन्हित किया गया। यह कदम जिला प्रशासन की सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता और समाज के सबसे वंचित वर्गों तक पहुंचने के प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पांच दिवसीय अभियान संचालित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न कमजोर वर्गों से आने वाले बच्चों को चिन्हित किया गया। इनमें भिक्षावृत्ति के 66 बच्चे, बाल श्रम से मुक्त कराए गए 40 बच्चे, निराश्रित महिलाओं के 27 बच्चे, दिव्यांग श्रेणी के 4 बच्चे, और आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे परिवारों के 22 बच्चे शामिल हैं।

जिलाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान इस बात का सबूत है कि जब प्रशासन और समाज मिलकर काम करते हैं, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। अभियान में जुटे अधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों की मेहनत ने यह सुनिश्चित किया कि गोण्डा के हर जरूरतमंद बच्चे तक मदद पहुंचे।

### सुशासन का प्रभाव : बच्चों के जीवन में बदलाव

इस अभियान का उद्देश्य केवल आंकड़ों को सुधारना नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाना है। बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, और पारिवारिक दिक्कतों का सामना कर रहे बच्चों के जीवन में स्थायित्व लाने के लिए जिला प्रशासन का यह प्रयास प्रेरणादायक है। जिला प्रशासन का यह कदम न केवल सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने का उदाहरण प्रस्तुत करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि सही नीतियां और इच्छाशक्ति कैसे समाज में वास्तविक बदलाव ला सकती हैं। 'प्रशासक गांव की ओर' अभियान ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा, सुरक्षा और पुनर्वास के अपने अधिकारों से वंचित न रहे।

### समाज के अंतिम छोर तक पहुंचने की कोशिश

जिला प्रशासन ने इन बच्चों के लिए महिला कल्याण विभाग की स्पॉन्सरशिप योजना के तहत सहायता प्रदान करने की तैयारी की है। इस योजना के तहत बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा, आर्थिक मदद और पुनर्वास के लिए प्रत्येक बच्चे को हर महीने 4,000 रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। यह पहल बच्चों को न केवल वर्तमान कठिन परिस्थितियों से उबारने का प्रयास है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य देने की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

**सुशासन : एक उज्ज्वल भविष्य की कुंजी**

'सुशासन सप्ताह' ने गोण्डा में एक नई सोच और नई ऊर्जा का संचार किया है। प्रशासन का यह प्रयास न केवल बच्चों के जीवन को बदलने का एक अवसर प्रदान करता है, बल्कि सुशासन की भावना को मजबूत करता है। यह पहल अन्य जिलों और राज्यों के लिए एक मिसाल साबित हो सकती है।

# सुशासन दिवस पर जिला प्रशासन की बड़ी पहल, 101 गांव बने राजस्व वाद रहित

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर, जिसे पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, गोंडा जिले ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में जिले की चारों तहसीलों के 101 गांवों को ÷राजस्व वाद रहित÷ घोषित किया गया। यह पहल न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता की मिसाल है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में स्थायी शांति और विकास लाने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। सुशासन दिवस का उद्देश्य नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी करना है। इसी प्रेरणा के तहत जिला प्रशासन गोण्डा ने महीने भर चलने वाले इस विशेष अभियान में ग्रामीणों को न्याय दिलाने और राजस्व विवादों को पूरी तरह समाप्त करने का काम किया।

जिले की चारों तहसीलों- तरबगंज, करनैलगंज और गोंडा सदर में 25-25 गांवों का चयन किया गय है। वहीं, मनकापुर तहसील में 26 गांवों का चयन किया गया है। इस मिशन को सफल बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिन-रात काम किया। पंचायत स्तर पर विवादों का समाधान निकालने के लिए बैठकों का आयोजन किया गया, जहां आपसी सहमति और बातचीत के जरिए लंबित मामलों को सुलझाया गया।

**वाद विहीन ग्रामों की सूची**

**तहसील गोंडा :** श्रीनगर (तेजाजोत), श्रीनगर (बगहीभारी), मेहनौन (धोबहा), मेहनौन (परासखाल), देवरिया अलावल (भगवानपुर), देवरिया अलावल (बरेली), धानेपुर, सालपुर (मिश्रौलियामाफी), सालपुर, भदुआतरहर, पचरन (कड़वलिया), पचरन (संदेशवा), कोड़िया, खिरौरामोहन (बेलवाबकपुर), पूरे तिवारी, कौड़िया (पूरवदाचक), कौड़िया ( अड़बडवा), खिरौरामोहन (कपूरजोत), खिरौरामोहन ( भटपुरवा), पूरेतिवारी (भरहापारा), इटियाथोक (इमिलियारामनाथ), इटियाथोक ( भटपुरवा), तिर्रेमनोरमा, जिगना, तिर्रेमनोरमा (धनहोरी)

**मनकापुर :** बेल गड़ी, बैलगड़िया, तकिया कुर्बान, बुटहा, रमईपुर सानी, चांदपुर माफी, माझा खुर्द, मुडिला, हलुवा, दुलहिया तिवारी, शेरापुर, अगया, मानपुर, रघुनंदन पुर, परानपुर, आराज़ी शेखाजोत, मझरेटी, समसपुर, बकुई बुज़ुर्ग, लेदिया खुर्द, बस्ती डोमा, बभनी खुर्द, चतुराभीटीस सेमासाथी, बलुआ तालाब और कांटा

**वाद मुक्त गांवों की सूची**

**तहसील तरबगंज :** गोपालपुर, शम्भूनगर, रमईपुर, महेशपुर वन, रामगढ़ टांगिया, जानकीनगर, सरायनामू, पूरे गयादीन, जलालपुर, अचलपुर, जमालुद्दीनपुर, लिदेहना, पूरे भिखई, सेमरीखुर्द, दलेलनगर, हनुमाननगर, रूकमंगदपुर, पेड़राही, चौबेपुर, गोदौरा, पूरे दयाल, रामपुर परगना महादेवा, खरगूपुर, बरसेड़ी, गोल्हीपुर

**करनैलगंज :** पूरे बैजनाथ, अतरौलिया एहतमाली, अतरौलिया गैर एहतमाली, अतरसुईया, खुर्दाशीर, रमवापुर, लखनापुर, हडियागाड़ा, दुल्लापुर, पकड़ी, सुमेरपुर, खिन्दौरा, कमालपुर, तुलसीपुर, चन्द्रहरिया, पूरे संगम, वैदपुर, भुलियापुर, भोजजोत, रजावापुर, सरैया चौबे, हरदीटांड, अभईपुर, कम्पनी, कैथोली

सुशासन दिवस के इस खास मौके पर राजस्व वाद रहित गांवों की यह पहल ग्रामीणों के जीवन को सरल और विवाद मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। यह अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के सिद्धांतों को धरातल पर लाने की सच्ची कोशिश है।

नेहा शर्मा, डीएम

## खबरें एक नजर में

### सीएमओ कार्यालय के सामने जनरेटर में लगी आग, मची भगदड़



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिला अस्पताल में स्थित सीएमओ कार्यालय के सामने लगे जनरेटर में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। इससे भगदड़ मच गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। जिला अस्पताल के हिस्से में सीएमओ कार्यालय संचालित है। मंगलवार को बूंदाबांदी के दौरान बिजली आपूर्ति कट गई। जिस पर जनरेटर स्टार्ट किया गया। जनरेटर चलते समय अचानक आग लग गई। इससे कार्यालय के बाहर और अंदर खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। अस्पताल चौकी के सिपाही नीलेश कुमार ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। छोटे और बड़े वाहन के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कुछ समय में आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मी राम अभिलाख, विपिन, दिनेश और मदन चंद्र ने आग बुझाया। दमकल विभाग के एलएफएम सत्यप्रकाश ने बताया कि शायद शॉर्ट सर्किट से जनरेटर में आग लगी थी। हालांकि समय से आग बुझने के चलते ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

### तहसीलदार ने नीलामी के लिए खेत में लगवाई लाल झंडी



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** आर्यावर्त शाखा रसूलाबाद के चार बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। नीलामी के लिए खेत में लाल झंडी लगा दी गई है। कैसरगंज तहसील के नायब तहसीलदार पीपी गिरी मंगलवार को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चंद्र चौधरी, शाखा प्रबंधक अभिषेक सिंह, अमीन विजय शंकर वर्मा, अबू बकर, क्षेत्रीय लेखपाल संजीव बकायेदारों के यहां पहुंचे। उन्होंने नीलामी के लिए खेत में झंडी लगवाई गई। नायब तहसीलदार पीपी गिरी ने बताया कि आर्यावर्त बैंक के बकायेदार बलराम बाबू निवासी दिकौली कला, किशन प्रसाद निवासी इस्लामाबाद, जगन्नाथ निवासी गौसपुर,दिनेश सिंह निवासी अरई उमरी के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही की गयी है। नायब तहसीलदार ने बताया की बकायेदारों को 21 दिन का समय दिया गया है। 21 दिन के बाद डुग्गी मुनादी करवाकर आरसी प्रपत्र 43 के तहत नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।

### झाड़ फूंककर लखपती बनाने के बहाने महिला को ठगा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़ ।** एक महिला को झाड़फूंक कर के लखपती बनाने के बहाने महिला को ठग लिया और उस का चैन टॉप्स नगद तीन हजार रुपये लेकर रफूचक्कर हो गया। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी चीना कुमारी पत्नी राजेश कुमार ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया कि फातिमा स्कूल से अपने घर की तरफ आ रही थी। कुम कुम टेंट हाउस के पास सामने वाली गली में एक व्यक्ति मिला और मुझे लालच दिया कि तुम को मै झाड़ फूक कर लखपती बना दूँगा। मुझ से बात चीत करने लगा और कह कि आप देवी का अवतार के साथ ही एक सज्जन महिला है। मैं उस के झांसे में आ गई। उस ने मुझ से दो रुपये का सिक्का मांगा जो मैंने उस को अपने पर्स से निकाल कर दिया। उस ने उस दो रुपये के सिक्के को झाड़ फूक कर के वापस कर दिया। थोड़ी देर के बाद उस ने मुझ से कहा कि एक पुड़िया दूंगा और उस को घर पर ले जाकर पूजा करने के बाद आधा घण्टे के बाद खोलना। उस ने मुझे एक कागज का पुड़िया दिया। इसके बदले में मैन उस को गले मे पहने सोने की चैन, टॉप्स और पर्स ने निकाल कर तीन हजार रुपये दे दिया। घर पर जा कर उस की पूजा कर के उस पुड़िया को खोला तो उस मे पत्थर का टुकड़ा निकला। तहरीर पर अज्ञात के ऊपर धोखाधड़ी का मुकदमा लिखा गया है।

### क्रिसमस-डे की पूर्व सन्धा पर प्रभु ईसा मसीह का मनाया जन्मदिन



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़ ।** मंगलवार को रोजवुड इण्टर कालेज में क्रिसमस डे की पूर्व सन्धा पर प्रभु ईसा मसीह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ईसा मसीह की झांकी प्रस्तुत की गयी। जिसमे कक्षा नर्सरी, एल केजी, यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने सेंटा क्लाज तथा परियों के परिधान में मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। सेंटा क्लाज ने सभी छात्र-छात्राओं को गिफ्ट दिया एंव बच्चो ने केक काट कर प्रभु ईसु का जन्म दिवस मनाया। विद्यालय संस्थापक राकेश पाण्डेय, प्रबंधक अमित पाण्डेय एंव प्रधानाचार्या सरिता पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस का अर्थ है प्रेम, करूणा और दूसरो क प्रति दया की भावना। यह त्यौहार हमें शांति का संदेश देता है।

# सीएचसी में मरीजों को शासन की मंशानुरूप सभी सुविधाएं कराई जाएं उपलब्ध : अंजू प्रजापति

**महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी रिसिया का किया निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने महिला जनसुनवाई के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसिया का निरीक्षण कर अस्पताल भवन व परिसर की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीज़ों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं इत्यादि के बारे जानकारी प्राप्त की।

सीएचसी पहुंचकर अंजू प्रजापति ने ओपीडी, लेवर रूम, पैथालोजी, वार्ड, रसोई घर, औषधि कक्ष व अधीक्षक कक्ष का निरीक्षण कर चिकित्सकों व पैरा मिडिकल स्टाफ की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय समस्त चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित मिला। ओ.पी.डी. के बारे में जानकारी करने पर अधीक्षक डॉ. प्रत्युष सिंह ने बताया कि अब तक 182 मरीज़ों का पंजीकरण हुआ है। आईपीडी के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि वर्तमान 12 मरीज भर्ती हैं। सदस्य ने वार्ड में जाकर भर्ती मरीज़ों से चिकित्सालय की व्यवस्थाओं तथा भोजन की गुणवत्ता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

भोजन के बारे में पाया गया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार मरीज़ों को भोजन परोसा गया है। मरीज़ों व उनके साथ मौजूद तीमारदारों ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए यह भी बताया कि सारी दवायें चिकित्सालय से ही दी जा रही हैं। महिला आयोग की सदस्य ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों को शासन की मंशानुरूप सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें।

शरद ऋतु को देखते हुए सदस्य ने अधीक्षक को परिसर में अलाव की व्यवस्था करने तथा चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार, महिला थानाध्यक्ष मंजू यादव, चिकित्सक डॉ. मिथलेश कुमार, डॉ. आर.पी. राठौर, डॉ. अफज़ालव डॉ. आसिफ तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### डग्गामार वाहन से जूझ रहा है जिला, पुलिस व्यवस्था हुई फेल

**गोण्डा।** जिले में डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं है,चौराहों और गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने भी इनका कब्जा है। नगर कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर रोडवेज बस स्टैंड के निकट बनी गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने डग्गामार वाहन बीच सड़क पर खड़ी करके बेधड़क सवारियां भरते हैं। पुलिस इनको नहीं रोकती। यही हाल झंझरी ब्लॉक के सामने का है। यहां पर भी बड़ी संख्या में मैजिक और टाटा खड़ी की जाती हैं, जो रगड़गंज, उमरी, तरबगंज के लिए सवारियां ले जाती हैं। जीआईसी गेट, गुरु नानक चौराहे से थोड़ा आगे, रोडवेज बस अड्डा के पास आदि लगभग शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है,लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# ओवरलोड के चलते पलटा गन्ना लदा ट्रक, बाल-बाल बचे लोग

समृद्धि न्यूज़



**बहराइच।** जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र में गन्ने के ओवरलोड ट्रक लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहे हैं। ओवरलोड ट्रकों पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

मंगलवार की सुबह जब चफ़रिया गन्ना सेंटर से से खम्बार खेड़ा चीनी मिल लखीमपुर खीरी के लिए गन्ने से भरी ओवरलोड ट्रक जा रही थी तभी अचानक जर्जर सड़क के कारण अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। इस बीच आवागमन कर रहे राहगीर बाल-बाल बच गए वहीं ट्रक चालक व क्लीनर भी सुरक्षित बच गए। लेकिन इस बीच घंटों आवागमन प्रभावित रहा जिसके बाद सड़क पर बिखरे गन्ने को हटवाकर किसी तरह रास्ता साफ किया गया जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। लोगों का कहना है कि गन्ना ओवरलोड ट्रकों पर पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है जिसके चलते कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। लोगों का आरोप है कि चीनी मिल प्रशासन नियमों को दरकिनार कर रहा है लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत मिल व गन्ना विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस व प्रशासन को कड़ी कार्यवाही कर ओवरलोड पर लगाम लगाने की जरूरत है।

# सीमा की सुरक्षा व मजबूत कानून व्यवस्था मुख्य जिम्मेदारी : एसपी



समृद्धि न्यूज

**नवांगतुक एसपी रामनयन सिंह ने संभाला कार्यभार**

**बहराइच।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर जिले की कानून व्यवस्था और सुरक्षा के बारे में बताया। जिले में तैनात पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला का शासन की ओर से स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात राम नयन सिंह को जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया है।

उन्होंने जिला मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि जिला नेपाल सीमा से सटा होने के चलते काफी संवेदनशील है। सीमा की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला कई समस्याओं से ग्रसित है। इसका मुख्य कारण क्षेत्रफल का बड़ा होना है। ऐसे में विभिन्न विभागों से समसंजस्य कर उस पर अंकुश लगाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में सभी समुदाय के लोग निवास करते हैं। जिसके चलते विवाद भी होता है। ऐसे में सामाजिक समरसता बनाए रखने में सभी लोग सहयोग करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, ग्रामीण के अलावा सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### ठंड के मौसम में हृदय रोगी बरतें सावधानी

**बहराइच।** मेडिकल कॉलेज बहराइच के मेडिसिन चिकित्सा विभाग ने ठंड के मौसम में हृदय रोगों से बचाव और उनके लक्षणों पर जागरूकता फैलाने की अपील की है। ठंड के कारण रक्त नलिकाओं का सिकुड़ना, रक्तचाप में वृद्धि और हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।विभागाध्यक्ष मेडिसिन डॉ. अनूप कुमार ने कहा ठंड के मौसम में हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। ठंड से बचाव, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और नियमित रूप से दवा लेने से हृदय रोगों के खतरे को कम किया जा सकता है। मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने बताया हमारे इमरजेंसी विभाग और मेडिसिन विभाग ने इस महीने 50 से अधिक हृदय रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। ठंड के दौरान मरीजों की संख्या बढ़ जाती है, और हमारी टीम पूरी तत्परता से कार्यरत रहती है। प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज बहराइच डॉ. संजय खत्री ने बताया हमारे कॉलेज में हृदय रोगों के इलाज के लिए जरूरी उपकरण और डॉक्टर उपलब्ध हैं।

# कांग्रेस-बसपा ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

**अमित शाह के बयान के विरोध में निकाला जुलूस**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** संसद में गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पर दिए गए बयान के विरोध में मंगलवार बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस की ओर से विरोध जुलूस पूरे शहर में निकाला गया। प्रदर्शन के बाद सभी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। जुलूस और प्रदर्शन को लेकर पुलिस की सुरक्षा रही।

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बीते सप्ताह संसद में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पर बयान दिया गया था। इसके विरोध में धरना और प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी की मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अजय गौतम की अगुवाई में सभी ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद शहीद स्मारक में जुलूस आकर समाप्त हुआ। सभी ने अमित शाह से माफी मांगने और उनको मंत्री पद से हटाने की आवाज उठाई। उधर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जेपी मिश्रा की अगुवाई में शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल, डॉक्टर राजेश तिवारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विरोध जुलूस शहर में निकाला। सभी ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस और बसपा की ओर से गृह मंत्री अमित शाह पर कार्यवाई को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हाईवे पर हादसों की बाढ़, मित्र पुलिस घर में खड़े वाहनों का चालान करने में मदमस्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** इंडो नेपाल सीमा से सटे सीमावर्ती जनपद वर्ष भर सड़क हादसों से दहलता रहा। जहां एक ओर हाईवे पर सड़क हादसों की बौझार हो रही वहीं दूसरी तरफ टारगेट पूरा करने के लिए शहर में घर में खड़े वाहनों पर चालान करके बहराइच पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है। यह साल 2024 हादसों के नाम रहा अभी तक तकरीबन 400 लोग सड़क हादसे का शिकार हो चुके है। इन हादसों पर लगाम लगाएं जाने के बजाय जनपद की मित्र पुलिस घर की पार्किंग में खड़े वाहनों पर चालान करके अपना टारगेट पूरा करने में मदमस्त है। शहर के बशीरगंज निवासी असिस्टेंट प्रोफेसर एवं समाजसेवी सचिन श्रीवास्तव का चार पहिया वाहन उनके पार्किंग में खड़ी थी। मित्र पुलिस अपना टारगेट पूरा करने के लिए पार्किंग में खड़ी चार पहिया वाहन का चालान एक हजार का काटकर भेज दिया। जबकि चालान विवरण में दो पहिया का कारण तीन सवारी होने का दिखाया है। इस अजीबोगरीब चालान से पीड़ित भी अचंभित है वही जनपद की मित्र पुलिस फेक चालान करके अपने आकाओं को खुश करने में लगे है। पीड़ित ने बताया कि इस समस्या को लेकर शीघ्र ही एक प्रार्थना पत्र डीजीपी, पुलिस अधीक्षक को दिया जाएगा जिससे इतनी बड़ी लापरवाही पर ठोस विधिक कार्यवाही हो सके।

# मंडलायुक्त ने भ्रष्टाचार के मामलों पर की त्वरित कार्रवाई, संयुक्त विकास आयुक्त को सौंपी जांच

समृद्धि न्यूज़



**गोण्डा।** मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने दो अलग-अलग शिकायतों पर कड़ा एक्शन लिया है। शिकायतों की जांच संयुक्त विकास आयुक्त को सौंपते हुए इसकी रिपोर्ट तलब की है। संयुक्त विकास आयुक्त या तो इसकी जांच खुद करेंगे या फिर टीम गठित कर जांच करेंगे।

मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने बाढ़ कार्य खंड गोण्डा में भ्रष्टाचार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संयुक्त विकास आयुक्त को जांच का जिम्मा सौंपा है। शिकायतकर्ता रीता देवी पत्नी ओम प्रकाश और अन्य ने आरोप लगाया है कि अधिशासी अभियंता और उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए, प्राक्कलनों को तोड़कर भुगतान किया गया। साथ ही, एआर (2711) मद और तटबंध उच्चीकरण के लिए प्राप्त करोड़ों की धनराशि का दुरुपयोग किया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि लगभग 10 करोड़ की धनराशि बिना कार्य कराए ही कागजों पर दर्शा दी गई।

ठेकेदारों द्वारा दी गई धरोहर राशि और उपखंडीय अनुबंधों के माध्यम से भुगतान में अनियमितताओं की जांच की मांग की गई है। मंडलायुक्त ने इस मामले में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**भिनगा में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेंगे जेडीसी**

दूसरे मामले में, नगर पालिका परिषद भिनगा, जनपद श्रावस्ती में व्याप्त भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में अनियमितताओं के संबंध में मंडलायुक्त ने संयुक्त विकास आयुक्त को जांच सौंपी है। शिकायतकर्ता मनोज पाठक, पूर्व प्रत्याशी, ने आरोप लगाया कि विकास और निर्माण कार्यों में लाखों-करोड़ों रुपये की गड़बड़ी हुई है। शिकायत में कहा गया है कि निर्माण कार्य बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए पहले ही कर लिए गए और विज्ञापन गोपनीय तरीके से जनपद से बाहर प्रकाशित किया गया। इसके अलावा, कई उपकरण और ई-रिक्शा खरीद में भी अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं।

**बैठक** | **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई निर्माणाधीन परियोजनाओं की बैठक**

# विभागीय परियोजनाओं का माह में दो बार निरीक्षण करें अफसर

**50 लाख से अधिक व कम की परियोजनाओं की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** 50 लाख से अधिक व कम लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्माण कार्य में स्वास्थ्य विभाग, माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था पैक्सफेड द्वारा किसी अधिकारी के प्रतिभाग न करने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।

डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं तथा प्रशासकीय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समीक्षा में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी प्रशासकीय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत चल रहे निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का प्रतिमाह कम से कम 02 बार निरीक्षण करें। निरीक्षण में निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति, टेक्निकल प्रोविजंस के अनुरूप कार्य की प्रगति तथा निर्धारित मानकों आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही सभी अधिकारी स्वयं द्वारा किए गए निरीक्षण की लिखित आख्या भी प्रस्तुत करें। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि निरीक्षण आख्या में प्रथम दृष्टया सब ठीक पाया गया लिखने के बजाय विस्तृत रिपोर्ट तथा अपने निरीक्षण से सम्बन्धित भ्रमण कार्यक्रम भेजें। कार्यदायी संस्थाओं को टेक्निकल कमेटी बनाये जाने के भी निर्देश दिये गये। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत कराएं जाने वाले कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाय। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि 51 राजकीय विद्यालयों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराएं। यूपी सिडको को निर्देश दिया गया कि नीति आयोग अन्तर्गत संचालित कार्यों शीघ्रता के साथ पूरा किया जाय। पर्यटन सूचना अधिकारी द्वारा कार्य स्थलों का निरीक्षण न करने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित को नोटिस जारी करने तथा गुल्लबीर मन्दिर में पूर्ण हो चुके कार्य की तत्काल हैण्डओवर की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं अन्य पूर्ण परियोजनाओं का क्षेत्रीय मा. सांसद, विधायक से उद्घाटन कराएं जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि गत वर्षो की लम्बित परियोजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराया जाय। डीएम ने कहा कि आगामी बैठक में कार्यदायी संस्थाओं, प्रशासकीय विभागों तथा तकनीकी कमेटी के सदस्यों को भी बुलाया जाय। जल निगम (शहरी) को निर्देश दिये गये कि नगर पालिका बहराइच में कार्यालय खोलें एवं एक-एक सहायक अभियन्ता और अवर अभियन्ता की नियुक्ति करें जो प्रत्येक कार्य दिवस में उपस्थित रहकर जल निगम की परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करें और लम्बित कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये। सीएलडीएफ एवं सिडको द्वारा कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर डीएम द्वारा कड़ा असंतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, सीएमएस डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाए एवं निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# महाकुंभ बनेगा अध्यात्म, उद्यम और मजबूत विदेशी रिश्तों का संगम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

एशोचैम की मैनेजिंग कमेटी एवं एनुअल जनरल मीटिंग आज 24 दिसंबर 2024 को रायबरेली में आयोजित की गई। इस अवसर पर एसोचौम के अध्यक्ष इं. डी पी सिंह ने बताया कि इस वर्ष जो महाकुंभ प्रयागराज में आयोजित है उसमें एसोचौम द्वारा वृहद आयोजन संगम में 31 जनवरी और 1 फरवरी को किया जा रहा है। इस अवसर को अध्यात्म, उद्यम और मजबूत विदेशी रिश्तों के रूप में प्रस्तुत करने के लिए एसोचौम क्रियाशील है। कुंभ में 100 से अधिक देशों के अध्यात्म रिसर्च स्कॉलर के साथ उनके उच्चायुक्त, राजदूत एवं ट्रेड कमिश्नर भी आमंत्रित हैं। इस अवसर पर सरकार की आद्योगिक एवं व्यापार




नीतियों के साथ अब तक की उपलब्धियों तथा किस प्रकार उत्तर प्रदेश में व्यापार की सहूलियत के लिए अनेक मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं कि वृहद जानकारी दी जाएगी। इन सभी विदेशी मेहमानों के लगभग पूरे एक माह प्रवास की योजना है जिससे उपरोक्त तीनों उद्देश्यों की पूर्ति होगी। सरकार द्वारा सेक्टर 8 में चौंबर को स्थान आबंटित किया गया है।

इस अवसर पर मैनेजमेंट कमेटी एवं जनरल बॉडी की बैठक में चौंबर की अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी गई साथ ही चैंबर का बजट सर्वसम्मति से पास हुआ, नवीन पदाधिकारियों एवं सदस्यों के चुनाव पर सहमति प्रदान की गई, संगठन के विस्तार पर सहमति हुई, नाम संशोधन पर भी सहमति हुई । यह सभी प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हुआ। एसोचैम द्वारा अब तक किए गए कार्यों हेतु सभी उपस्थित सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी। अब तक की मुख्य उपलब्धियों में क्लार्क्स लखनऊ के आयोजित इन्वेस्टर्स सौमिट में 40 देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं ट्रेड कमिश्नर उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्रीमान बृजेश पाठक, अनेक मंत्री, बड़े उद्यमी आदि की उपस्थिति में कई महत्वर्ण निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त कई देशों जैसे नेपाल, फ्रांस, ऑस्ट्रिया आदि के साथ औद्योगिक विकास के अवसर बनाए गए तथा पर्यटन, संस्कृति आदि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास हुए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रैक्टर चालक की मौत

**होटल पर रुके ट्रैक्टर चालक की चाय पीने के बाद बिगड़ी तबीयत**

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

चाय पीने के लिए होटल पर रुके ट्रैक्टर चालक की चाय पीने के बाद तबीयत बिगड़ने पर हुई मौत, होटल संचालक के द्वारा दी गई पुलिस को सूचना, पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल। घटना सोमवार व मंगलवार की मध्य रात्रि 12:30 बजे के आसपास की है। जब लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर थाना क्षेत्र बछरावां के ग्राम खैरहनी के निकट स्थित एक चाय की दुकान पर दो ट्रैक्टर चालक, चाय पीने के लिए रुक गए। रात्रि होने के चलते चाय पीने के बाद कुछ देर वहीं पर बैठे रहे। जिसमें ट्रैक्टर चालक श्रवण सिंह पुत्र भजनलाल उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी बहादुरपुर, मुरैया बुजुर्ग थाना तिरवा, जनपद कन्नौज कि अचानक तबीयत बिगड़ने लगी और थोड़ी ही देर में



उसकी मौत हो गई। साथ में दूसरा ट्रैक्टर चालक देवदत्त राठौर निवासी सीतापुर भी साथ में मौजूद था। मौत की जानकारी होते ही होटल संचालक एवं आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सुबह होने पर होटल संचालक मोनू सिंह के द्वारा डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी प्राप्त हुई है, कि सीतापुर सरवन पावर ट्रैक 750 कंपनी से दो ट्रैक्टर लेकर दो चालक एक साथ प्रतापगढ़ के लिए निकले थे। दोनों ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर एक साथ चल रहे थे। चाय पीने के उद्देश्य से होटल पर रुके और चाय पीने के बाद अचानक तबियत बिगड़ने पर एक चालक की मौत हो गई। ग्रामीणों के द्वारा घटना को देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है, कि ट्रैक्टर चालक की ठंड लगने की वजह से तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही पुलिस ने मृतक के मोबाइल में दर्ज घर के नंबर से परिजनों को सूचित किया है।

## लोगों ने लिया अलावा और चाय का सहारा तो किसानों के चेहरे खिले

**महराजगंज रायबरेली।** बदला मौसम का मिजाज किसानों के चेहरे खिले ठंड बढ़ने की वजह से जहां लोग घरों में दुबके हुए मिले तो वहीं जगह-जगह पर अलाव तापते मिले तो होटल पर लोग चाय की चुस्की लेते हुए दिखाई पड़े। 2024 मे गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए 50 डिग्री से अधिक का तापमान ने जहां लोगों का जीना दूभर कर दिया तो वही दिसंबर बीतने को है और ठंड ना पड़ने की वजह से किसान सहित आम जनमानस प्रकृति के इस बदले हुए रूप से हैरान और परेशान था। लेकिन अचानक सोमवार रात्रि को मौसम में बदलाव हुआ और बादल छा गए मंगलवार को महराजगंज क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई जिससे ठंड बढ़ गई किसानों ने बताया कि ठंड गेहूं की फसल के लिए बहुत ही जरूरी है लेकिन अब की बार ठंड ना पडने की वजह से गेहूं की फसल अच्छी नहीं हो रही थी मौसम में बदलाव के कारण अब अच्छी फसल की उम्मीद की जा सकती है। साथ-साथ बूंदाबांदी होने की वजह से फसल को और अधिक लाभ मिलेगा साथ-साथ सब्जियां भी सस्ती होगी जिस तरह खेती के लिए गर्मी आवश्यक है उसी तरह ठंड की भी आवश्यकता पड़ती है, लेकिन दिसंबर बीतने को है अबकी बार ठंड ना पडने की वजह से फसल में वह बात नहीं है जो हर वर्ष रहती है लेकिन अब ठंड का आगमन हुआ है और अगर इसी तरह 15 दिन या 20 दिन ठंड पड़ गई तो गेहूं सहित सभी फसलों के लिए यह काफी लाभदायक होगा। वहीं बढ़ती हुई ठंड के कारण ज्यादातर लोग होटल और चाय की दुकान पर चाय की चुस्कियां लेते हुए दिखाई पड़े तो बहुत जगह पर अलाव तापते हुए भी लोग नजर आए।

## दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**रायबरेली।** दबंगों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे है।ऊँचाहार कोतवाली क्षेत्र के गंगाराम के पुरवा गांव में घूरे के विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई ,जिसमे दोनों पक्षो से चार लोग घायल हो गये।जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वही मौके पर पहुची पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गांव की रहने वाली पीड़ित सुनीता ने बताया कि उसके दरवाजे पर शिव पति नाम की महिला घुरा लगा कर रखी है।जिसको हटवाने को लेकर कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन लेखपाल की उदासीनता के कारण वह घुरा नही हट सका और जिसके कारण शिव पति के घरवालों से दुश्मनी बढ़ती गई। यही नहीं कल जब वह शौच के लिए गई थी, तो मौका देखकर शिव पति और उसके बेटों ने मिलकर मारा पीटा था।जिसपर सुनीता ने कल कोतवाली ऊँचाहार में तहरीर भी दी थी।आज उसी को लेकर शिवपति और उसके घर वालो से फिर कहासुनी होने लगी, जिसपर आज दोनों पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले।इस दौरान शिवपति और उसके दो बेटे व दूसरे पक्ष से सुनीता और उसके ससुर को चोट आई है।वही जब इस घटना पर पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षो में घुरे को लेकर विवाद हुआ है। 4 लोग घायल है।जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## पिता ने पुत्री पर फेंका गरम पानी, झुलसकर हुई घायल

**बछरावां रायबरेली।** हुल्ली का पुरवा मजरे तमनपुर निवासिनी आरती पत्नी रामनाथ के खिलाफ पुत्री पर गरम पानी फेक कर जला देने का आरोप लगाते हुए, थाने में अपने पति के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थिनी आरती के द्वारा अपने पति रामनाथ पुत्र नन्हई पर आरोप लगाया है की सुबह किसी बात से अकारण नाराज होकर, 10 वर्षीय पुत्री मोनिका के ऊपर गर्म पानी फेंक दिया गया। जिसके चलते पुत्री झुलसकर घायल हो गई। जिसके शरीर में छाले पड़ गए और इलाज कराया गया है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने तहरीर के माध्यम से दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया है तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# क्रिसमस के साथ ही भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का मना जन्मोत्सव

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई एवं ईसा मसीह का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बताया ईसा ने ईसाई धर्म की शुरुआत की थी ईसा मसीह कहते थे कि दीन दुखियों की सेवा संसार का सबसे बड़ा धर्म है सभी एक दूसरों को मैरी क्रिसमस कहकर बधाइयां तथा उपहार बांटते हैं इसी दिन 25 दिसंबर 1924 को कृष्ण बिहारी बाजपेई व उनकी सहधर्मिणी कृष्णा बाजपेई के घर पुत्र रत्न के रूप में अटल बिहारी बाजपेई




का जन्म हुआ। आपकी शिक्षा बीए ग्वालियर से तथा एमए डीएवी कॉलेज कानपुर में हुई 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका के कारण जेल गए,1996 से 2004 दो बार प्रधानमंत्री रहे। 2015 में सर्वतोमुखी विकाश तथा असाधारण कार्यो के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया आपके प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में भारत परमाणु संपन्न राष्ट्र बना, पड़ोसी देश से संबंध सुधारने हेतु बस सेवा भी संचालित की, सीमा की सुरक्षा देश हित में कारगिल में थोपा गया युद्ध भी जीता। देश को जोड़ने हेतु अपने स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना शुरू की तथा कावेरी जल विवाद का सर्वमान्य हल खोज निकाला आपकी दी गई सेवाएं देश हित में युगों युगों तक याद की जाएगी आप एक परिपूर्ण एवं सहृदय व्यक्तित्व के धनी तथा कवि हृदय थे आप की रचनाएं समाज को दिशा देने वाली एवं कालजयी हैं आपके ओजपूर्ण भाषण सुनकर रोंये खड़े हो जाते थे आप महापुरुष थे हम सब आपको याद करते हैं तथा आपके कदमों पर चलने का प्रयास करेंगे ।नर्सरी केजी के बच्चों ने सेटा की ड्रेस में सबका मन मोह लिया मंजू सिंह, अनुपम सिंह, रुचि सिंह, ने बच्चों को तथा वातावरण को तैयार कर खुशनुमा बना दिया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### सड़क मरम्मत की मांग को लेकर लोकतंत्र सेनानी ने सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर)।** लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने उतरौला क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए लोक निर्माण मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ



को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी न्यायिक राजेन्द्र प्रसाद को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख सड़कों की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त की और शीघ्र मरम्मत कराने की अपील की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि एसएच 26 (उतरौला से डुमरियागंज मार्ग) पूरी तरह से टूट चुका है, और मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है। उन्होंने इस मार्ग की मरम्मत के साथ-साथ इसे ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले मार्गों के आरसीसी निर्माण की मांग की। इसके अलावा, उतरौला-गोंडा मार्ग की स्थिति भी बेहद खराब बताई गई। उन्होंने शहरों के भीतर इस मार्ग के आरसीसी निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताया। इसी तरह, मनकापुर मार्ग पर मधपुर से सादुल्लाहनगर तक सड़क में गड्ढों के कारण आवागमन बाधित हो रहा है, जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उतरौला से तुलसीपुर वाया पिपराघाट मार्ग पूरी तरह से टूट चुका है और इस पर यातायात बेहद कठिन हो गया है। इसी प्रकार, उतरौला मुंसिफ न्यायालय से आलिफ जोत तक जाने वाला मार्ग और हाशिमपारा बाजार से विकास खंड गैड़ास बुजुर्ग तक जाने वाला मार्ग भी अत्यंत जर्जर हो चुके हैं, जिन्हें आरसीसी सड़क में परिवर्तित करने की मांग की गई है। चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने कहा कि इन सड़कों की बदहाली से न केवल स्थानीय नागरिकों को कठिनाई हो रही है, बल्कि क्षेत्र के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शासन से शीघ्र कार्यवाही की उम्मीद जताई। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए उचित स्तर पर इसे भेजने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### तीन दिनों तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला विद्युत वितरण उपखंड क्षेत्र में आगामी 25, 26 और 27 दिसंबर को तीन दिनों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह बाधा अंडर ग्राउंड केबल के क्षतिग्रस्त होने के कारण उत्पन्न हो रही है, और इन तीन दिनों में संबंधित क्षेत्रों में बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप रहेगी। विद्युत उपकेंद्र उतरौला से जुड़े टाउन 1 और टाउन 2, उतरौला आईपीडीएस 1 और 2, उतरौला ग्रामीण क्षेत्र के महुआ, चमरूपुर, श्रीदत्तगंज, मिश्रौलिया, और गैड़ास बुजुर्ग उपकेंद्र के महुआ, हुसैनाबाद, गजपुर ग्रिन्ट, आजाद नगर और गैड़ास ब्लॉक फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। उतरौला विद्युत उपखंड के एसडीओ अरविंद गौतम ने जानकारी दी कि आरडीएसएस योजना के तहत अवर अभियंता विजय रंजन यादव, जेई आकाश रावत, जेई पवन कुमार, और जेई रविंद्र कुमार की निगरानी में जर्जर और क्षतिग्रस्त तार व केबल बदलने के साथ-साथ नया ओवर हेड तार डालने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए विद्युत आपूर्ति को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद किया जाएगा। एसडीओ ने क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कार्य के दौरान संयम बनाए रखें और आवश्यक विद्युत संबंधी कार्यों को समय से पहले निपटाने का प्रयास करें। इस कार्य के समाप्त होने तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रहेगी, और एसडीओ ने आश्वासन दिया कि कार्य शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। विद्युत आपूर्ति में यह बाधा क्षेत्र के लोगों के लिए असुविधाजनक हो सकती है, लेकिन यह कदम विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने और भविष्य में बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# फसल नष्ट करने का लगाया आरोप,न्याय के लिए क्षेत्राधिकारी की चौखट पहुंची महिला

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पिछले कई दिनों से न्याय के लिए पुलिस एवं उच्चाधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगा रही महिला को अभी तक न्याय नहीं मिल सका है।न्याय के लिए भटक रही महिला ने मंगलवार को क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्यवाही कर न्याय की गुहार लगाई है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे भागू मजरे नाथ खेड़ा निवासी मनोज कुमारी पत्नी महेंद्र कुमार ने बताया कि वह न्याय के लिए उप जिलाधिकारी डलमऊ,कोतवाली तथा समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।मंगलवार को पीड़ित महिला ने एक बार फिर क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि शैलेंद्र कुमार एवं राम सुमेर पुत्रगण रामखेलावन बीते 14 दिसंबर को उसके एक बीघा गेहूं की फसल पर रात्रि लगभग 10:00 बजे के आसपास दवा का छिड़काव कर रहे थे जिससे पीड़िता एक बीघा की गेहूं की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई।जिससे उसके जीविकोपार्जन की क्षति हुई है।पीड़िता के पास इस भूमि के अलावा कोई और भूमि नहीं है। परिवार का भरण पोषण वह इसी से करती है।पीड़िता का पति बाहर रहकर मजदूरी करता है।पीड़िता ने बताया कि बीते 17 दिसंबर को उसने घटना की जानकारी कोतवाली डलमऊ मे दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।जिससे प्रतिपक्षी गण मन बड़े हो गए है। प्रतिपक्षी गण सरहंग एवं गुंडा प्रवृत्ति के हैं जिसके चलते प्रति पक्षी अक्सर पीड़िता को परेशान करते रहते हैं तथा धमकी देते हैं कि तुम चाहे कुछ भी कर लो मेरा कुछ नहीं कर पाओगी जिसके चलते पीड़िता काफी परेशान है। पीड़ित महिला ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्राधिकार अरुण कुमार नवहार ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया क्रिस्मस डे

**लालगंज, रायबरेली**




कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस के पूर्व दिवस पर क्रिसमस डे इस अवसर पर विद्यालय के सभी नन्हे- मुन्ने बच्चे सेंटा क्लॉज और एंजल फैरी (परियों) के रूप में सज-धज कर अपने घरों से आए थे कुछ बच्चे अपने हाथ में क्रिसमस ट्री तो कुछ बच्चे गिफ्ट व चाकलेट लेकर आए ,कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्री- प्रारमरी विंग के बच्चों द्वारा जिंगलवेल जिंगलवेल जिंगल आल द वे गीत पर मनमोह सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात जूनियर विंग के बच्चों द्वारा यीशू मसीह के जन्म पर आधारित नाटक का भव्य मंचन बच्चों द्वारा प्रतुत किया गया। इसी कड़ी में जूनियर विंग के बच्चों द्वारा एंजल आल राउंड गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने सभी छात्र-छात्राओं को क्रिसमस डे की ढेरो शुभकामनाए दी, सभी बच्चों ने साथ मिलकर जिंगल वेल जिंगल बेल गया और परियों व सेंटा क्लॉज से गिफ्ट भी लिया। तत्पस्चत सभी बच्चों को टॉफी, गुब्बारे व चाकलेट भी बांटे गए। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के पूर्व संध्या पर निबंध व कविता प्रतियोगिता आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के पूर्व संध्या पर टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए दो महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गुड गवर्नेंस पर निबंध प्रतियोगिता और पंडित अटल बिहारी वाजपेई द्वारा लिखित कविता का कंपटीशन।

कार्यक्रम की शुरुआत निबंध प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने गुड गवर्नेंस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्रों ने निबंध के माध्यम से अटल जी के नेतृत्व, उनके दृष्टिकोण और शासन के आदर्शों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों की लेखनी ने सभी को प्रभावित किया और यह सिद्ध कर दिया कि युवा पीढ़ी में अच्छे शासन के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इसके बाद, पंडित अटल बिहारी



वाजपेई द्वारा लिखित कविताओं पर आधारित एक कंपटीशन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अटल जी की कविताओं का प्रस्तुतिकरण किया, जिसमें उनके काव्य कौशल, उनके विचार और समाज के प्रति उनके दृष्टिकोण को व्यक्त किया गया। इस प्रतियोगिता ने सभी को अटल जी के बहुआयामी व्यक्तित्व को समझने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पंडित अटल बिहारी वाजपेई के विचार और नेतृत्व ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अटल जी के आदर्शों का पालन करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहें। विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने भी पंडित अटल बिहारी वाजपेई के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने के लिए छात्रों को प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक गण अनिल कुमार गुप्ता, राशिद रिजवी, और शिव शंकर गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन शिक्षकों ने न केवल विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया, बल्कि प्रतियोगिता के आयोजन और व्यवस्थाओं को भी बखूबी संभाला। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेशीय ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सादुल्लाह नगर स्थित एजी हाशमी इंटर कॉलेज खेल मैदान में किया गया। उद्घाटन अजीत श्रीवास्तव प्रधानाचार्य ए जी हाशमी इंटर कॉलेज और समापन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रेहरा बजार संदीप चौधरी द्वारा पुरस्कार वितरण करके किया गया। जिसमें 100 मी. रेस सब जूनियर बालक संवर्ग में मोहम्मद मूसा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मी. में राहुल कुमार प्रथम सब जूनियर बालिका संवर्ग में



800 मी. रेस में मधु वर्मा प्रथम, विद्या द्वितीय एवं रीना ओवरीडीह तृतीय स्थान पर रही। जूनियर स्तर बालक संवर्ग में मोहम्मद अदनान प्रथम रहे। सब जूनियर स्तर बालक व बालिका संवर्ग कबड्डी में ओबरीडीह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर में भी बालिकाओं ने कबड्डी में प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर कबड्डी बालक मानीगढ़ा की टीम विजेता रही। इसके अतिरिक्त लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक,चक्का फेंक ,भाला फेंक एवं वॉलीबॉल आदि खेलो का आयोजन हुआ।इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सैयद अब्दुल बारी, सैयद अब्दुल कारी ,इरशाद अहमद, अरशद इसरार,मोहम्मद सोहेल, मुस्तकीम अहमद, शमीम, युसूफ, हेमंत एवं राम मूरत आदि अहम भूमिका व सहयोग रहा।

# सर्दी में बढ़ता है दिल के दौरे का खतरा, स्वास्थ्य के प्रति रहे सतर्क: डॉ. मंशालाल

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ठंड का मौसम दिल की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, खासकर उन लोगों के बीच जो पहले से दिल की बीमारी से ग्रसित हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर के वरिष्ठ डॉ. एम लाल ने बताया कि ठंड में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर में वृद्धि होती है, जो दिल पर दबाव डालते हैं और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा सकते हैं।

डॉ. मंशालाल ने बताया कि पहले यह समस्या सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित थी, लेकिन अब युवा भी इस खतरे से जूझ रहे हैं। उनके मुताबिक, हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि के पीछे कुछ मुख्य कारण हैं अनियमित खानपान, तनाव, और धूम्रपान से कोलेस्ट्रॉल व ब्लड प्रेशर में वृद्धि होती है, जो दिल की सेहत को नुकसान पहुंचाती है।युवा वर्ग में बॉडी बनाने की आदत और जिम में गलत तरीके से की जाने वाली एक्सरसाइज के कारण दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसके अलावा,बॉडी बनाने के लिए सप्लीमेंट्स का अत्यधिक सेवन भी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। आजकल की जीवनशैली में शारीरिक श्रम की कमी हो गई है। घंटों एक जगह बैठे रहना और गतिहीन जीवनशैली से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शारीरिक फिटनेस



पर ध्यान देने के बावजूद, मानसिक तनाव को अनदेखा करना भी खतरनाक साबित हो सकता है। मानसिक तनाव से दिल की धड़कन असामान्य हो सकती है, जिससे हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है।

डॉ. मंशालाल ने ठंड के मौसम में हार्ट अटैक से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय बताए हैं, जिन्हें अपनाकर व्यक्ति इस खतरे से बच सकता है। रात को जल्दी सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। इससे शरीर को पर्याप्त आराम मिलता है, जो दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है। संतुलित आहार में ताजे फल, सब्जियां, और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। वसा और तले-भुने खाद्य पदार्थों से बचें। नियमित रूप से शारीरिक गतिविधि करें। कम से कम पांच किलोमीटर पैदल चलने की आदत डालें और योगाभ्यास भी करें। ये दोनों आदतें दिल के लिए बेहद हानिकारक हैं। शराब और धूम्रपान से कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप में वृद्धि होती है, जो दिल की सेहत के लिए खतरे का संकेत हैं। नियमित रूप से कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर, और ब्लड शुगर की जांच कराएं। इससे दिल की बीमारियों का समय रहते पता चल सकता है। मानसिक तनाव को कम करने के लिए ध्यान, प्राणायाम और मेडिटेशन का सहारा लें। ठंड में खासकर बुजुर्गों और युवाओं को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को लेकर जनसाधारण में जागरूकता फैलाना जरूरी है। यदि लोग अपनी जीवनशैली में सुधार लाते हैं और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाते हैं, तो हार्ट अटैक जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

# तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला बाजार में स्थित एच आर ए इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय जनपदीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को समापन के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर में बच्चों को विभिन्न स्काउटिंग के सिद्धांत और जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में काउंसलर वसीम अहमद और सलमान ने बच्चों को प्रथम और द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने गांठ बांधना, बंधन, तंबू बनाना, ब्रिज बनाना, झंडा बांधना, ताली बजाना और विभिन्न परिस्थितियों में जीवन जीने की कई आवश्यक कलाओं का अभ्यास किया। बच्चों ने इन गतिविधियों के माध्यम से न केवल शारीरिक कौशल



सीखा, बल्कि एकजुटता, अनुशासन और आत्मनिर्भरता के महत्व को भी समझा। शिविर के अंतिम दिन विद्यालय में उपस्थित अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया और गाइड से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को पुरस्कृत किया गया। स्काउट गाइड प्रदेश सचिव मोहिउद्दीन सिद्दीकी ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा, युवा राष्ट्रभक्ति, गुरुभक्ति कर अथाह ऊर्जा के स्रोत बने और उन्होंने बच्चों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक अंसार अहमद खान ने कहा, हिम्मत न हारने वाले ही विजयी पताका फहराते हैं और बुलंदी का मार्ग प्रशस्त करते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, पढ़ाई-लिखाई के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी जरूरी है। प्रधानाचार्य वीके श्रीवास्तव ने स्काउट्स और गाइड्स के महत्व को बताते हुए कहा, स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। यह हमें देश के लिए एक योग्य नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। साथ ही यह सिखाता है कि आपातकाल में हम कैसे रहें और सीमित संसाधनों में अपने लिए भोजन और पानी की व्यवस्था कैसे करें। समापन समारोह में स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षकों को शॉल और उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया।

## पारदर्शी हो लोकतंत्र

हाल ही में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा,वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कतिपय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, प्राचा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव संचालन से संबधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17–सी की प्रतियों की मांग याचिका के जरिये की थी। हालांकि, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, नामांकन फार्म, परिणाम व चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का उल्लेख चुनाव संचालन नियमों में किया गया है। मगर दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते। सरकार के द्वारा हालिया संशोधन इस बात की पुष्टि करता है कि केवल नियमों में उल्लेखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिये उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता की अवहेलना का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार के फैसले को चुनौती देने की बात कही है। दरअसल, चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के दुरुपयोग से मतदान की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। दलील दी गई है कि इस फुटेज का इस्तेमाल एआई का उपयोग करके फर्जी विमर्श गढ़ने के लिये किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि लोकतांत्रिक शुचिता के लिये पारदर्शिता को क्यों नजरअंदाज किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंतता इसी बात में है कि नागरिकों के सूचना अधिकार का अतिक्रमण किसी भी तरह से न हो सके। निस्संदेह, इस चिंता से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये तथ्यों से खिलवाड़ संभव है। बहुत संभव है अपनी सुविधा के लिये कतिपय राजनीतिक दल नये विमर्श गढ़ सकें। लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों को उस चुनावी प्रक्रिया को जानने का हक है जिसके जरिये सरकार बनती है। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर निर्भर करती है। कतिपय सुरक्षा चिंताओं के नाम पर पारदर्शिता का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मांगों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सजग–सतर्क विपक्ष लोकतंत्र की सफलता के लिये अनिवार्य शर्त भी है। ऐसे में एआई के खतरे के नाम पर हर सूचना के अधिकार पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता। वहीं ऐसे निर्णयों में विपक्ष की भागीदारी जरूरी है ताकि सत्तारूढ़ दल पर निरंकुश व्यवहार का आरोप न लग सके।

# आधुनिक भारतीय संरचना के शंकराचार्य अटल जी

**मनीष शुक्ला**

दृष्टि अटल पर, वोट कमल पर, राजतिलक की करो तैयारी आ रहे हैं अटल बिहारी भाजपा की तीन धरोहर, अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर देश के नारे बदलते गए लेकिन अपने नाम के मुताबिक अटलजी अडिग रहे। जब देश में राजनैतिक तूफान चरम पर था तब भी अटल बिहारी वाजपेयी किसी पतवार की तरह राष्ट्र के दिशा सूचक बने रहे। उनकी सोच में व्यापकता थी और समझ समावेशी थी। यही वजह रही कि उनकी अगुवाई में गठबंधन की सरकार पहली बार पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा कर सकी। उनका विराट व्यक्तित्व वट वृक्ष के समान था जिसकी छांव में उनके राजनैतिक विरोधी भी आनंद का अनुभव करते थे। उनके स्वभाव में अभाव नहीं था इसीलिए उन्होंने जब भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व किया तो राष्ट्रीय पार्टी के रूप में देश के कोने-कोने तक पहचान दिलाई।

जब उन्होंने देश की बागडोर संभाली तो विकासशील से विकसित भारत बनाने का संकल्प किया। भारत रत्न अटल जी जब प्रधानमंत्री बने तो दुनिया इक्कीसवीं सदी में कदम रख रही थी। मानो उन्होंने तभी ठान लिया कि नई सदी में संसार के सामने एक नया सितारा उदित होगा जिसकी शस्य श्यामला धरती होगी। अटल जी अद्भुत शिल्पी थे। वो अस्थिरता को स्थिरता में बदल देते थे। वो आदि शंकराचार्य की परंपरा के आधुनिक संत थे। जिस प्रकार जगदगुरु जानते थे कि एक राष्ट्र को बांधने के लिए चारों दिशाओं में शक्ति के केंद्र होने चाहिए, उसी प्रकार अटल जी भी मानते थे कि अर्थव्यवस्था के चारों स्तंभों को एक सूत्र में बांधने से एक नए अर्थतंत्र की स्थापना हो जाएगी जिससे सदियों-सदियों तक देश को प्राणशक्ति मिलती रहेगी। वो दिल्ली से हिंदुस्तान नहीं देखते थे बल्कि सुदूर सीमाओं से राजधानी तक पहुंचने में विश्वास करते थे। इसीलिए उन्होंने देश के सबसे लंबे हाईवे प्रोजेक्ट 'स्वर्णिम चतुर्भुज' की शुरुआत की। जिससे चारों महानगरों दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को आपस में जुड़ सके। इस परियोजना को अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली की तरह बनाया गया। करीब 5800 किलोमीटर की दूरी तय करने वाला ये देश का सबसे बड़ा और दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। जिसने सीमेंट और स्टील की मांग में नई जान फूंक दी। जिससे वाणिज्य और रियल स्टेट क्षेत्र को भी नया जीवन मिला।

वाजपेयी जी जानते थे कि किसी भी अर्थव्यवस्था का दिल सड़कों से ही धड़कता है जो उसकी शिराओं का काम करती हैं। उन्होंने देश के बुनियादी ढांचे को ठोस बनाने के लिए कार्यदल का गठन किया था। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जरिए उन्होंने हर मौसम में हर गांव तक पहुंच बनाने की अनूठी पहल की। जिससे ना केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक क्रांति के द्वार खोल दिए। जिससे छोटे और सीमांत किसान के पास बाजार स्वयं उठकर पहुंच गया। इससे पहले जिन किसानों के पास उपज को संग्रह करने की क्षमता नहीं थी उन्हें स्थानीय मंडियों में ही कम दामों में बेचना पड़ता था। खेतिहर मजदूरों को गांव के बाहर निकलने और बेहतर मजदूरी पाने की सुविधा मिली। इस सड़क परियोजना से ग्रामीण प्रतिभाओं के विश्व मंच तक पहुंचने का रास्ता भी साफ हो गया। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में भारत सरकार ने 3 मार्च 1999 को नई दूरसंचार नीति की घोषणा की। जिससे यह निजी क्षेत्र के लिए खुल गया। जिससे देश भर के टेलीफोन बूथ के कतार लगाए खड़े भारतीयों के हाथ में मोबाइल फोन आ गया और आज हम विश्व में 5जी में सबसे आगे हैं तो उसकी नींव अटल जी के समय में ही पड़ी थी, जिसे तेजी से आगे बढ़ाने के काम नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं।। कारोबार और उद्योग चलाने के लिए सरकार की भूमिका को कम करने के लिए ऐसा करना आवश्यक था और इससे जड़ हो चुके और मंद पड़े टेलीकॉम सेक्टर को नई प्राणवायु मिली। ये अटलजी की ही नीति थी जिसने स्मार्टफोन की दुनिया में भारत को दूसरा सबसे बड़ा बाजार बना दिया। जो आने वाले समय में चीन को पछाड़ कर नंबन वन मार्केट बनने की क्षमता रखता है।

नई दूरसंचार नीति से सरकारी स्वामित्ववाली कंपनियों का एकाधिकार खत्म हो गया और इस क्षेत्र में नई क्रांति लानेवाली निजी कंपनियों के आगे आने का मार्ग प्रशस्त हो गया। प्राइवेट कंपनियों की आपसी प्रतिस्पर्धा की वजह से टैरिफ में भारी गिरावट आई और मिलनेवाली सुविधाओं की गुणवत्ता में भी क्रांतिकारी सुधार आया। आज के डिजिटल इंडिया की नींव पहला पत्थर वाजपेयीजी ने ही रखा था। अटलजी मन से उदार थे लेकिन सरकारी खर्च को लेकर उतने ही सजग भी थे। उनके उल्लेखनीय निर्णयों में से एक 2003 के राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम की शुरुआत थी। जिसका उद्देश्य सरकारी खर्चों में अनुशासन और राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखना था। इससे पब्लिक सेक्टर सेविंग्स वित्त वर्ष 2000 में जीडीपी का 0.8 प्रतिशत थी वो साल 2005 में बढ़कर जीडीपी का 2.3 फीसदी हो गया। इस कानून की वजह से खर्च और घाटे के नियम सख्ती से लागू किए गए। इसके अलावा उनकी सरकार ने बचत के दूसरे भी तरीके अपनाए जिससे राजकोषीय घाटे में और कमी आई। फिसकल डेफिसिट का कम होना बेहतर इकोनॉमी के संकेत देता है। उनकी सरकार ने औद्योगिक उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विशेष निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों, सूचना और प्रौद्योगिकी और औद्योगिक पार्कों की स्थापना शुरू की जिसपर बड़ी शान से आज का मेक इन इंडिया स्थापित है।भारतीय इकोनॉमी के पैरों को सरकारी सुस्ती ने जकड़ रखा था। उसी तरह सरकारी कंपनियों की वजह से बाजार का बहुत बड़ा हिस्सा खुल नहीं पा रहा था। बतौर प्रधानमंत्री अटलजी ने निजीकरण और विनिवेश पर बल दिया। वो देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनके पास सबसे अलग विनिवेश मंत्रालय भी था। उन्होंने 'रणनीतिक बिक्री' के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण का साहसिक फैसला किया। उनके ही कार्यकाल में भारत एलमुनियम कंपनी लिमिटेड, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और विदेश संचार निगम लिमिटेड जैसी कंपनियो का विनिवेश किया गया। उन्होंने बीमा कंपनियों में विदेशी निवेश की सीमा को 26 प्रतिशत बढा दिया था। उनकी दूरदर्शिता की वजह से ही आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। वाजपेयी सरकार ने ही ब्याज दरों को कम करने का राजनैतिक रूप से कठिन निर्णय लिया।

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस (25 दिसंबर) पर विशेष**



**भारत रत्न अटल जी जब प्रधानमंत्री बने तो दुनिया इक्कीसवीं सदी में कदम रख रही थी। मानो उन्होंने तभी ठान लिया कि नई सदी में संसार के सामने एक नया सितारा उदित होगा जिसकी शस्य श्यामला धरती होगी। अटल जी अद्भुत शिल्पी थे। वो अस्थिरता को स्थिरता में बदल देते थे। वो आदि शंकराचार्य की परंपरा के आधुनिक संत थे। जिस प्रकार जगदगुरु जानते थे कि एक राष्ट्र को बांधने के लिए चारों दिशाओं में शक्ति के केंद्र होने चाहिए, उसी प्रकार अटल जी भी मानते थे कि अर्थव्यवस्था के चारों स्तंभों को एक सूत्र में बांधने से एक नए अर्थतंत्र की स्थापना हो जाएगी जिससे सदियों-सदियों तक देश को प्राणशक्ति मिलती रहेगी। वो दिल्ली से हिंदुस्तान नहीं देखते थे बल्कि सुदूर सीमाओं से राजधानी तक पहुंचने में विश्वास करते थे। इसीलिए उन्होंने देश के सबसे लंबे हाईवे प्रोजेक्ट 'स्वर्णिम चतुर्भुज' की शुरुआत की।**

## विचार

# भागीरथ, भोज, छत्रसाल की अटल विरासत के संवाहक मोदी

**विष्णुदत्त शर्मा**



मध्य प्रदेश की पुण्यभूमि, जो अपनी सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक गौरव के लिए प्रसिद्ध है, अब एक और ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने जा रही है। 25 दिसंबर 2024 को मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से होगा। यह क्षण न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे भारत के लिए विकास, जल संरक्षण एवं जल समृद्धि की दिशा में एक नया अध्याय लिखने वाला होगा, साथ ही यह भारत की जल क्रांति की नई गाथा लिखने का भी प्रतीक बनेगा।

शुभ योग यह है कि परियोजना का भूमिपूजन आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी की 100वीं जयंती के दिन हो रहा है, जिन्होंने भारत के विकास के लिए अनेक सपने देखे थे, उनमें नदियों को जोड़ना विशेष रूप से शामिल था। उन्होंने इस दिशा में प्रारंभिक कदम भी उठाए थे। प्रधानमंत्री मोदीजी अब स्वप्न दृष्टा वाजपेयीजी के सपने साकार करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। यह परियोजना प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता, मध्य प्रदेश के प्रति उनके विशेष स्नेह और अटलजी के विचारों के प्रति समर्पण का एक और प्रमाण है, जो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी।

प्राचीन भारतीय पौराणिक कथाओं में गंगा की धरा पर उपस्थिति का श्रेय राजा भागीरथ को दिया जाता है। राजा भागीरथ के तप और साधना से गंगा धरती पर अवतरित हुईं, जिसकी उपस्थिति से भारत का भू-भाग समृद्ध हुआ, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी भी आधुनिक भागीरथ हैं। मोदीजी ने भी जल संकट से जूझते भारत के लिए एक नई जल क्रांति की शुरुआत की है। जल संसाधनों को भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनाया है। उनके नेतृत्व में जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य और विकास का आधार बन गया है। गुजरात में जब वे मुख्यमंत्री थे, तब उनकी जल नीतियों ने सूखे और जल संकट से जूझते गुजरात को जलसमृद्धि का अनूठा उदाहरण बनाया। गुजरात, जो कभी सूखे और जल संकट का प्रतीक था, आज नर्मदा नदी के जल से आच्छादित है। उनकी दूरदृष्टि और अदम्य साहस ने नर्मदा नदी के जल को सही दिशा में मोड़ते हुए गुजरात की प्यास बुझाई, कृषि क्षेत्र को समृद्ध किया और नर्मदा के जल से साबरमती नदी को भी नया जीवन दिया। यह उनकी नीतियों और इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि गुजरात में जल के अभाव का स्थान जल के सदुपयोग और समृद्धि ने ले लिया। गुजरात में उनका काम जल संकट से जूझ रहे राज्यों के लिए आदर्श बन चुका है।

प्रधानमंत्री मोदीजी ने जल संरक्षण को केवल एक सरकारी नीति तक ही सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया। उनके अनुसार, जल का प्रबंधन एक पुण्य कर्म है, जिसमें वर्तमान की जरूरतें और भविष्य की पीढ़ियों का उत्तरदायित्व दोनों निहित हैं। उनका यह कथन इस सोच को सार्थक रूप देता है कि जल का सवाल केवल संसाधनों का नहीं, बल्कि मानवता के अस्तित्व का है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदीजी को आधुनिक राजा भोज कहना न्याय संगत है। राजा भोज ने जल संरक्षण के लिए ऐसी संरचनाएं बनाईं, जो सदियों बाद भी जल प्रबंधन की उत्कृष्ट मिसाल बनी हुई हैं। भोपाल का ऐतिहासिक बड़ा तालाब राजा भोज की जल संरक्षण क्षमता का अद्भुत उदाहरण है, जो सदियों बीत जाने के बाद भी लाखों लोगों की प्यास बुझा रहा है। दो नदियों के संगम से बनाए गए इस तालाब ने यह सिद्ध कर दिया है कि जल संरक्षण केवल उस समय की आवश्यकता ही नहीं, बल्कि उसे पीढ़ियों के लिए उपहार के रूप में संरक्षित किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण भी ऐसा ही है। वे जल संरचनाओं के जनक राजाभोज की परंपरा को आधुनिकता के साथ मानवता के अस्तित्व के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। उनका मानना है कि जल का संरक्षण केवल वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा है-÷जल संचय केवल एक प्रयास नहीं, यह एक पुण्य है। इसमें उदारता और उत्तरदायित्व दोनों निहित हैं। आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आकलन करेंगी, तो यह केवल हमारी आर्थिक उपलब्धियों या भौतिक विकास पर आधारित नहीं होगा। उनका पहला प्रश्न यही होगा कि हमने जल के प्रति क्या दृष्टिकोण अपनाया। जल का संरक्षण, प्रबंधन और इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता ही भविष्य में हमारी पहचान बनेगी। यह विचार न केवल जल संरक्षण के महत्व को दर्शाता है इसीलिये उनकी जलनीतियां दीर्घकालिक हैं, जो न केवल वर्तमान समस्याओं का समाधान करती हैं, बल्कि भविष्य के लिए भी टिकाऊ मार्ग प्रस्तुत करती हैं। मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुए जल शक्ति अभियान और हर घर जल और कैच द रैन जैसे अभियानों ने करोड़ों भारतीयों के जीवन को परिवर्तित कर दिया है।

**प्रधानमंत्री मोदीजी ने जल संरक्षण को केवल एक सरकारी नीति तक ही सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया। उनके अनुसार, जल का प्रबंधन एक पुण्य कर्म है, जिसमें वर्तमान की जरूरतें और भविष्य की पीढ़ियों का उत्तरदायित्व दोनों निहित हैं। उनका यह कथन इस सोच को सार्थक रूप देता है कि जल का सवाल केवल संसाधनों का नहीं, बल्कि मानवता के अस्तित्व का है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदीजी को आधुनिक राजा भोज कहना न्याय संगत है। राजा भोज ने जल संरक्षण के लिए ऐसी संरचनाएं बनाईं, जो सदियों बाद भी जल प्रबंधन की उत्कृष्ट मिसाल बनी हुई हैं। भोपाल का ऐतिहासिक बड़ा तालाब राजा भोज की जल संरक्षण क्षमता का अद्भुत उदाहरण है, जो सदियों बीत जाने के बाद भी लाखों लोगों की प्यास बुझा रहा है।**

# सुधार की गुंजाइश या संविधान के नाम पर सिर्फ हंगामा

**संजीव ठाकुर**

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन, सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के समय सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है।

निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफराजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं।

तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलआने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है।

लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे।



## राशिफल

**मेष:–** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभ:–** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुन:–** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। ज

**कर्क:–** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंह:–** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्या:–** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचे।

**तुला:–** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक:–** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनु:–** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकर:–** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:–** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीन:–** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक संविधान के लिए नुकसानदेह

**पी. सुधीर**

भारत के संविधान के लागू होने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर लोकसभा में हुई बहस में संविधान की रक्षा के बारे में भाजपा नेताओं द्वारा वाक्पटुता दिखाने के दो दिन बाद, मोदी सरकार ने एक संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है, जो संविधान और उसके भीतर संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है।

दो विधेयक पेश किये गये - संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक - जो लोकसभा और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सभी विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव सुनिश्चित करने का प्रावधान करते हैं। संविधान संशोधन विधेयक तीन खंडों में संशोधन करता है और संविधान में एक नया खंड शामिल करता है। इन संशोधनों केतहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए पांच साल के कार्यकाल के मूल सिद्धांत को खत्म कर दिया गया है। सबसे पहले, लोकसभा चुनाव और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ लाने के लिए, भारत के राष्ट्रपति द्वारा घोषित नियत तिथि के बाद लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल की समाप्ति पर, सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति पर समाप्त हो जायेगा। इसका मतलब यह है कि एक साथ चुनाव का रास्ता बनाने के लिए कुछ विधानसभाओं के पांच साल के कार्यकाल में कटौती की जायेगी। यह राज्य विधानसभा के पूरे पांच साल के कार्यकाल के अधिकार पर पहला हमला है। इसके अलावा, भविष्य में लोकसभा या राज्य विधानसभाओं के लिए पांच साल के कार्यकाल की गारंटी नहीं है। संशोधनों में से एक में कहा गया है कि यदि लोकसभा अपने पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग हो जाती है, तो अगली लोकसभा के लिए केवल शेष अवधि के लिए चुनाव होंगे। इसका मतलब यह है कि यदि लोकसभा अपने कार्यकाल के तीन साल बाद भंग हो जाती है, तो अगला चुनाव केवल दो साल तक काम करने वाली लोकसभा के लिए होगा। राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल के संबंध में एक समान संशोधन प्रस्तावित है। यदि किसी राज्य की विधानसभा को बीच में ही भंग कर दिया जाता है, तो चुनाव केवल शेष अवधि के लिए होंगे। उदाहरण के लिए, यदि किसी राज्य की विधानसभा को तीन साल बाद भंग कर दिया जाता है, तो चुनाव केवल शेष अवधि के लिए होंगे, जो केवल दो साल होगी।

इसलिए, मध्यावधि चुनाव में चुने गए संसद सदस्य या विधायक का कार्यकाल पांच साल का नहीं होगा। यह संविधान में निर्धारित संसदीय लोकतंत्र की मूल योजना के विरुद्ध है। राज्य विधानसभा के कार्यकाल में इस तरह की कटौती से संघवाद और निर्वाचित राज्य विधायकों के अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। संघीय ढांचा, जो राज्यों के संघ में अभिव्यक्त होता है, और अधिक कमजोर हो जायेगा क्योंकि विधानसभा के लिए पांच साल के कार्यकाल का मूल अधिकार नष्ट हो जायेगा। यह केंद्र सरकार और केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा हेरफेर का रास्ता भी खोलता है। उदाहरण के लिए, यदि राज्य सरकार के पतन के कारण राज्य विधानसभा अपने कार्यकाल के चार साल बाद भंग हो जाती है, तो विधानसभा के शेष एक साल के कार्यकाल के लिए मध्यावधि चुनाव का कोई मतलब नहीं है। ऐसी स्थिति में या तो सरकार के पतन को रोकने के लिए खरीद-फरोख्त का रास्ता खुलेगा या फिर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का निमंत्रण होगा। संघवाद का अर्थ है विविधता और अलग-अलग भाषाई-सामाजिक-सांस्कृतिक स्थितियों और राजनीतिक बहुलता को मान्यता देना।

लोकसभा के साथ सभी राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ सीमित करना उन्हें एक केंद्रीकृत प्रणाली में एक समरूप राजनीतिक इकाई में बदलने का प्रयास है। एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली के समर्थकों द्वारा आगे बढ़ाये गये प्रमुख तर्कों में से एक यह है कि यह अलग-अलग समय पर होने वाले चुनावों की बहुलता के कारण होने वाले फिजूलखर्ची को कम करेगा। हालांकि, संसद और विधानसभा चुनावों के बीच तालमेल बनाये रखने के लिए प्रस्तावित बदलावों से कम समय में अनावश्यक चुनावों का रास्ता खुल जाता है। प्रस्तावित संविधान संशोधनों के अनुसार, पांच साल के कार्यकाल वाली राज्य विधानसभा के लिए चुनाव हो सकते हैं फिर अगर राज्य सरकार गिरती है, तोशेष कार्यकाल के लिए मध्यावधि चुनाव होंगेय जिसके बाद पांच साल के कार्यकाल के अंत में एक और चुनाव होगा। इसका मतलब है कि पांच साल के अंतराल में तीन चुनाव होंगे। अगर ऐसी स्थिति लोकसभा स्तर पर होती है, तो पांच साल के अंतराल में तीन राष्ट्रीय चुनाव होंगे। ऐसी बेतुकी स्थिति चुनावों पर होने वाले खर्च को कई गुना बढ़ा देगी। विधेयक में एक ऐसा खंड भी पेश किया गया है, जो चुनाव आयोग को किसी भी राज्य में चुनाव में देरी करने का फैसला करने का अधिकार देता है, अगर उसे लगता है कि स्थिति इसकी मांग करती है। चुनाव आयोग की सिफारिश पर राष्ट्रपति कार्रवाई करेंगे। यह एक खतरनाक प्रावधान है जिसका इस्तेमाल संघीय ढांचे में किसी राज्य के मूल अधिकार को खत्म करने के लिए किया जा सकता है। भाजपा शासकों की अति-राष्ट्रवादी हिंदुत्व विचारधारा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली को प्रेरित किया है। यह एक ऐसी विचारधारा है जो एक सत्तावादी-केंद्रीकृत राज्य की लालसा रखती है।

**संशोधनों में से एक में कहा गया है कि यदि लोकसभा अपने पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग हो जाती है, तो अगली लोकसभा के लिए केवल शेष अवधि के लिए चुनाव होंगे। इसका मतलब यह है कि यदि लोकसभा अपने कार्यकाल के तीन साल बाद भंग हो जाती है, तो अगला चुनाव केवल दो साल तक काम करने वाली लोकसभा के लिए होगा। राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल के संबंध में एक समान संशोधन प्रस्तावित है। यदि किसी राज्य की विधानसभा को बीच में ही भंग कर दिया जाता है, तो चुनाव केवल शेष अवधि के लिए होंगे। उदाहरण के लिए, यदि किसी राज्य की विधानसभा को तीन साल बाद भंग कर दिया जाता है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में सी.एम. डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली, इसी प्रकार ए श्रेणी, बी श्रेणी और सी व डी श्रेणी में शामिल परियोजनाओं की स्थिति देखी। जिलाधिकारी ने उक्त प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई श्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छुट्ने ना पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बी,सी, डी और ई ग्रेड बाली परियोजनाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और समय अंतर्गत निस्तारण करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक एस. के. एस. यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क पार कर रहे किसान को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

मौदहा हमीरपुर। सिसोलर थाना क्षेत्र के भभई गांव में सोमवार देर शाम एक वृद्ध किसान सड़क पार करते समय ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी, पुलिस ने बताया कि भभई गांव निवासी राम प्रकाश निगम(62) पुत्र जगन्नाथ देर शाम गाँव के निकट सड़क पार कर रहा था तभी तेज गति से निकलते हुए ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मारते हुए निकल गया।उसे तत्काल अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने देखते मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर पुराना है जिसके नंबर मिट चुके हैं और चालक मौके से भाग निकला है। ट्रैक्टर में 46 बोरी यूरिया खाद लगी हुई थी पता लगाया जा रहा है कि किसका और कहां का है।

# समिति में यूरिया उपलब्ध न होने से किसान प्रायवेट दुकानों से महंगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर

कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।



साधन सहकारी समिति कुसमरा में यूरिया खाद उपलब्ध होने की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में किसानो की भीड़ सुबह से केंद्र में एकत्र हो गई।पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। वही प्राइवेट दुकानों में यूरिया के दाम बढ़ गए हैं। मजबूरी में किसान महंगी दर पर खाद लेने को मजबूर हो रहे है। साधन सहकारी समिति कुसमरा में एक ट्रक यूरिया खाद आने की जानकारी मिलते ही किसानों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। सुबह से ही किसान लाइन में लगे रहे। तथा प्रभारी द्वारा दस बजे के बाद खाद का वितरण शुरू किया गया। इस समय गेंहू लाही सरसो की फसल में खाद डालने के लिए किसान को यूरिया खाद की जरूरत है। यूरिया खाद की उपलब्धता कम होने के कारण किसानो को खाद नही मिल पा रही है। वहीं निजी दुकानदार यूरिया खाद की एक बोरी चार सौ रुपए की बिक्री कर रहे है। जब कि यूरिया का सरकारी रेट 275 रूपया प्रति बोरी है। किसान दौलत कुमार, सुघर सिंह, कमल सिंह, विकास आदि ने बताया कि सरकारी समितियों में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होने के चलते निजी खाद विक्रेता किसानो को महगे दर खाद की बिक्री कर रहे है। दिन भर केंद्र में खाद का वितरण किया गया। केंद्र प्रभारी सत्यवीर ने बताया कि एक ट्रक यूरिया खाद आई थी जिसका वितरण किया गया हैं। महिला किसान भी खाद के लिए, लाइन में लगी रही। ठंड में भी किसान खाद के लिए लाइन में खड़े रहे।

# खबरें एक नजर में

## श्री हरि कृष्णा रासलीला सेवा समिति के द्वारा सातवां भूमि पूजन का आयोजन



घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। श्री हरि कृष्णा रासलीला सेवा समिति के द्वारा सातवां भूमि पूजन बर्रा 8 में किया गया। पूजन प्रबंधक मनोज तिवारी एवं मुख्य व्यस्थापक दिनेश पाण्डेय अध्यक्ष दीपू द्रिवेदी ने किया। मुख्य व्यस्थापक दिनेश पाण्डेय ने बताया कि ऐसे आयोजन सनातन धर्म की पहचान है तथा प्रत्येक क्षेत्र के सनातनी लोगों को इस तरह के आयोजन नित्य प्रति कराना चाहिए। भूमि पूजन के उपरांत कन्या पूजन एवं संगीतमयी सुन्दर काण्ड का प्रारंभ हुआ। मुख्य रूप से संजीव मिश्रा बृजेश त्रिपाठी रणविजय सिंह सन्तोष शुक्ला अक्षय मिश्रा शिवचंद्र पाल रमाकांत तिवारी पंकज ओमर दिनेश मिश्रा द्वारिका कुशवाहा मोनू शर्मा जय कुमार परमार सुरेश शुक्ला मान सिंह चक राकेश बाजपेई महेश पांडेय रुचि कोमल मानसी सोनिया जया सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नाबालिग को बनाया हवस का शिकार, रिपोर्ट दर्ज

मौदहा (हमीरपुर)। ननिहाल आई नाबालिक किशोरी के साथ गांव के ही एक दरिंदे ने अपनी हवस का शिकार बना डाला,पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक के साथ गांव के एक दरिंदे ने घर में परिजनों के न होने पर किशोरी को जबरन हवस का शिकार बना डाला पीड़िता ने जब अपनी व्यथा परिजनों से बताई पीड़िता कि मां कोतवाली पहुंच आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## बांदा के सहायक अभियंता ने नये अस्पताल के निर्माण के लिये जेसीबी से किया चिंहाकन

हमीरपुर। कुरारा ब्लाक के रिठौराडाडा में आज दो सौ शैय्या वाले अस्पताल के निर्माण के लिये लोनिवि बांदा( विल्डिंग डिवीजन) के सहायक अभियंता ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और जेसीबी से भूमि का चिंहाकन किया है, हालांकि इस मामले अभी राजस्व बिभाग की क्लीन चिट मिलना बाकी है। जानकारी के मुताबिक मेडिकल कालेज के बदले फिलहाल दो सौ शैय्या बाले अस्पताल के लिये धीरे-धीरे कार्यवाही होना शुरु हो रही है। मंगलवार को बांदा लोनिवि के सहायक अभियंता मोहम्मद शाहरुख व डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय कुमार व सेहत विभाग के अन्य लोग अभिलेख लेकर मौके पर पहुचे और जेसीबी चलाकर स्थल का चिंहाकन किया है। हालाकि कुछ किसानों ने इस मामले में एतराज किया है कि उनकी जमीन का मुआवजा दिया जाये। सहायक अभियंता ने बताया कि करीब दौ सौ करोड़ का बजट फिलहाल खर्च होने का आकलन लगाया गया है मगर इसके लिये फिर से डीपीआर बनायी जायेगी। एई ने जेसीबी मशीन से कई चिंहाकन किये है, राजस्व विभाग को शीघ्र रिपोर्ट देने को कहा है ताकि कार्यदायी संस्था इस मामले में निर्माण कार्य शुरु करा सके। इधर ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल बनने से लोगो को काफी राहत मिलेगी।

## कोर्ट के आदेश पर अवर अभियंता व लाइनमैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़। अदालत के आदेश पर 10 माह बाद विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता एवं लाइनमैन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के साथ दलित उत्पीडन एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। अवर अभियंता का पावर हाउस से तबादला हो चुका है। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी कुसमा पत्नी रमेश श्रीवास ने अदालत को अवगत कराया था कि उसका पुत्र प्रमोद कुमार बिजली का कार्य जानता था। जिससे पावर हाउस के अभियंता एवं लाइनमैन कार्य लेकर पैसे देते थे। गत 15 जनवरी को पावर हाउस के अवर अभियंता अनिल कुमार लाइनमैन अशोक प्रजापति के साथ शाम 6 बजे घर आए और प्रमोद से काबर हार में खराब हुई लाइन को ठीक करने को कहा। जब उसने कहा कि पुराना पैसा बकाया है तब दोनों ने कहा कि आज कार्य कर दो पैसा आज ही दे दिया जाएगा। दोनों प्रमोद को साथ लेकर काबर हार पहुंचे और लाइन बंद होने की बात कहकर उसके पुत्र को खंभे में चढ़ा दिया। करेंट लगने से वह खंभे से नीचे आ गिरा। पुत्र के खंभे से गिरते ही दोनों मौके से भाग निकले। कुछ देर बाद गांव का संजय मौके पर पहुंचा और घायल पड़े प्रमोद को देखकर उसके छोटे बेटे को अवगत कराया। उसके छोटे बेटे और संजय ने प्रमोद को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उसे हमीरपुर रिफर किया गया। वहां से उसे कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसके बाद गत 17 फरवरी को वह लाइनमैन अशोक प्रजापति के घर पहुंच वहीं पर अवर अभियंता भी मौजूद थे। शिकायत करने की बात करने पर दोनों ने गाली गलौज करके भगा दिया। पीडिता की शिकायत पर अदालत के आदेश पर दोनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के साथ दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अनुज अवि पांडेय ने वाद्य वादन कार्यशाला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर नाम किया रोशन




महोबा, समृद्धि न्यूज़। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय महोबा के छात्र अनुज अवि पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर बढ़ाया महोबा का नाम का रोशन किया। भारत सरकार के कार्यक्रम कला में शिक्षा के तहत नवोदय विद्यालय समिति दिल्ली के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय महोबा में एक महीने की वाद्य वादन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक जीतेंद्र चौरसिया सहायक प्रशिक्षक शरद अनुरागी, अमित विश्वकर्मा थे। कार्यशाला के पश्चात प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता बहराइच में आयोजित की गई। जिसमें अनुज अवि पांडेय ने वाद्य वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात सम्भाग स्तर (उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड)की प्रतियोगिता अक्टूबर 2024 सीतापुर में आयोजित की गई। जिसमें अनुज अवि पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन हैदराबाद तैलंगाना में 19 से 20 दिसंबर तक आयोजित हुई। जिसमें अनुज अवि पांडेय ने वाद्य वादन तबला में सम्पूर्ण भारत मे प्रथम स्थान पाकर जवाहर नवोदय विद्यालय महोबा-लखनऊ संभाग एवं महोबा जनपद के गौरव बढ़ाया। हैदराबाद से वापस आने पर जवाहर नवोदय विद्यालय महोबा के प्रभारी प्राचार्या के.डी.लहरी सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ ने अनुज अवि पांडेय का फूल माला पहना कर स्वागत किया। अनुज अवि पांडेय विद्यालय के संगीत शिक्षक वी.डी. पांडेय के पुत्र है। अनुज अवि पांडेय ने अपनी सफलता को श्रधेय दिवंगत उस्ताद जाकिर हुसैन को समर्पित किया। अनुज अवि पांडेय का अगला कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## चिकित्सा शिविर में एक सौ आठ लोगों ने कराया इलाज

हमीरपुर। विकास भवन कुछेछा में आयुष आपके द्वार के अन्तर्गत आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर एक सौ आठ मरीजों को देखा गया सीडीओ ने अपनी बीमारी का इलाज कराया। इस मौके पर डॉ. निरेन्द्र बहादुर सिंह क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ. विकास जायसवाल चिकित्साधिकारी एवं डॉ. वैशाली सचान चिकित्साधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवल्लित कर भगवान धन्वंतरित की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर रामऔतार फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार मिश्र दिलीप सेन नीरज सागर सुमित सिंह आदि आयुर्वेद विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लोगों को बताया गया किए नियमित रुप से प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार को अनवरत चिकित्सा शिविर आयोजित होता रहेगा। विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं अन्य आगन्तुकों द्वारा अपनी चिकित्सा करायी गयी।

# जांच पूरी नहीं, मगर वार्डन को पद से हटाकर दूसरे को चार्ज सौंपा, डीसी को एक माह के अवकाश पर भेजा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

- जांच अधिकारी ने महिला सदस्या सहित तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठन करने की मांग की

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जरिया में वार्डन व डीसी के विवाद में फिलहाल जांच पूरी नही हुई है मगर वार्डन से उनका वार्डन पद से हटाकर दूसरी महिला शिक्षिका को दे दिया गया है। वहीं डीसी को एक माह तक अवकाश में भेज दिया गया है ताकि मामले को जल्दी सुलटाया जा सके।

जानकारी के मुताबिक सरीला क्षेत्र में केजीबीवी में एक माह पहले जिला समन्यवक वालिका शिक्षा अमंत सिंह व वार्डन कुमकुम गोयल के मध्य चल रहे विवाद के बाद वार्डन ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था उधर डीसी का आरोप था कि वार्डन के पति आवासीय विद्यालय में निवास करते है जबकि वहा पर किसी पुरुष को रहने की अनुमति नहीं है। वही वार्डेन का कहना था कि वह बीमार थी इसलिये उनके पति दवा देने विद्यालय आये थे, इसी विवाद को लेकर इतना तूल पकडा कि मामले की जानकारी शासन तक को दी गयी थी। राठ विधायक श्रीमती मनीषा अनुरागी ने भी वार्डेन के पक्ष में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर वार्डेन को न्याय दिलाने को कहा था, बाद में बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी राठ शैलेश त्रिपाठी को दिये थे उधर जांच अधिकारी ने बीएसए से मांग की है कि कम से कम तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाये जिसमे एक महिला सदस्य को शामिल किया जाये ताकि वार्डेन से वह पूछताछ कर सके। जांच अभी चल रही है मगर वार्डन से विद्यालय का चार्ज हटाकर वही शिक्षिका दीपिका को सौंप दिया गया है तथा डीसी को एक माह के लिये अवकाश मे भेज दिया गया है। हालाकि वार्डन का कहना है कि उसके साथ न्याय नही किया गया है। अभी भी उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है, हालांकि इस मामले में बालिकाओं के शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जांच अधिकारी श्री त्रिपाठी का कहना है कि जांच की जा रही है, उच्चाधिकारी इस मामले में फैसला लेगे।

# बसपा नेताओं ने अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बसपा की जिला इकाई ने आज लक्ष्मीबाई तिराहे से लेकर कलक्ट्रेट परिसर तक पदयात्रा कर अमितशाह के विरोध में जमकर नारेबाजी की। बसपा नेताओं ने कहा भारत के गृहमंत्री ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है इसलिये उनको माफी मांगनी चाहिये। बसपा के बैंनर तले आज सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मीबाई तिराहे में एकत्र होकर कलक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुये आये और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। पदयात्रा की अगुवाई दल के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली ने किया। बसपा नेताओ ने कहा अमितशाह ने बाबा साहेव का अपमान किया है हर हाल में माफी मांगनी चाहिये। इस मौके पर जगदीश प्रजापति, जगजीवन अहिरवार, रामफूल निषाद, रजा मोहम्मद, भानुबर्मा, नफीस अहमद, जयकरन सिंह, सीताराम वर्मा, राजू श्रीवास, मातादीन वर्मा, सरविजय गौतम, राघवेंद्र अहिरवार, राजबहादुर वर्मा, सोनू सौदागर, पुष्पेंद्र श्रीवास, मुन्नालाल बौद्ध, सचिन वर्मा समेत कई लोग शामिल रहे। पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त थी।

# बिना खाद दिये केंद्र सचिव ने कर दी पासबुक में इंट्री, और बाद में खाद देने की कही बात

मौदहा (हमीरपुर)। खाद की कालाबाजारी करने से केंद्र प्रभारी कतई गुरेज नहीं कर रहे हैं कई किसानों के पास बुक में खाद देने को इंट्री कर दिया है जबकि किसानों को खाद नही मिली है। मामला विकासखंड क्षेत्र के रीवन गांव का है जहां संचालित खाद वितरण केंद्र में राकेश यादव केंद्र के सचिव हैं जो किसानो को खाद वितरित करते हैं। ग्राम भवानी के बड़े खाताधारक दृगविचय सिंह तथा नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को रीवन गांव के खाद वितरण केंद्र में खाद वितरित होनी थी जिसमें उन लोगों ने भी अपनी पासबुक तथा चेकबुक केंद्र सचिव के पास जमा की थी और अपनी बारी आने का इंतजार करने लगे। खाद पाने के लिए पुरूषों तथा महिलाओं की अलग-अलग लाइनें लगी थी जिसमें केंद्र सचिव ने कुछ समय तो नियमानुसार खाद वितरित की लेकिन कुछ समय बाद महिलाओं की लाइन को रोककर बिचौलियों को नगद खाद वितरित करना शुरू कर दी और वहां मौजूद खाताधारकों से उनकी पासबुक जमा होने की बात कही। उन्होंने केंद्र सचिव पर यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सचिव ने बिना उन्हें खाद दिये उनकी पासबुक में खाद देने की इंट्री भी कर दी। वहीं केंद्र सचिव राकेश यादव ने दूरभाष पर बताया कि जब तक उनकी पासबुक में इंट्री नहीं की जाएगी तब तक गोदाम से उनको खाद नहीं मिल पाएगी वहीं बिना खाद दिये पासबुक में इंट्री करने की बात पर शासन की छवि धूमिल करने के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप से शासन की मंशानुरूप ही खाद वितरित की जा रही है।

# लेफ्टिनेंट कर्नल परमार में एनसीसी के महत्व को लेकर कैडेट्सों को दिये टिप्स

घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।





मंगलवार को शक्ति डिग्री कॉलेज सांखाहरी घाटमपुर कानपुर नगर में आए यूपी 59 बटालियन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश परमार ने कैडेट्स को एनसीसी का महत्व और गरिमा बताते हुए कहा कि एनसीसी की वर्दी मिलना एक गौरव का विषय है। एनसीसी कैडेट्स के लिए उसका देश प्रेम, अनुशासन और सेवा भाव सर्वोपरि है। एनसीसी कैडेट्स को अनुशासित रहते हुए समाज की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए समाज मे उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश परमार ने बताया कि एनसीसी छात्र और छात्राओं को उनके करियर को बनाने में भी काफी सहायक होती है । सेना पुलिस सहित कई सरकारी नौकरियां में तो एनसीसी योग्यता धारी को वरीयता मिलती ही है साथ ही कारपोरेट जगत के कई बड़ी कंपनियों में भी एनसीसी योग्यता धारी को वरीयता दी जाती है। व्यवस्थित ढंग से की गई कड़ी मेहनत ही सफलता तक ले जाती है। लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश परमार ने अग्नि वीर योजना की अच्छाइयों के बारे में बताते हुए कैडेट्स कोसाइबर सिक्योरिटी के बारे में जानने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। महाविद्यालय में स्थित अन्वेषिका प्रयोगशाला के भ्रमण के दौरान उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को समाज के लिए उपयोगी इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित किया। लेफ्टिनेंट कर्नल परमार ने छात्राओं को एनसीसी में अधिक संख्या में आने के लिए भी प्रोत्साहित किया। साथ में आई गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर अंकिता ने छात्राओं को करियर बनाने के टिप्स दिए। इस अवसर पर कॉलेज एनसीसी इकाई के प्रभारी लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी ने एनसीसी कैडेट्स द्वारा कोरोना काल में घाटमपुर में किए गए सेवा कार्यो सहित कॉलेज एनसीसी इकाई द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियां के बारे में भी बताया ।कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने महाविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिसेस से एनसीसी अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर प्रणय कुमार, श्याम जी शुक्ला, दीप्ति सचान के अलावा एनसीसी कैडेट्स स्वाती, प्रियंका, अनामिका, याशिनी, फिरोजान, स्नेहा ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# सफाईकर्मियों के आहरित वेतन एरियर नियम विरुद्ध करने पर साक्ष्य छुपाने में लगा पंचायती राज विभाग

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

- आरटीआई द्वारा मांगी गई सूचना को काल्पनिक व व्यक्तिगत बताकर किया खारिज
- मार्च 2024 में किए गए अवरुद्ध वेतन भुगतान से संबंधित सूचना मांगने पर दिया भ्रामक जवाब

जनपद महोबा के चारों विकास खण्ड जैतपुर, कबरई, पनवाड़ी, चरखारी में तैनात सफाई कर्मियों के मार्च 2024 में अवरुद्ध वेतन एरियर के रूप में निकालने के संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता जसपाल राजपूत के द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी से इस भुगतान से संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणित छाया प्रतियां मांगी गई इसके साथ ही जनपद के चारों विकास खण्डों के एडीओ पंचायत कार्यालय से भी सूचना मांगी गई।

जसपाल राजपूत के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) व धारा 6(3) के अंतर्गत आवेदन किया गया जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी से तीन बिंदुओं पर सूचना मांगी इस आवेदन में तीनों बिंदुओं पर केवल वेतन भुगतान से संबंधित प्रमाणित छाया प्रतियां ही मांगी गई। इसमें मुख्य रूप से वेतन निर्गत करने के आदेश की प्रति व पैरोल की प्रमाणित छाया प्रति मांगी गई इसके साथ ही विकास खण्डों में तैनात एडीओ पंचायत के यहां भी पैरोल की प्रमाणित छाया प्रति सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई थी। यह आवेदन 6 जून 2024 को किया गया विकासखंड पनवाड़ी व चरखारी के एडीओ पंचायत द्वारा सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से लेने हेतु कहा गया। लेकिन विकासखंड कबरई में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा जवाब में पत्र जारी किया गया पत्रांक संख्या 48 दिनाँक 13 -6-2024 को जारी पत्र में स्पष्ट तौर पर कहा गया की विकासखंड कबरई में 152 सफाई कर्मियों की तैनाती है। इसमें किसी भी कर्मचारी का मार्च 2024 का वेतन एरियल के रूप में निकालने की संस्कृति मेरे द्वारा नहीं की गई न ही इसकी सूचना प्राप्त है।

एडीओ पंचायत के जवाब से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस प्रकार से सफाई कर्मियों के एरियल भुगतान पर भ्रष्टाचार किया गया है।

लेकिन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से पत्रांक संख्या 657 दिनांक 05-07-2024 को एक पत्र जारी किया गया जिसमें जसपाल राजपूत द्वारा मांगी गई सूचना के तीनों बिंदुओं को सिरे से खारिज करते हुए सूचना के अधिकार नियमावली 2015 का हवाला देते हुए नियम 4 के उप नियम एक के खंड तीन एवं उप नियम 8 के अंतर्गत सूचना को देय नहीं बताया गया। इस प्रकार से सूचना न देना तथ्यों को छिपाना स्पष्ट तौर पर कहीं न कहीं वित्तीय अनियमितता व भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहे हैं। इस संबंध में जब आरटीआई कार्यकर्ता जसपाल राजपूत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इससे संबंधित अपील उपनिदेशक पंचायत चित्रकूट धाम मंडल के यहां की गई है इसमें मेरे द्वारा स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि मेरे द्वारा जो सूचना मांगी गई वह नियमानुसार सही है इसमें कहीं भी नियम 4 के उप नियम एक के खंड 3 के अंतर्गत कोई भी बिंदु नहीं आ रहे हैं। नियमावली 2015 में नियम 4 के उप नियम एक के खंड 3 में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया है कि जो काल्पनिक प्रश्न हो उसकी सूचना देय नहीं है जबकि मेरे द्वारा कोई भी काल्पनिक प्रश्न नहीं किया गया है इसके साथ ही उप नियम 8 के अंतर्गत भी नियमावली 2015 में प्रावधान किया गया है कि व्यक्तिगत सूचना देय नहीं है जबकि इसमें कहीं भी व्यक्तिगत सूचना नहीं है इस प्रकार से देखा जाए तो जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सूचना प्रदान न करने के संबंध में भ्रामक पत्राचार कर इस मामले को दबाया जा रहा है। इस मामले की निष्पक्ष जांच होना चाहिए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।

## गौवंश को ठंड से बचाव के लिए की गई अलाव की व्यवस्था



चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़। डीडीओ/बीडीओ पंकज कुमार यादव, एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी, एडीओ आईएसबी चेतराम वर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी सिंह राजपूत ने चरखारी ब्लाक क्षेत्र के गौशालाओं का औचक निरीक्षण करके गौवंश को ठंड से बचाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए ग्राम पंचायत बम्हौरी बेलदारन में गोवंश को ठंड से बचाव हेतु टीन सेड में पालीथीन, साफ-सफाई अलाव भूसा चारे-चोकर गुड़ अजवायन की व्यवस्था प्रधान बर्षा रानी प्रतिनिधि रामसिंह सिंह पाल ने कराई। बम्हौरी बेलदारन गोशाला का पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी सिंह राजपूत व सचिव रमेश गुप्ता ने निरिक्षण करते हुए व्यवस्था को परखा। वहीं लुहारी, गोरखा, नौसारा, जतौरा बम्हौरी कलां, अकठौहा अस्थौन, गौरहारी आदि गौशालाओं में गोवंश को ठंड से राहत के लिए गोशाला में टीन सेड, पालीथीन,व खाने के लिए भूसा हरे चारे, पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त कराई। इस मौके पर प्रधान भान सिंह, बालकिशन,खलक सिंह, काशी प्रसाद सचिव रमेश गुप्ता, सुहेल नसीम दुर्रानी,सादाब रजा आदि ने गोशालाओं में जाकर निरीक्षण किया।

## हाउस टैक्स जमा न करने पर संविदाकर्मी ने फौजी एवं पत्नी को पीटा

सुमेरपुर(हमीरपुर)। हाउस टैक्स जमा न करने पर नगर पंचायत के संविदा कर्मी ने साथियों के साथ मिलकर फौजी और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। फौजी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के चांद थोक निवासी धर्मेंद्र साहू ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह फौज में है और वर्तमान में सिक्किम में तैनात है। गत 15 दिसंबर को अपनी पत्नी रोशनी साहू के साथ घाटमपुर जाने के लिए घर से निकल रहा था। तभी नगर पंचायत का संविदा कर्मी पड़ोसी विपिन सिंह भदौरिया ने कहा कि हाउस टैक्स जमा कर दो। उसने अपने भाई प्रतीक सिंह उर्फ छोटू व पिता अभिनंदन भदौरिया आ गए और मुझे व मेरी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। जिससे दोनों को गंभीर चोटें लगी है।

# अर्ध रात्रि को वाटर सप्लाई, ग्रामीण सर्दी में पानी भरने को मजबूर

पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज़।

- रात की भीषण सर्दी में पानी भर महिलाएं हो रही बीमार



कस्वे मे जल संस्थान की ओर से हजारो कनेक्शन धारियो को अर्धरात्रि मे वाटर सप्लाई की जा रही है एक मात्र पीने के पानी का माध्यम जल संस्थान वना हुआ इसी कारण कनेक्शन धारक रात्रि जागरण कर ऐसी ठिठुरन भरी सर्दी मे भी महिलाएं वच्चे पीने का पानी भरने को मजवूर वने हुए है। जिससे अधिकांश महिलाऐ सर्दी में जकड़ वीमार हो रही है।क ई वार उपभोक्ता शाम अथवा दिन में वाटर सप्लाई की माँग कर चुके है पर संस्थान के कान मे जू तक नहीं रेगी।

बताते चले कि कस्वे मे पीने के पानी का एक मात्र साधन जल संस्थान होने के सबब सबसे अधिक समस्या पीने के पानी की बनी हुयी है। कस्बे में भारी मात्रा मे इण्डिया मार्का के हेण्डपम्प स्थापित है परन्तु उन सब मे खारा पानी निकलता है जो पीने योग्य नही है। गौरतलब वात यह है कि जल संस्थान की भारी भरकम टंकी भी स्थापित है परन्तु विगत तीन वर्षो से टंकी मे पानी का स्टाक नही किया जा रहा सीधे टयूब वैलों से उपभोक्ताओं को वाटर सप्लाई की जा रही है जिसके परिणाम स्वरुप एक ओर पानी की टंकी सफेद हाथी साबित हो रही तो दूसरी ओर टयूब वैल सप्लाई से अधिकांश उपभोक्ताओ की टोटिओ मे पानी प्रेशर न वनने कारण नहीं आता। संस्थान की ओर से प्रत्येक कनेक्शन धारक को तीन दिन मे एक वार वाटर सप्लाई दी जाती है जिससे पीने के पानी को परेशान उपभोक्ता ऐसी ठिठुरन भरी सर्दी में अर्ध रात्रि को पानी भरने को मजवूर बने हुए है सबसे अधिक समस्या महिलाओं और बच्चों को रात्रि में पानी भरने से वीमार हो रहै। समाचार पत्र के माध्यम से उपभोक्ताओ ने जिलाधिकारी ध्यान आकृष्ट कराते हुए माँग की है कि जल संस्थान की वाटर सप्लाई ऐसी भीषण सर्दी मे दिन या सरेशाम करायी जाये।

## जल संस्थान की लाइन में जगह जगह बने लीकेज

पानी की मैन लाइन मे दर्जनो स्थानो पर पाइप फटने से लीकेज बने हुए है जिससे एक ओर लाखो लीटर पानी बह कर बर्बाद हो रहा तो दूसरी ओर लीकेज के कारण कनेक्शन धारको की टोटियो मे बूद पानी नही आ रहा इसकी शिकायत उपभोक्ताओ ने सम्बन्धित जे ई से भी की परन्तु छै माह वीत गये मैन वाजार मे मैन लाइन मे लीकेज वना हुआ लाइन मे सप्लाई चालू होने पर पूरी रात्रि लीकेज से पानी बह वरवाद हो रहा है इसी कारण उपभोक्ताओ की टोटियो मे बूद पानी नही आ रहा जिससे कनेक्शन धारको मे भारी आक्रोश बना हुआ है।

## सूचना

मेरी पत्नी नेहा कुशवाहा पुत्री प्रमोद सिंह कुशवाहा निवासी इन्द्रभवन वार्ड-18 माधवगंज हाट, भिंड, जनपद भिंड, एमपी जो गलत आचरण की महिला है और वह अक्सर मुझे व मेरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है व जबरन मेरे साथ रहने की बात कहती हैं। उसके द्वारा किये गये किसी भी क्रिया कलापों के लिए वह स्वयं व उसके मायके वाले जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**सौरभ सिंह राठौर पुत्र प्रमोद कुमार सिंह राठौर निवासी 5/174 आवास विकास कालोनी सेक्टर-5, थाना कादरीगेट, जनपद फर्रुखाबाद।**

# The Ansy किड्जी के नन्हे मुन्ने बच्चों का हो रहा सर्वांगीण विकास

▸ बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ मूल्यपरक शिक्षा मिलना जरूरी: अनीता मिश्रा





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

The Ansy किड्जी स्कूल के नंन्ही प्रतिभाओं का प्रदर्शन देखकर अभिभावकों के चेहरे खिल गए।

अभिभावक अपने बच्चों को Ansy किड्जी में दाखिल कराने की संतुष्टि का भाव साफ तौर पर उनके चेहरों पर झलक रही थी। The Ansy किड्जी के वार्षिकोत्सव में तरह तरह के बाल गीतों पर नंन्हे बच्चों का अभिनय और गतिविधियां देखकर जहां अभिभावकों ने स्कूल की शिक्षिकाओं की तारीफ करते नजर आए वहीं अपने अपने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाने की भी उत्कंठा दिखाई दी। नन्हे-मुन्नों ने जब मंच संभाला और आत्मविश्वास से भरे हुए भाषण दिए और शानदार नृत्य किया, तो दर्शक दंग रह गए। शाम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्नों द्वारा किया गया मनमोहक फैशन शो था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। माता-पिता और दादा-दादी भी नन्हे-मुन्नों के साथ डांस फ्लोर पर शामिल हुए, जिससे दिल को छू लेने वाला और खुशी से भरा माहौल बन गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉस्मेटोलॉजिस्ट लक्मे अकादमी की निदेशिका अनीता मिश्रा ने कहा बच्चों का सर्वांगीण विकास ही प्राथमिक, पूर्व प्राथमिक शिक्षा का उद्देश्य है, जो इस किड्जी के बच्चों में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ मूल्यपरक शिक्षा जरूरी है, मैं शिक्षिकाओं को बधाई देती हूं कि किड्जी के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दे रही हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने छोटे बच्चे को पांच मिनट अनुशासन में नही रख पाते हैं, किड्जी के बच्चों में जो अनुशासन व सीख देखने को मिल रही है, वह शिक्षिकाओं की लगन मेहनत का नतीजा है।

अनीता मिश्रा ने नन्हे-मुन्नों को पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की, प्रिंसिपल अंजू भट्ट ने अपने मार्गदर्शन से छात्रों को प्रेरित किया, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हुआ।स्कूल की प्रिंसिपल आरती बाजपेयी ने कहा, ये बच्चे केवल वर्तमान के नहीं हैं; वे भविष्य भी हैं।

हमें उन्हें कल के अच्छे नागरिक बनने के लिए तैयार करना चाहिए। ANSY ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आशीष यादव ने छात्रों को सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, मानवता के प्रति दयालु बनें और अपने कार्यों से अपने माता-पिता को गौरवान्वित करें। Ansy की निदेशिका डॉक्टर नेहा सिंह ने शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रिंसिपल आरती बाजपेयी ने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं कई अभिभावकों ने भी स्कूल व बच्चों की प्रगति को उत्कृष्ट बताया तथा अपने अनुभव साझा किए।

### नन्हे बच्चों का अभिनय देख अभिभावक हुए गदगद

किड्जी स्कूल के बच्चों ने प्रकृति प्रेम का संदेश, पर्यावरण रक्षा का कार्यक्रम पेंडो की ताली बजी, पत्तो की सीटी बजी, जंगल जंगल पता चला है चड्डी पहन के फूल खिला है... के गीत पर मनमोहक अभिनय किया। वहीं अंग्रेजी में अपने परिचय देकर अभिभावकों का दिल जीता। मधुरिमा मयंक आराध्या शगुन सुहानी सबरीन और उनके साथियों द्वारा मां काली की दिव्य शक्ति और बुराई के खिलाफ उनकी लड़ाई को दर्शाते हुए एक बहुत ही मंत्र मुक्त कर देने वाले मां काली नृत्य का प्रदर्शन किया गया जिसे सभी दर्शकों का मन मोह लिया। एनसी किड्स के बच्चों ने अपने उत्साहित नृत्य से मंच को रोशन किया और साबित कर दिया की प्रतिभा के लिए कोई उम्र की बाधा नहीं होती।




## विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत बड़वल स्थित आइडियल मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पश्चात विजय प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रबंधक दिलीप कुमार वर्मा व सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख सुनील सिंह ने प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है इसलिए बच्चों की शिक्षा की तरफ हमें ध्यान देना चाहिए बच्चों को उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए उनके अधिकारों कल्याण और शिक्षा को आगे बढ़ना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अतुल सिंह रावत, सेवानिवृत्त कर अधिकारी सिंघासन वर्मा, मायाराम वर्मा, डा.तुलसीराम वर्मा, पूर्व प्रधान गरीबे लाल, पंकज सिंह खैरा, शशांक वर्मा सहित काफ़ी संख्या में छात्रों, छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## अटल के जन्मदिन पर अमृत सरोवरों की हुई साफ-सफाई



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सुशासन सप्ताह के रूप में मनाये जा रहे भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर मंगलवार को अमृत सरोवरो पर साफ सफाई का अभियान चलाया गया। इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने ग्राम पंचायत नरौली एवं थानपुर में अमृत सरोवरों पर चलाए गए सफाई अभियान में हिस्सा लिया। बीडीओ ने बताया कि हर अमृत सरोवर पर साफ सफाई का अभियान इस अवसर पर चलाया जाना है । इन अवसरो पर पूर्व प्रमुख राज नारायण तिवारी, एडीओ कोऑपरेटिव विजय कुमार सिंह, रोजगार सेवक दिलदार आदि मौजूद रहे।

## गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ भारी आक्रोश, बहुजनों ने मांगा इस्तीफा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के अवाहन पर राष्ट्रीय विशाल धरना प्रदर्शन के क्रम में जनपद बाराबंकी में धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बन्धित ज्ञापन पत्र दिया गया।

धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष केके रावत एवं संचालन मण्डल कोर्डिनेटर अनिल गौतम ने किया, धरना प्रदर्शन के मुख्य अतिथि अयोध्या मण्डल के कॉर्डिनेटर गया शंकर कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता व उनकी सरकार के मंत्री की कथनी और करनी में काफी फर्क है देश के भोले-भाले बहुसंख्य समाज के लोगो का वोट हॉसिल करने के लिए मीठी-मीठी लोक लुभावन बाते करते हैं, उनके महापुरूषों की मूर्ति पर माला और विचारों पर ताला लगाने का कार्य करते हैं। केन्द्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने माँ भारती के सपूत, भारतीय संविधान एवं आधूनिक भारते के निर्माता परम् पूज्य बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी का सदन में संविधान पर चर्चा के दौरान आमर्यादित एवं अपमान जनक टिप्पणी करके अपनी असंवेदनशीलता व जातिवादी मानसिकता को प्रदर्शित करके देशद्रोह में आने वाले अशोभनीय बयान दिया है। जिससे पूरे देश में अमित शाह के विरूद्ध काफी आक्रोश व्याप्त है, गृहमंत्री को मंत्रीमण्डल से बर्खास्त करने, अमित शाह को देश की जनता से माफी मांगने की मांग किया।

जब तक अमित शाह देशी की जनता से माफी नहीं मांगेगे, तब तक बहुजन समाज पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है धरना प्रदर्शन के माध्यम से केन्द्र सरकार के गृहमंत्री को बर्खास्त करने की मांग के लिए बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व उपाध्यक्ष वन निगम विजय कुमार, राजेश गौतम, अनिल गौतम मुख्य कोर्डिनेटर, केके रावत जिलाध्यक्ष, अरविन्द यादव महामंत्री, आशिफ खान, राजेन्द्र गौतम, राम प्रताप मिश्रा, बराती लाल, विक्रम गौतम, माधव सिंह पटेल, विद्या प्रसाद, सूरज रावत, तुलसी प्रसाद गौतम, सरोज गौतम, मुकेश कनौजिया, नौमीलाल फौजी, अजय गौतम, सुनील दीक्षित, साहब सरन पटेल, बाबा बैजनाथ रावत, साहिद अली मंशूरी, पीपी गौतम, मोहित राजदान, रमेश चन्द्र भारती, रामगुलाम कनौजिया, संतराम गौतम, संगीता चौधरी, मीना भारती, उर्मिला गौतम, ऊषा देवी, रतन प्रकाश वर्मा, शेष कुमार वर्मा, राजीव चौधरी, दिग्विजय सिंह गौतम, अशोक कुमार गौतम आदि ने अपने विचार व्यक्त करके अमित शाह को मंत्रीमण्डल से बर्खास्त करने व देश की जानता से माफी मांगने की मांग सभी ने एक स्वर में किया।

## पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस उत्सव आयोजित

▸ प्रधानाचार्य ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस का त्यौहार हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। बच्चों ने सेंटा क्लॉज की वेशभूषा धारण कर अपनी प्रस्तुति दी, जिससे माहौल आनंदमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने बच्चों और स्टाफ को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार प्रेम, करुणा और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने विविधता में एकता के महत्व पर बल दिया। बच्चों के बीच टॉफियां और अन्य गिफ्ट्स वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। स्कूल परिसर में सभी धर्मों और संस्कृतियों की एकता की झलक दिखाई दी, जो पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल की पहचान है। कार्यक्रम का समापन खुशियों और प्रार्थनाओं के साथ हुआ। स्कूल प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों का धन्यवाद किया।

## खबरें एक नजर में

### पलिया पशु मेले में दो दिवसीय दंगल का होगा आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत सुबेहा के पलिया वार्ड में गत 15 दिसंबर से चल रहे पलिया पशु एवं नुमाइश मेला में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मेला परिसर में बुधवार एवं गुरुवार को आयोजित इस दंगल प्रतियोगिता में बाबा लाठी अयोध्या, लक्की थापा नेपाल,रिजवान गनी,जावेद गनी व पंकज जम्मू,बबलू पहलवान व अंशू पहलवान मेरठ, पवन राजस्थान, रिंका व पूनम हरियाणा, जगदीश गाजियाबाद, सनी हिमांचल प्रदेश के अलावा बड़ी संख्या में पहलवान अपनी जोर अजमाइश अखाड़े में करेंगे।

### चालक को आई झपकी, बस हाईवे किनारे पलटी

**मसौली बाराबंकी।** चालक की झपकी के कारण मंगलवार की सुबह गोंडा बहराईच राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय अफरातफरी मच गयी जब एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे पलट गयी गनीमत रही दुर्घटना मे कोई हताहत नही हुआ आधा दर्जन यात्री आंशिक रूप से घायल हो गये जिनका सीएचसी बड़ागांव मे प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य की ओर रवाना किया गया। मंगलवार की सुबह दिल्ली से यात्री लेकर गोंडा जा रही एक प्राइवेट बस थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्दौरा से पूर्व भुलभुलिया के निकट अनियंत्रित होकर पलट गयी बस मे दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे जिनमे गोंडा निवासी विशेष कुमार, विनीत तिवारी, राम खेलावन मिश्रा, अब्दुल हमीद, सुनीता देवी, अम्बुज सिंह आदि लोग आंशिक रूप से घायल हो गये।

### अवैध शराब के कारोबार की हुई धरपकड़ में कई जगह हुई छापेमारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई के तहत मंगलवार को एसडीएम प्रीति सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की अभियान के दौरान क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश की गई और देसी शराब अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। उत्तर प्रदेश आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार परिवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देश में यह कार्रवाई की गई ।एसडीएम प्रीति सिंह आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चौहान और पुलिस उपाधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने अपने दल के साथ यह अभियान चलाया । संयुक्त टीम ने थाना सफदरगंज क्षेत्र के बिरौली गांव में दबिश दी इसके अलावा उन्होंने औरेला पिपरिया चौराहे पर देसी और अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। जांच में सभी दुकानें आबकारी नियमों के अनुरूप संचालित पाई गई।

### लोडर चालक की तबियत बिगड़ी, मौत


**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे वे पर लोडर चालक की अचानक तबियत खराब हो गई। जब तक एक्सप्रेस वे कर्मी उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। मेरठ निवासी महेश कुमार (55) बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में रोड रोलर चलाने का काम करते थे। मंगलवार की सुबह चालक की अचानक तबियत खराब हो गई और नाक व मुंह से ब्लड आने लगा। तबियत खराब होने पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे कर्मचारी तत्काल एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया और उसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### कारों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग घायल

**जालौन (उरई)।**कारों की आमने सामने हुई भिडंत में दो लोग घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन निवासी सुनील कुमार (40) अपने साथी आकाश कुमार के साथ सरावन से कार लेकर औरैया की ओर जा रहे थे। जब उनकी कार शेखपुर बुजुर्ग के पास पहुंची। तभी सामने से आ रहे कार के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी कार में टक्कर मार दी।

## अराजकतत्वों ने सामुदायिक शौचालय में घुसकर की तोड़फोड़

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



अराजकतत्वों द्वारा सामुदायिक शौचालय में घुसकर तोड़फोड़ करने की शिकायत केयरटेकर महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास में स्थित सामुदायिक शौचालय की केयरटेकर क्रांति देवी ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम वह सामुदायिक शौचालय में ताला लटकाकर घर चली गई थी। रात अराजकतत्व सामुदायिक शौचालय में घुस गए। शौचालय में घुसकर उन्होंने बिजली की लाइन तोड़ दी। बिजली के बोर्डो को भी उखाड़ दिया। इतना ही नहीं शौचालय में लगी टाइल्सों में भी तोड़फोड़ कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे सामुदायिक शौचालय में काफी नुकसान पहुंचा है। बताया कि इस बारे में उन्होंने जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। केयरटेकर ने कोतवाली पुलिस से अराजकतत्वों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर नुकसान की भरपाई कराने की गुहार लगाई है। वहीं केयरटेकर की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विद्युत शार्टसर्किट से घर में आग लगने से नकदी सहित सामान जला

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

बिजली के शार्ट सर्किट से घर में आग लग गयी। आग लगने के कारण घर में रखे 15 हजार रुपए नकद व घर गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया है। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलाईपुरा निवासी रमजानी मंसूरी पुत्र लल्लू खां मंगलवार को खेत पर गये थे। घर पर उनकी पत्नी सोनी व चार वर्षीय बेटी शादिया व दो वर्षीय दुवा घर पर थी। सुबह करीब 11 बजे मां बेटियों को लेकर काम में व्यस्त थी। इसी दौरान बिजली के शार्ट सर्किट से घर में आग लग गयी। आग लगने के कारण घर में रखे 15 हजार रुपए नकद व फ्रिज, कूलर, एलईडी टीवी, बैड, पंखा के साथ घर गृहस्थी का सामान जल गया है। आग को बुझाने का आसपास के लोगों ने प्रयास किया किन्तु तब तक लगभग ढाई लाख का सामान जल कर खराब हो गया।

आग लगने के कारण घर गृहस्थी का सामान जलने के कारण पीड़ित परिवार परेशान हैं तथा उसके सामने फिलहाल जीवन यापन की समस्या पैदा हो गयी है। पीड़ित ने आग लगने के कारण हुई क्षति की सूचना कोतवाली पुलिस व लेखपाल को दी है। आग से हुए नुकसान व घर के भरण-पोषण के लिए आर्थिक मदद दिलाये जाने की मांग की है।

## ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से की राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के गलत रिपोर्ट की शिकायत

**धुरियापार,उरुवा, गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**



गोला तहसील क्षेत्र अंतर्गत धुरियापार स्थित श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर की जमीन पर भू माफियाओं को कब्जा कराने के लिए राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल द्वारा पैमाइश की गलत रिपोर्ट दिए जाने को लेकर धुरियापार के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी गोला को शिकायती पत्र देकर राजस्वनिरीक्षक एवं लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करने मांग की। अपने शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया है कि प्राचीन श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर की फुलवारी बगीचा सहन व सार्वजनिक पूजा स्थल की जमीन को कुछ असामाजिक तत्व अवैध ढंग से कब्जा करके भू-माफियाओं की मिली भगतसे बेचकर मंदिर के अस्तित्व को समाप्त करना चाहते हैं। ग्रामीणों ने मंदिर की उक्तभूमि को सीमांकन कराकर सुरक्षित कराने हेतु 2.8.2024 को आयुक्त गोरखपुर को प्रार्थना पत्र दिया था। आयुक्त गोरखपुर के आदेश पर दिनांक 14 .11.2024 को राजस्व निरीक्षक उरुवा रमेश कुमार पांडे एवं लेखपाल अमितशुक्ला ने ग्राम वासियों का सादे पन्ने पर हस्ताक्षर कराकर पैमाइश करने का स्पाट मेमो तैयार किया। परंतु रिपोर्ट में मंदिर की जमीन में भूमिया की प्लाटिंग की जमीन के लिए रास्ता निकालकर स्पाट मेमो को ग्रामीणों का सहमति पत्र बता दिया। ग्रामीणों ने राजस्व निरीक्षक रमेश कुमार पांडे एवं लेखपाल अमित शुक्ला के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये मंदिर की जमीन को सुरक्षित कराने की मांग की है। ग्रामीणों के शिकायत की जांच उप जिलाधिकारी गोला ने नायब तहसीलदार गोला को सौंपी है। उप जिलाधिकारी गोला को शिकायती पत्र देने वाले ग्रामीणों में प्रधान प्रतिनिधि रिंटू शाही, रामपाल गुप्ता, राजेश कुमार जायसवाल, कृष्ण देवगुप्ता, अरुण गुप्ता, अनूप जायसवाल, दिनेश, गोविंद जायसवाल, विनय कुमार, रामसनेही तिवारी आदि लोग शामिल थे।


## कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़, बाराबंकी

पत्रांक-399/आपूर्ति/प्रकाशन/न.प.है./2024-25 दिनांक- 19.12.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उच्च स्तर से प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का अनुपालन में शीतकालीन मौसम के दृष्टिगत नगर पंचायत हैदरगढ़ की सीमान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने हेतु सूखी लकड़ियों को आपूर्ति लिये जाने हेतु टिम्बर स्टोर मालिकों,फर्मों/लकड़ी विक्रेताओं से दिनांक 29.12.2024 को कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ पर समय पूर्वाहन 11:00 बजे से 01:00 बजे के मध्य मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक को समय अपरान्ह 03 बजे निविदादातओं की उपस्थिति मे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 28.12.2024 को कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ पर पूर्वान्ह 11:00 बजे से 02:00 बजे तक विक्रय किये जायेंगे। प्रस्तावित आपूर्ति का विवरण निम्नवत् है।

| क्र. सं. | आपूर्ति का विवरण | अनुमानित दर प्रति कुन्तल | जमानत धनराशि | मात्रा | आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शीतलहर से बचाव हेतु सूखी लकड़ियों की आपूर्ति का कार्य | 650/- | 10,000/- | आवश्यकतानुसार | कार्यादेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर |

**नियम व शर्तेः-**

1. केवल पंजीकृत फर्मे/टिम्बर स्टोर मालिक आदि जो आयकर, व जी.एस.टी. की परिधि में आती हो ही निविदा देने के पात्र होंगे।
2. किसी भी निविदादाता को उसकी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात नियत अवधि में आपूर्ति की जानी अनिवार्य होगी।
3. निविदा मात्र सूखी लकड़ियों की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की जा रही है, मांग से हटकर की गयी आपूर्ति न तो ग्राहय होगी और न ही उसका भुगतान देय होगा।
4. जमानत धनराशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नकद आदि जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ़ के पदनाम से बंधक हो जमा करना अनिवार्य होगा।
5. मांग के सापेक्ष आपूर्ति जारी किये जाने तक सूखी लकड़ियों की आपूर्ति यथा स्वीकृत दर करना अनिवार्य होगी अन्यथा जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

**अशोक कुमार खरवार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत, हैदरगढ़**
**बाराबंकी**

**आलोक तिवारी**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, हैदरगढ़**
**बाराबंकी**


## सुशासन सप्ताह में उसरगांव में जनचौपाल लगा सुनी समस्यायें




उसरगांव की जन चौपाल में ग्रामीणों से संवाद करते एसडीएम।

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को ग्राम पंचायत उसरगांव, विकासखंड कदौरा में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ''प्रशासन गांव की ओर'' कार्यक्रम के तहत उप जिलाधिकारी सुशील सिंह व खण्ड विकास अधिकारी अरुण सिंह ने जन चौपाल का आयोजन किया गया।

इस मौके पर ग्रामवासियों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

जन चौपाल में विशेष रूप से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देने के साथ ही फैमिली आईडी और फार्मर रजिस्ट्री के विषय में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को फैमिली आईडी के आवेदन ऑनलाइन कराने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी हो सके। अधिकारियों ने ग्रामवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनके समस्याओं का समाधान किया। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

### विद्युत पोल से गिरकर घायल हुये युवक ने ठेकेदार के विरुद्ध दी तहरीर

**जालौन,उरई।** बिजली के खंभे पर चढ़कर काम कर रहा युवक लगभग एक सप्ताह पूर्व खंभे से गिरकर घायल हो गया था। पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। मध्यप्रदेश के ग्राम बरउवा थाना रावतपुरा निवासी राजू ने पुलिस को बताया कि दक्षिणांचल विद्युत वितण निगम द्वारा सींगपुरा के पास नई लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। बीती 16 दिसंबर को खंभे पर चढ़कर जो युवक कार्य करता था उसके न आने पर ठेकेदार ने उसे खंभे पर चढ़ा दिया। खंभे पर चढ़ने और काम करने के कोई सुरक्षा इंतजाम न होने पर उसने जब खंभे पर चढ़ने से मना किया तो ठेकेदार ने काम से निकालने की धमकी दी।

# डीएम ने बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

**कलेक्ट्रेट में सुशासन सप्ताह के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि अपने कार्य में सेवा की भावनाएं लाये, यहीं सुशासन सप्ताह का उद्देश्य है। सुशासन, संवेदनशील प्रशासन, सशक्त प्रशासन को दर्शाता है। कहा कि किसी भी कार्य में इंट्रेस्ट लोगे तो आउट पुट अवश्य ही मिलेगा। सभी लोग कुछ नया सोच कर करने का प्रयास करें, जब यहां से कार्यालय छोड़ कर जाये तो कुछ देकर जाये, जिससे आप द्वारा दिए गये योगदान को लोग याद रखें। सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत विजन दस्तावेज 2047 के तहत संख्या विभाग, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास, ओडीओपी, खेलकूद, पर्यावरण, भूगर्भ जल, स्वच्छता, जल जीवन मिशन, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, लैंगिंक समानता, सामाजिक सुरक्षा, ऊर्जा, परिवहन, साइबर क्राइम, कानून व्यवस्था आदि विभागों द्वारा अपना- अपना विजन 2047 के संबंध में प्रस्तुत किया गया।



छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में कु नन्दनी दुबे, काजल सिंह, प्रियांशी दीक्षित और निबन्ध प्रतियोगिता में कु अमृतदीप कौर, अंशिका शर्मा, वैष्णवी तथा एकल काव्य पाठ में कु करिश्मा, अंकिता वर्मा, काजल कुल 09 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एडीएम आशीष कुमार सिंह, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए रामऔतार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रेमी के साथ फरार हुई दो बच्चों की मां

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आठ वर्ष पूर्व हुई शादी के बंधन को तोड़ कर दो बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। इसके बाद पीड़ित पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को बताया है कि पड़ोस के ही एक युवक ने उसकी पत्नी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। कई बार उसने अपनी पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। इसके बाद 15 दिसंबर को उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जिसकी उसने आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोज भी की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों की खोजबीन शुरू कर दी है।

# पच्चीस हजार के दो इनामियां अपराधी गिरफ्तार

**वर्ष 2022 में लूट व चोरी की घटना के अपराधी चल रहे थे फरार**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



लूट व चोरी की घटना में वांछित चल रहे पच्चीस- 2 हजार के दो इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कन्नौज सदर कोतवाली में वर्ष 2022 में लूट व चोरी की घटना के दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे दो अपराधियों पर एसपी अमित कुमार ने आनंद ने पच्चीस- 2 हजार का ईनाम घोषित किया था। तालग्राम थाना प्रभारी शशिकांत कन्नौजिया के नेतृत्व में पुलिस ने सदाकत (44) पुत्र रियासत निवासी छोटालालपुर थाना रसूलपुर- फिरोजाबाद, शोएब (22) पुत्र शमीम उर्फ समसुद्दीन निवासी गम्मू की चक्की के पास आकाशवाणी रोड थाना रामगढ- फिरोजाबाद को तालग्राम के मायापुर्वा तिराहे पर स्थित प्रतीक्षालय से नियमानुसार गिरफ्तार किया। मौके से अभियुक्त सदाकत के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद और शोएब के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये बरामदगी के आधार पर थाना तालग्राम पर उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये दोनों अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा दिया। अभियुक्तगणों पर जनपद सहित फिरोजाबाद जिले में कई मुकदमे दर्ज है।

# वांछित चल रहे 25 हजार के इनामियां अभियुक्त गिरफ्तार

**छिबरामऊ कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

तालग्राम कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी शशिकांत के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना तालग्राम पुलिस द्वारा लूट की घटना में वांछित चल रहे 25000 - 25000/- रुपये के इनामिया 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना तालग्राम पुलिस द्वारा थाना कोतवाली कन्नौज पर पंजीकृत भारतीय दण्ड संहिता भारतीय दण्ड संहिता से सम्बन्धित भागे हुये वांछित चल रहे 25000 - 25000/- रुपये के इनामिया अभियुक्तगण 1.सदाकत पुत्र रियासत उम्र करीब 44 वर्ष निवासी छोटालालपुर टावर के पास थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद 2.शोएब पुत्र शमीम उर्फ समसुद्दीन उम्र करीब 22 वर्ष निवासी गम्मू की चक्की के पास आकाशवाणी रोड थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को , तालग्राम के मायापुर्वा तिराहे पर स्थित प्रतीक्षालय से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। मौके से अभियुक्त सदाकत पुत्र रियासत के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद व अभियुक्त शोएब पुत्र शमीम के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुये बरामदगी के आधार पर 1.सदाकत पुत्र रियासत 2.शोएब पुत्र शमीम उर्फ समसुद्दीन उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना तालग्राम से दोनों अभियुक्तगण उपरोक्त जेल भेजा गया।

## हुई बूंदाबांदी बड़ी गलन, अलाव जलवाने की हुई मांग

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** बीता सोमवार रात को पहले चली हवाऐं फिर बूंदाबांदी हुई जिससे गलन बड़ गई दिन में तो धूप हल्की फुल्की निकलने से लोगों को गलन से राहत नहीं मिल पाई। शाम होते ही आसमान में बादल आ गए और देर शाम फिर बूंदाबांदी हुई। बारिश होने से किसानों को चिंता सताने लगी उधर सर्दी को देखते हुए समधन नगर के नागरिकों ने चेयरमैन चेयरमैन आसमा बेगम से राहत के लिए नगर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवायें जाने की मांग भी उठाई गई है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से आत्मनिर्भर बनेंगे युवा: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार कर युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं जाएं। मुख्यमंत्री की यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी और उद्यमिता को नए आयाम देगी। यह बात जिलाधिकारी ने बैठक में कही। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि 21 से 40 वर्ष आयु के लोग जो न्यूनतम 8 वीं पास हैं। एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन आदि के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ऐसे युवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर 5 लाख रुपए का 4 वर्षों तक शतप्रतिशत ब्याज मुक्त लोन लेकर स्वरोजगार कर सकते हैं। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि वन टाइम सेटेलमेंट यानी एकमुश्त समाधान योजना का लाभ दिलाने के लिए गांव- गांव प्रचार प्रसार कर प्रदेश सरकार के बिजली विभाग की एक मुस्त योजना के जरिये लोगों को छूट दी जाए। मेडिकल कॉलेज के बगल में किसान बाजार में संचालित दुकाने और बैंक्वेट हॉल 90 साल के लिए लीज पर दिया जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार धनराशि जमा करके ले सकते हैं। यूपीसीडा के आरएम को निर्देश दिए कि इत्र पार्क में ऑफिस खोलकर बैठें, जिससे लोगों को समय-समय पर सही जानकारी मिल सके। छोटे और बड़े उद्यमियों को जोड़कर इत्र पार्क में इंडस्ट्री स्थापित करने का सुनहरा मौका दिया जाए। जिनका पैसा जमा हो चुका है आगे की प्रक्रिया शुरु की जाए।


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

उद्यमियों के सुझावों को भी नियमता अपनाया जाए। ऑटो, स्कूल वाहन, बस आदि में ओवर लोडिंग पर पूर्णतः रोक लगाई जाए। सभी ड्राइवर यूनिफार्म में होने चाहिए। एसपी अमित कुमार आनन्द ने उद्यमियों/ व्यापारियों से कहा कि जनपद में उद्योग क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। आप लोग उद्योग स्थापित करें, सुरक्षा की जिम्मेदारी हम लोगों की है।

## किशोरियों को बहला फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से किशोरियों के भगाने की रिपोर्ट किशोरियों के परिजनों ने दर्ज कराई है। ग्राम निवासी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि बहराइच निवासी इरफान पुत्र मुन्ना ने 22 दिसंबर 2024 को उसकी 16 वर्षीय किशोरी को शाम को 06 बजे महमूदपुर निवासी हसन पुत्र मोहिद के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया। साथ में पुत्री घर में रखे 50000 रुपये और जेवरात भी ले गई। वहीं नगर के मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को बताया है कि 21 नवंबर 2024 को एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी पुत्री से वीडियो कॉल पर बात की गई थी। इसके बाद 21 दिसंबर 2024 की रात लगभग दो बजे उसकी पुत्री को अज्ञात युवक बला फुसलाकर भाग ले गया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की खोजबीन शुरू कर दी है।

# भाकियू लोक शक्ति ने तहसील में दिया धरना

**तहसीलदार ने कहा लेखपाल की टीम का गठन करके करायी जाएगी उच्च स्तरीय जांच**

**छिबरामऊ कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने मंगलवार दोपहर तहसील में धरना देकर डीएम को संबोधित तहसीलदार को दिया ज्ञापन।

भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी तहसील छिबरामऊ पहुंचे धरना प्रदर्शन शुरू किया किसानों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजू अंसारी की अगुआई में ज्ञापन देकर मंडल महासचिव हाशिम अली ने कहा कि इतवारी लाल पुत्र अनूप चंद्र निवासी मकान नंबर 119/ 134 दर्शन पुरवा थाना फजलगंज कानपुर का निवासी है जिनका एक खेत ग्राम रोहली तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज में है।



1976 का बैनामा दाखिल खारिज हुआ कब्जा है खेती करते हैं जिन्होंने अपने रहने हेतु कमरा बनाना शुरू किया दिनांक 9 /12/2024 को लेखपाल टीम ने गाटा संख्या 1422 की पैमाइश की पूरा खेत व रकवा सही पाया गया 20 /12/2024 को लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी सब सही पाया गया जिसको दबंगों के द्वारा कल रात्रि तुड़वा दिया गया। तहसीलदार अभिनव वर्मा मौके पर पहुंचे आश्वासन देते हुए कहा कि लेखपाल की टीम का गठन कर के उच्च स्तरीय जांच की जाएगी इस आश्वासन धरना समाप्त किया गया। इस दौरान पिंकी तिवारी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, अमन प्रधान युवा नगर अध्यक्ष, फैसल खान जिला संगठन मंत्री, आसिफ खान युवा तहसील अध्यक्ष, रानू खान युवा नगर उपाध्यक्ष, आरिफ अंसारी युवा जिला प्रभारी, अखिल यादव,आशु खान ,मलखान सिंह, दिनेश सिंह अभिषेक यादव, बदरुल खान, लाल मियां, अनुज यादव, महेंद्र पाठक , आदिल खान, अनुज प्रजापति, शाहिद उर्फ चिंटू, राजा खान,भूरा उर्फ इक्का ,ऋषभ ठाकुर ,सूरज दुबे, अभिषेक दुबे, आदित्य ठाकुर, युवराज दद्दू , मुकल्ला खान आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सुप्रभाष अकादमी में मनाया गया क्रिसमस डे

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के सुप्रसिद्ध विद्यालय सुप्रभाष अकादमी में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चे सांता क्लॉस के रूप में सज धज कर आए और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिंगल बेल जिंगल बेल गीत के संगीतमय प्रस्तुति के बीच रंगमंच पर सांता क्लास आया तो उत्साहित बच्चों के शोर से सुप्रभाष अकादमी का परिसर तालियों की गढगढ़ट से गूंज उठा । बच्चों ने जोशो ख़रोश के साथ स्कूल भवन को सजाकर क्रिसमस के रंग में रंग दिया। पारंपरिक वेशभूषा से सजे बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत पैदा हुआ यह यीशु के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ सांता क्लास बने बच्चों की एंट्री बहुत आकर्षित रही थी। इस दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने यीशु के जीवन पर प्रकाश डाला। अमित तिवारी ,अंकुश शर्मा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये ।इस अवसर पर अकादमी के मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने बच्चों को उपहार व मिठाइयां सांता क्लास बने बच्चों के द्वारा वितरित करवाई और बच्चों को यीशु की तरह दूसरे व्यक्तियों की मदद करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के असंख्य छात्रा व छात्र उपस्थित रहे और शिक्षक व शिक्षाएं प्रियांशी, रितिका, वंशिका, नेहा, अनुष्का ,अभिषेक, अमन, स्वाति ,सुषमा, अमरीन फराह आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नयाव तहसीलदार को ज्ञापन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर प्रतिमा के पास एकत्रित होकर राष्ट्रपति संबोधित लिखित ज्ञापन नायव तहसीलदार को सौपा कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता ऊंची पुलिया के पास अंबेडकर प्रतिमा पर एकत्रित हुए गृह मंत्री द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ राष्ट्रपति संबोधित लिखित ज्ञापन नायव तहसीलदार को सोपा ज्ञापन देते समय प्रमोद शर्मा वीरेंद्र डॉक्टर जहीर अहमद चंद्रभान सिंह श्यामा देवी गिरीश चंद्र बाहर कुरैशी सौरभ तिवारी शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### परशुराम प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का ब्राहमण समाज ने किया सम्मान

**तिर्वा।** परशुराम सेवा संस्थान की परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर तिर्वा कस्बे के दुर्गानगर मोहल्ला निवासी अवनेन्द्र कुमार उर्फ मोनू दुबे को मनोनीत किया गया है। प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघन पाण्डेय ने मनोनयन का पत्र उन्हे सौंपा है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया है। इसको लेकर कस्ब के एक निजी गेस्ट हाउस में सभी मनोनीत पदाधिकारियां का माल्यापण कर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान प्रदेश महामंत्री पद पर महेश कुमार चतुर्वेदी, प्रदेश प्रवक्ता पद पर प्रदीप कुमार शुक्ला, मण्डल प्रभारी पद पर कृष्ण कान्त चतुर्वेदी, कन्नौज जिलाध्यक्ष पद पर शिवम चतुर्वेदी, कानपुर मण्डल महासचिव पद पर अजीत कुमार मिश्रा को भी ब्राहमण समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय पाठक व अध्यक्षता सुधीर द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक तिवारी, सत्यम द्विवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


समधन में कोतवाल आलोक कुमार दुबे के साथ फ्लैग मार्च करते पुलिस के जवान

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया समधन नगर में गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे व समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने मंगलवार शाम को फ्लैग मार्च किया गया जिसमें नगर में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गई। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने कहा कि नगर में शान्ति व्यवस्था रखना हमारा कर्तव्य है इसमें नगर की जनता को सहयोग करना चाहिए जिससे किसी प्रकार की कोई अराजकता न फैला सके अगर फिर भी कोई हिम्मत जुटाने का प्रयास करेगा तो पुलिस सख्ती के साथ निपटने का काम करेगी।

### हरदोई पुलिस के चंगुल से भागे अपराधी को कन्नौज पुलिस ने दबोचा


पुलिस की गिरफ्त में शातिर अपराधी राजीव गिहार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** किसान के साथ लूट की घटना को अंजाम देने बाले आरोपी को हरदोई जिले के थाना माधौगंज की पुलिस और एसओजी टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए कन्नौज में दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा लिया था। जांच पड़ताल के दौरान मुख्य शातिर अपराधी को कुछ लोगों ने हरदोई पुलिस के चंगुल से छुड़ा लिया था। हरदोई पुलिस ने थाना कोतवाली कन्नौज पर मुकदमा पंजीकृत कराया था।प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने अभियुक्त राजीव गिहार (35) पुत्र भारत गिहार निवासी कुतलूपुर मकरन्दनगर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल यूपी 74 एएल 5172 होण्डा एसपी 160 बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि माधौगंज पुलिस और एसओजी एक प्रकरण में कन्नौज आरोपी को पकडने आयी थी। हरदोई पुलिस ने आरोपी राजीव गिहार को पकड़ लिया था। जॉच के दौरान लोगों ने आरोपी को छुड़वा लिया। हरदोई पुलिस ने सदर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसमें कन्नौज पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। बताया कि राजीव गिहार एक शातिर अपराधी है। इस पर एक दर्जन मुकदमे पंजीकृत है।

# दंपति को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।**

रंजिश को लेकर आरोपितों ने दंपति के साथ अभद्रता की और उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम गढ़िया बलिदासपुर निवासी संदीप कुमार पुत्र छक्कूलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव के ही पप्पू उर्फ शैलेंद्र, अनिल कुमार, मनीष कुमार व शैलेंद्र के साला राजकुमार ने 23 दिसंबर की शाम उसकी पत्नी सुनीता देवी को घर के दरवाजे पर आकर अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वही मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आए उसके पति संदीप को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दवा कंपनी के मालिक रास्ते में घेर कर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दवा कंपनी के डीलर के साथ मीटिंग करने के बहाने क्षेत्र के कुछ युवकों ने गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना नजफगढ़ के मोहल्ला हरफूलपुर बिहार जयबिहार निवासी राहुल गौतम पुत्र रोहतास गौतम ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि 24 दिसंबर की दोपहर 02 बजे वह अपनी कार से ग्राम सियरमऊ मीटिंग करने जा रहा था। तभी गांव के कुछ लड़कों ने उन्हें रास्ते में रोक कर गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि गांव के ही कुछ लड़कों ने उसे फोन करके दवा कंपनी के संबंध में मीटिंग के लिए बुलाया था। रास्ते में उसके साथ मारपीट कर दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बलराम सिंह बने लायर्स बार के अध्यक्ष, अरविन्द बने महामंत्री

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने अमित कुमार श्रीवास्तव**

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

तहसील लायर्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मंगलवार को चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति के आधार पर नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें बलराम सिंह यादव को अध्यक्ष बनाया गया। महामंत्री पद के लिए अरविन्द कुमार का चयनित हुए।

लायर्स बार एसोसिएशन की नई कमेटी के गठन के लिए राजेन्द्र सिंह, अविनेश कुमार, अरूण राजपूत व अनिल वर्मा को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। नामांकन में अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ बलराम सिंह यादव ने ही अपना नामांकन दाखिल किया था। महामंत्री पद के लिए अरविन्द राजपूत व अमित कुमार राजपूत बीटू ने पर्चा भरा था। अन्य पदों के लिए सिर्फ एक-एक नामांकन दाखिल हुए थे। मंगलवार को नामांकन वापसी के आखिरी समय पर अमित कुमार बीटू ने अपना पर्चा वापस ले लिया। जिससे महामंत्री पद का रास्ता भी साफ हो गया।



बाद में चुनाव अधिकारी ने बलराम सिंह यादव को निर्विरोध अध्यक्ष व अरविन्द राजपूत को महामंत्री घोषित कर दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद पर करूणेश प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर सतेन्द्र कुमार प्रजापति, संयुक्त मंत्री पद पर प्रहलाद सिंह व मीडिया प्रभारी पद पर अमरदीप सिंह को घोषित किया गया। चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद लायर्स बार के संरक्षक सतीश राजपूत, राजेन्द्र प्रकाश राजपूत, भूपेन्द्र सिंह बैस, अनिल वर्मा, मनोज राजपूत, मुन्नू सिंह यादव, रवीन्द्र प्रताप सिंह, अंशुमान कटियार व मुनेश राठौर ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# पारिवारिक विवाद में देवर भाभी से मारपीट

**पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है**

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पारिवारिक विवाद को लेकर आरोपितों ने देवर भाभी के साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम तेराजाकेट निवासी रामसच्चे पुत्र नगद नारायण ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि 23 दिसंबर 2024 की शाम लगभग 06 बजे परिवार के ही कुछ लोगों ने उसके दरवाजे पर आकर पारिवारिक विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी भाभी मोहिनी देवी, पत्नी रामू को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपितों की विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मां बेटे को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपितों ने मां बेटे के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी बेबी गुप्ता पत्नी स्वर्गीय उमेश चंद्र ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला किदवई नगर निवासी युवक ने अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ मिलकर 23 दिसंबर की रात 11.30 बजे दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पुत्र आरव को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एकजुट होकर व्यापारी करें संगठन को मजबूत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

एकता से ही व्यापार मंडल के संगठन को मजबूत किया जा सकता है। इसे मजबूत कर ही संगठन को बेहतर बनाया जा सकता है। कोई भी संगठन हो सभी की रीढ़ कार्यकर्ता ही होते है। व्यापारियों की एकता ही संगठन की मजबूती है।

मंगलवार को नगर के तिर्वा रोड पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे, जिला संयुक्त महामंत्री संजीव गुप्ता ने स्वर्गीय विशंभर दयाल अग्रवाल व स्वर्गीय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान वितरण किया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे ने बताया कि प्रत्येक व्यापारी के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना संगठन का प्रमुख संकल्प है। वहीं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकुमार पाठक ने भी कहा कि सभी व्यापारी, कार्यकर्ता, अधिकारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करते रहें। जिससे कि व्यापारियों को सम्मान मिले। व्यापार मंडल द्वारा सदैव व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ी जाती है और संगठन अपने उद्देश्य में सफल भी हो रहा है। इस मौके पर जिला संयुक्त महामंत्री संजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, संरक्षक बृजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष उदित गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष यतीश प्रजापति, सिद्धार्थ गुप्ता, भूरा कठेरिया, कमलेश राजपूत, टिंकू बाथम, विकास गुप्ता, कंचन गुप्ता आदि व्यापारी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


स्थापना दिवस पर गोष्ठी करते व्यापारी व पदाधिकारी।

# प्रकृति परीक्षण राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जागरूकता पहल है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाये जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सक आये दिन कई गांवों में कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं। यह अभियान एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जागरूकता पहल है और इसका उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। चिकित्सकों ने कहा कि यह पहल आयुर्वेद को हर घर के करीब लाती है। नागरिकों को अपनी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। प्रकृति परीक्षण अभियान वात, पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर किसी व्यक्ति की अद्वितीय मन, शरीर संरचना या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है। यह ज्ञान प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए अपनी जीवनशैली, आहार और व्यायाम दिनचर्या को अनुकूलित करने में सक्षम बनाता है। इसी क्रम में मंगलवार को मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जनपद के आधा दर्जन स्थानों पर कैंप लगाया। प्रथम कैंप ग्राम पखना में डॉ. विकास, डॉ. पियूष, डॉ. कविता, डॉ. सुहेबा के नेतृत्व में लगाया गया। द्वितीय कैंप ग्राम पमरखिरिया में डॉ. आनन्द व डॉ. अरीब की देखरेख में लगाया गया। तृतीय कैंप ग्राम रोहिला में डॉ. नीतूश्री की देखरेख में लगाया गया। चतुर्थ कैंप ग्राम चुरसई में डॉ. रीता सिंह, डॉ. रसना, डॉ. मधुरंजन की देखरेख में लगाया गया। पंचम कैंप केडी बालिका में डॉ. अरिमर्दन सिंह की देखरेख में लगा। छठा कैंप ग्राम पिपरगांव में डॉ. अंजना दीक्षित, डॉ. शिवओम, डॉ. संकल्प, डॉ. शिवा प्रसाद, डॉ. शेष देवदास, डॉ. सौभाग्य रंजन पारीजा, डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा आदि छात्र-छात्रायें एवं इन्टर्न एवं पी.जी. स्कॉलर मौजूद रहे।



कैंप के दौरान मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

# मंदिर जा रही महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मन्दिर जा रही महिला को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससें महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। गंभीर हालत में महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ परीक्षण के उपरांत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला मोमबत्ती वाली गली निवासी 45 वर्षीय मीना अवस्थी पत्नी स्वर्गीय राजीव अवस्थी प्रतिदिन अपने घर से बढ़पुर शीतला माता मन्दिर में दर्शन के लिए आया करती थीं। मंगलवार को भी अहले सुबह वह घर से मंदिर के लिए निकलीं। मन्दिर आने के दौरान क्रिश्चियन कालेज के निकट किसी अज्ञात वाहन ने मीना को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी हालत नाजुक हो गयी। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी आदेश कुमार ने मीना को 6.15 बजे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो पुत्रियां व एक पुत्र है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मीना अवस्थी का फाइल फोटो

# वृद्ध की हत्या में आला कत्ल सहित तीन गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज पुलिस के द्वारा मु0अ0सं0 267/2024 धारा-103(1)/61(2) बी.एन.एस. व 3/25/27 आर्म्स एक्ट में दिनांक 23.12.2024 को मुखबिर खास की सूचना व वांछित अभियुक्तगण फहीम खां पुत्र भूरे खाँ, रुबीना पत्नी स्व0 अफरोज खाँ निवासी ग्राम चंदनी थाना नवाबगंज को उनके घर से तथा प्रकाश में आए अभियुक्त रवीन्द्र सिंह पुत्र उदयवीर सिंह निवासी चंदनी थाना नवाबगंज को आला कत्ल 01 अदद तमन्चा व 05 अदद जिन्दा कारतूस व 1 अदद खोखा कारतूस सहित रक्षपाल के ट्यूबवेल के पास ग्राम चंदनी से समय करीब 21.00 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से आला कत्ल बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी।


गिरफ्तार अभियुक्तगण

# बसपा सुप्रीमो के आदेश पर सड़कों पर उतरे बसपाई

- अमित शाह माफी मांगों, की जमकर की नारेबाजी
- कलेक्ट्रेट जाने की जिद पर अड़े, पुलिस ने रोका
- भीम आर्मी जय भीम संगठन ने भी दिया समर्थन


अम्बेडकर प्रतिमा के पास प्रदर्शन करते बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बसपा सुप्रीमो मायावती के आदेश मिलते ही सैकड़ों की संख्या में बसपाई सड़कों पर उतर पड़े और अमित शाह माफी मांगों के नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर दिये गये विवादित बयान से खफा बसपा सुप्रीमो मायावती के आदेश पर सैकड़ों की संख्या में बसपा नेता मंगलवार को जय नरायन वर्मा रोड स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के पास एकत्रित हुए। यहां पर बसपा नेताओं ने आक्रोश जताते हुए अमित शाह माफी मांगों के नारे लगाये। इसके बाद सभी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें मूर्ति के पास ही रोक दिया और कलेक्ट्रेट नहीं जाने दिया। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि गृह मंत्री माफी मांगें या इस्तीफा दें। बाबा साहब के खिलाफ कोई भी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा। जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, नागेन्द्र पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप नराय व पूर्व जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भास्कर, आशाराम, रामरतन गौतम, सर्वेश भारती, सूर्यप्रताप, अखिलेश भास्कर, उपेन्द्र वर्मा, देवनरायन, देवेन्द्र कुमार, अर्जुन गौतम, योगेन्द्र सिंह, सुरजीत, राम औतार, प्रेम सिंह, शादाब सिद्दीकी, गौरव, सिद्धार्थ, सीताराम, प्रेमसागर दिवाकर, सचिन, सुमन, पवन मारवाड़ी, अजय मारवाड़ी, प्रमोद दिवाकर, ब्रम्हाशरण, अवधेश गौतम आदि लोगों के साथ विजय भास्कर मौजूद रहे। वहीं भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी अपना समर्थन दिया।

# ब्लाक नवाबगंज में प्रशासन चला गांव की ओर के तहत हुआ कार्यक्रम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

- एडीओ पंचायत कृष्ण पाल सिंह ने सरकार की गिनाई कल्याणकारी योजनायें

विकासखंड कार्यालय सभागार में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखंड कार्यालय के सभागार परिसर में एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह प्रशासन चला गांव की ओर के तहत कार्यक्रम का किया गया।

एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने सभी को बताया कि अब सरकार ग्रामीण क्षेत्र में लगातार कार्यरत कार्य कर रही है। जिससे सरकार का सुशासन सप्ताह कार्यक्रम प्रशासन चला गांव की ओर के तहत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने बताया की जो सरकार की मंशा है उसी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है और इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों पर अपना ध्यान लगाए हुए है। जिससे कि सुशासन सप्ताह प्रशासन चला गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। इस मौके पर एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, सचिव बृजेश यादव, इंदल बाबू तथा ग्रामीण मौजूद रहें।

# भाजपाईयों ने मनाया वीर बाल दिवस

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री के आह्वान पर मंगलवार को नगर के एक गेस्ट हाउस में वीर बाल दिवस मनाया गया। मुख्य अथिति भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने बताया गुरु गोविन्द सिंह के चारों पुत्रों ने धर्म की रक्षा हेतु हंसते हंसते जान दी थी। हमें भी अपने प्राणों से बढ़कर धर्म की रक्षा करनी चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि वीर बाल दिवस की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर की थी। हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह दिवस साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है। जिला महामंत्री डी0एस0 राठौर ने कहा कि वजीर खान ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। आज उसी स्थान को फतेहगढ़ साहिब के नाम से जाना जाता है। उन्होंने उपस्थितजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह दिवस देश के वीर और साहसी इतिहास को सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारे युवाओं को अपने इतिहास से प्रेरणा लेकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना चाहिए। अन्य नेताओं ने गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नंदराम शाक्य, निशांत गुप्ता, लालाराम शाक्य, भूरे श्रीवास्तव, सुरेंद्र सैनी, आलोक राजपूत, मंडल अध्यक्ष सत्यवर्धन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख केके चतुर्वेदी, बबलू शुक्ला, विवेक शुक्ला, किशनू चतुर्वेदी, विवेक चौहान, रामेत वर्मा आदि भाजपाई मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने दिखाया दमखम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नेहरु युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नवाबगंज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य ने बबना स्थित खेल ग्राउंड में फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा युवा तेजी से आगे बढ़त हासिल कर रहें हैं और ये एक स्वर्ण युग होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत के खिलाड़ी विदेशों में अपना परचम फहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस जरुरत है उन्हें निखारने की। कोच इज़हार अली हाशमी, धीरज पाल, हर्षित अवस्थी, अनमोल सूर्यवंशी, सौरभ खटीक ने सभी खेल प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम नेहरु युवा केंद्र के अमन सूर्यवंशी की देखरेख में आयोजित किया गया।


ट्राफी व प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी

# अभियुक्त तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने मंगलवार सुबह सिवारा चौकी इंचार्ज कपिल कुमार कुशवाह ने एक आरोपित को तमंचा कारतूस सहित दबोच लिया। पुलिस आरोपित को थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम आशीष निवासी सूर्य नगर कालोनी जनपद कासगंज बताया। मंगलवार दोपहर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया आरोपित के खिलाफ थाना कासगंज में भी मुकदमे दर्ज हैं।

# जनलेवा हमले में दो अभियुक्तों को सात-सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज कक्ष संख्या-7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने जानलेवा हमले के मामले में भूरा पुत्र नवरतन, बहादुर उर्फ राजबहादुर निवासीगण तकीपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। बीते 25 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र के ग्राम तकीपुर निवासी बलवीर सिंह पुत्र भारत सिंह यादव ने दी गयी तहरीर में बताया कि 27 नवम्बर 1999 को समय 4 बजे शाम को घास छीलकर खेतों से अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही मैं अपने गांव के सर्वेश के घर के पास आया तो मैंने देखा मेरे चचेरे भाई अमीर सिंह से बहादुर व भूरा व नाहर सिंह से गाली-गलौज हो रही थी। मुझसे कहा यह भी उसी पार्टी का है इसको मारो साले को और बहादुर ने अपने हाथ में लिए तमंचे से मेरे ऊपर फायर कर दिया जो मेरे लगा। उक्त घटना को गांव के कई लोगों ने देखा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नाहर सिंह, भूरा, बहादुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के समय नाहर की मृत्यु हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त संजीव कुमार मिश्रा की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने भूरा, बहादुर उर्फ राजबहादुर को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास व 10,500-10,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# विद्युत विभाग ने कैंप लगाकर 2 लाख 60 हजार जमा कराया बिल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग की टीम ने कैंप लगाकर 2 लाख 60 हजार के बकाया बिल जमा कराये। साथ ही कई लोगों के बकायेदारी में कनेक्शन काट दिये।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अहमदगंज में विद्युत विभाग के जेई कृष्ण कुमार मौर्य द्वारा कैंप लगाकर 2,60,000/- का बिल जमा कराया गया। अहमदगंज में विद्युत विभाग की टीम ने अभियान चलाकर 22 लोगों के 5000 रुपए से ऊपर होने के कारण विद्युत कनेक्शन काटे गए और विद्युत कनेक्शन की केबिल काटकर अपने साथ ले गए। विद्युत विभाग के बाबू नेत्रपाल सिंह ने बताया की जिन लोगों के एक लाख से ऊपर के बिल होंगे उन पर एफआईआर कराई जाएगी और जिन लोगों के कनेक्शन काटे गए हैं अगर उनके कनेक्शन कोई लाइनमैन बगैर बिल जमा कराए जोड़ता है तो जांच कराकर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। बिजली विभाग की चेकिंग से उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति देखी गयी। जेई ने बताया कि यह अभियान बराबर जारी रहेगा। इसलिए बकायेदार अपना बिल जल्द से जल्द जमा कर दें।


कैंप लगाकर बिल जमा करते जेई व अन्य

# बीएसजी ज्ञान परीक्षा का परिणाम किया गया घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत स्काउट गाइड लखनऊ द्वारा संचालित विभिन्न प्रतियोगिताओं में से बीएसजी ज्ञान परीक्षा 3 दिसम्बर को जिला संस्था द्वारा 6 परीक्षा केंद्रों पर करायी गई थी। जिसमें 1136 परीक्षार्थी स्काउट गाइड के उपस्थित हुए। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न, माइनस मार्किंग के साथ जनपद के विद्वान परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया गया। प्रत्येक विंग से तीन-तीन प्रतिभागी चयनित किये गये। भारत स्काउट गाइड की प्रादेशिक स्तर की परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु भेजा जायेगा। प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रादेशिक संस्था द्वारा पुरुस्कार स्वरुप धनराशि दी जायेगी। जनपद में प्रत्येक विंग से परीक्षा परिणाम में शिव मोहन शुक्ला प्रथम, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज विजय सिंह द्वितीय, माता चंद्रावती इंटर कालेज पुष्पेन्द्र तृतीय रहे। रायजिंग विंग से राजुल यादव प्रथम, शिखा राजपूत द्वितीय, अंशिका वर्मा तृतीय रही। कब विंग से प्रतीक प्रथम, राहुल द्वितीय, बुलबुल विंग से गौरी प्रथम, नीलम द्वितीय, आराध्या तृतीय रही। जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा व कोषाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत व प्रधानाचार्य जिला आयुक्त इंदू मिश्रा ने पदाधिकारियों को स्थान पाने पर बधाई दी।

# आयुष आपके द्वार चिकित्सा एवं प्रकृति परीक्षण शिविर सम्पन्न

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अमृतपुर के द्वारा विकास खण्ड कार्यालय परिसर राजेपुर में आयुष आपके द्वार चिकित्सा एवं प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला विकास अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में दवाइयो का निःशुल्क वितरण किया गया। उपस्थित जन समुदाय, कर्मचारियों व ग्राम प्रधानों सहित कुल 37 लोगों का प्रकृति परीक्षण कर आवश्यक परामर्श देकर उन्हें औषधियों का वितरण किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अमृतपुर में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ0 शैफाली भदौरिया ने कैंप में आये हुए लोगों को दवाई वितरण करने के साथ बदलते मौसम के कारण होने वाली बीमारियों से सावधानी बरतने को कहा और दैनिक जीवन में योग अपनाने की सलाह दी। आयुष चिकित्सक डॉ0 शैफाली भदौरिया ने बताया कि सरकार कि मंशा के अनुरूप आयुष कैंप लगाए जा रहे हैं। जिनमें लोगों को आयुर्वेदिक दवाई प्रयोग करने की सलाह दी जाती है और निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। दैनिक जीवन में योग को शामिल करके बीमारियों से बचा जा सकता है। जिसके लिए सरकार के द्वारा योग प्रशिक्षक की भी व्यवस्था की गई है।



शिविर में मौजूद चिकित्सक व मरीज

# क्रिसमस व नववर्ष पर रात्रि 11 बजे तक खुलेंगी शराब की दुकानें: जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के आदेश से जनपद की सभी शराब दुकानें क्रिसमस व नववर्ष पर रात्रि 11 बजे तक खुलेंगी।

दरअसल देशी शराब, विदेशी शराब व मॉडल शॉप की जनपद में सभी दुकानें रात्रि 10 बजे तक खोलनें के आदेश हैं, लेकिन जिलाधिकारी के सभी शराब दुकानों को आदेश जारी दिये हैं। आदेश में कहा है कि क्रिसमस पर्व के उत्सव के अवसर पर 24 दिसंबर व 25 दिसंबर व नववर्ष के तहत 31 जनवरी को रात्रि 10 बजे की जगह 11 बजे तक शराब दुकानें खोलीं जायेंगी। जिलाधिकारी के इस आदेश से शराबियों की पौबारह हो गयी है। बताते चलें कि क्रिसमस की अपेक्षा नये साल पर शराब की बिक्री अधिक होती है। शायद इसी वजह से प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार 2024-2025 के लिए नई आबकारी नीति लेकर आई है। योगी सरकार ने नई आबकारी नीति में 50 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है। आबकारी आयुक्त की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि शराब की बिक्री का समय एक घंटा बढ़ा दिया गया है।


खुली शराब की दुकान

# श्रीराम के आदर्शों पर चलने का लोग लें संकल्प: डॉ. शिवओम अम्बर

▸ श्रीराम चरित मानस में तुलसी ने सात सोपानों का किया वर्णन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्राचीन शिव मन्दिर श्री आनन्देश्वर मन्दिर भारत भारती भवन नुनहाई के भवन में निर्माणाधीन श्रीराम मन्दिर पर आयोजित दो दिवसीय मानस प्रवचन डॉ. शिवओम अम्बर ने भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के तुलनात्मक जीवन पर आधारित विवेचन किया। श्रीरामचरित मानस और बाल्मीकि की रामायण में तुलसी के राम दास्यभाव और बाल्मीकि के राम आदर्श राम थे। रामचरित मानस में तुलसी ने अपने जीवन पर आधारित सात सोपानों का वर्णन करते हुये एक निष्ठ राम की आराधना की। तुलसी के जीवन में सात सोपान दीनता, स्वाभिमान, एकनिष्ठता, विक्षोभ, आस्वस्थि, आल्हाद, विषाद है। तुलसी ने अपना सारा जीवन श्रीराम की भक्ति एवं अनुशरण में व्यतीत किया और समाज में लोगों को श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आवहन किया। श्रीराम मन्दिर राष्ट्र मन्दिर का दूसरा नाम है राष्ट्र मन्दिर। श्रीराम मन्दिर बनाने का उद्देश्य यह है कि उनके विग्रह के समक्ष उनके आदर्शों से प्रेरणा लें। समाज और राष्ट्र को राममय बनायें और उनके आदर्शों को अपने में उतारें।


प्रवचन करते डॉ. शिवओम अम्बर

कार्यक्रम का शुभारम्भ कु0 अंकिता, शुभांगी ने अपने मधुरकंठ से संगीतमय श्रीराम की स्तुति करते हुये किया। समारोह में वरिष्ठजन राधाकृष्ण दुबे, गणेश दुबे व्यवस्थापक, नरेश शंकर अवस्थी, अजय तिवारी, आलोक गुप्ता, अमित मिश्रा, भप्पू सोनी, लल्लन मिश्रा, श्रीकृष्ण दीक्षित, पवन अग्रवाल, राघव मिश्रा, रविंद्र भदोरिया, अंकित सेनी, नरेश कश्यप, सुनील अवस्थी, मनमोहन वर्मा, अल्का पाण्डेय, दिव्यांशी गुप्ता, संगीता मिश्रा, साधना पाण्डेय, अनुष्का, कल्पना, पारूल, सोनी, विजय अवस्थी, उत्कर्ष अग्निहोत्री, अमरनाथ दुबे, शिवम दीक्षित, राघवदत्त आदि मौजूद रहे। संचालन सुरेन्द्र पाण्डेय ने किया। समारोह में श्रीराम चरित मानस की भक्तों ने आरती उतारी साथ ही सदर विधायक ने दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर उत्साह वर्धन किया। डॉ. शिवओम अम्बर को पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह देरकर सम्मानित किया गया।

# न्यायालय परिसर में जिला जज ने किया वृक्षारोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण के दौरान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे रौपे गये।

जनपद न्यायाधीश तृतीय विनय कुमार, अपर जिला जज प्रथम शैली राय, अभिनितम उपाध्याय, शैलेन्द्र सचान, राकेश कुमार सिंह, संजय कुमार व मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी घनश्याम शुक्ला एवं जिला वन अधिकारी ने वृक्षारोपण किया।

जनपद न्यायाधीश द्वारा वृक्षारोपण के बाद संदेश दिया गया कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है। जिसके बिना जीवन की कल्पना करना असम्भव है। उन्होने कहा कि एक वृक्ष मां के नाम मुहिम के तहत अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाये एवं उसका संरक्षण तथा देखभाल भी करें, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियो को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण प्रदान किया जा सकें। जनपद न्यायाधीश ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के डीएफओ रेंजर एवं वन दरोगा न्यायालय कर्मचारीगण, कोर्ट मैनेजर मोहम्मद आरिफ खां, केन्दीय नाजिर मोहम्मद एचए सैफी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक राम सिंह मौर्या उपस्थित रहे।


वृक्षारोपण करते जनपद न्यायाधीश व न्यायिक अधिकारी

# हैंड ब्लॉक प्रिंट क्लस्टर परियोजना कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हैंड ब्लॉक प्रिंट क्लस्टर परियोजना का सीएफसी भवन नगला ताड़ सरैया जसमई में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता व खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड के उपमुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुराग त्रिवेदी, वरिष्ठ प्रबंधक सुभाष चंद्र मिश्रा तथा टेक्निकल एजेंसी के हरेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम प्रबंधक जेपी शाक्य ने कहा कि परियोजना एमएसएमई स्फूर्ति योजना के अंतर्गत हैंड ब्लॉक प्रिंट क्लस्टर की स्वीकृति नोडल अधिकारी खादी तथा ग्राम उद्योग लखनऊ के सहयोग से प्राप्त है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. नवनीत सेंगल एवं स्फूर्ति अधिकारी सुभाष चंद्र मिश्रा का विशेष योगदान रहा। रूपेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा चलायी जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। क्लस्टर की महिलाओं को क्रमबद्ध तरीके से 500 महिलाओं को रोजगार देने की बात कही। प्रबंधक जे0पी0 शाक्य के अथक परिश्रम से इस प्रकार की परियोजना लाने की प्रशंसा की गयी। इस दौरान महिलाओं ने भी विचार रखे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते रुपेश गुप्ता

## सुशासन दिवस में आये सभी प्रार्थना पत्रों का हुआ निस्तारण

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। विकास खण्ड परिसर में सुशासन दिवस का आयोजन सहायक विकास अधिकारी पंचायत शैलेन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में, सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं अन्य सभी स्टाफ व लगभग 80 लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सुशसन दिवस में 03 प्रार्थना पत्र आये। जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। साधना पत्नी श्यामवेद निवासी सिरौली के द्वारा अपने परिवार रजिस्टर की मांग की गयी। सम्बन्धित सचिव ने मौके पर ही परिवार रजिस्टर की नकल जारी कर निस्तारण कर दिया। रामबाबू निवासी सकवाई ने अपनी पत्नी राजवती का मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गयी। सत्यवीर सिंह निवासी पशनिंगपुर ने अपने पुत्र अमन राजपूत का मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की, सभी को मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आयुष, शिवांकी, कृष्ण प्रताप व प्रिंसी रहे अव्वल

▸ प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा ने खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया।

प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव व जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव योगेश शुक्ला, प्रतियोगिता प्रभारी संजीव कटियार, कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव ने प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। प्रतियोगिता के संचालक की भूमिका राजीव बाजपेयी ने निभाई। इस दौरान शैलेश मिश्रा, सभासद अनिल तिवारी, सर्वेश श्रीवास्तव, निशीत सक्सेना, अरुण यादव, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, यदुनाथ सिंह, अजय प्रताप, नंदराम राठौर, विनीत कुमार, ज्योति कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे। अंडर-14 हाई जम्प बालक वर्ग में आयुष यादव प्रथम, अम्बर अली द्वितीय, प्रवेश तृतीय रहे। हाई जम्प बालिका वर्ग में शिवांकी प्रथम, प्रांजली द्वितीय, अस्मिता तृतीय रही। अंडर-16 हाई जम्प बालक वर्ग में कृष्ण प्रताप प्रथम, अभय प्रताप द्वितीय, राहुल यादव तृतीय रहे। बालिका वर्ग अंडर-16 हाई जम्प में प्रिंसी प्रथम, अमानिका द्वितीय, माधुरी तृतीय रही। भाला फेंक बालक वर्ग में कृष्ण प्रताप सिंह प्रथम, अभय प्रताप द्वितीय, राहुल यादव तृतीय रहे। बालिका वर्ग भाला फेंक में वंदना प्रथम, दिव्यांशी अवस्थी द्वितीय, अंशिका यादव तृतीय रही। शॉट पुट बालक वर्ग में अब्दुल रहमान प्रथम, नदीम शेख द्वितीय, अनुभव तृतीय रहे। शाट पुट बालिका वर्ग में उन्नति प्रथम, दिव्यांशी अवस्थी द्वितीय, आयुषी तृतीय रही। 80 मीटर हर्डल बालक वर्ग में प्रशांत सिंह प्रथम, आरयेन्द्र सिंह द्वितीय, अनिकेत तृतीय रहे। 80 मीटर हर्डल बालिका वर्ग में वंदना प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय व देवांशी तृतीय रही।


मेडल व प्रमाण पत्र के साथ विजेता प्रतिभागी


गोष्ठी में विचार व्यक्त करता वक्ता

## धूमधाम से मनायी गई अटल बिहारी व मालवीय की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मालवीय सभागार में पंडित महामना मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेई की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के आचार्य एवं बच्चों ने अपनी भाषण एवं गीत से मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेई को याद किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य श्रवण कुमार पांडेय ने बताया कि मदन मोहन मालवीय सत्यमेव जयते के साथ उन्होने हिंदू विश्वविद्यालय काशी में नीव रखी थी, जो एशिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है जहां लाखो बच्चे ज्ञान प्राप्त करते हैं जो बनारस में स्थित है। उनके अहम योगदान के लिए उन्हें पूरी दुनिया में जाना जाता है। मुख्य वक्ता प्रदीप शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि अटल बिहारी वाजपेई का पार्टी के साथ विपक्षी दलों के लोग भी आदर व सम्मान करते थे। प्रदीप अवस्थी व प्रदीप शर्मा, प्रदीप सेंगर आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सभी विद्यालय के आचार्य एवं आचार्य बहने उपस्थित रही।

# वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

▸ भारत के वीर बालक साहस के प्रतीक: विकास पाण्डेय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

वीर बाल दिवस पर मंगलवार को भाजपा नगर पश्चिम के द्वारा रकाबगंज स्थित मोहन लाल शुक्ला स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अतिथियों ने वीर बाल दिवस को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के परिवार का सनातन की रक्षा में योगदान अविस्मरणीय है। बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद कर नमन किया। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करते हुए दोनों ने बलिदान दिया था। जिससे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने कहा कि देश की एकता अखंडता और भारत के वीर बालकों के साहस के प्रतीक 23 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस के रूप में प्रति वर्ष मनाने का आवाह्न किया। मुगल सम्राट औरंगजेब की सेना से लड़ते हुए बलिदान हुए गुरू गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की याद में इस दिवस को मनाया जाता है। उन्होंने मुगलों को अपनी ताकत का लोहा मनवा दिया, लेकिन सिर नहीं झुकाया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में रामकिशन दीक्षित, अनिल श्रीवास्तव, उधन राजपूत, बिल्लू सक्सेना, रामकिशोर सैनी, प्रदीप सक्सेना, वीर बहादुर पाल, सिद्धांत सिंह, अजय चौहान, विरजु शाक्य, नरेंद्र वर्मा, आजाद तिवारी, जनार्दन त्रिवेदी, गौतम दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।


विचार व्यक्त करते सत्यपाल सिंह

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लिए नमूने, जांच को भेजे

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

आमजन को खाद्य पदार्थों में मिलावटी पदार्थ न मिल सके इससे बचाव के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी लगातार अभियान चलाकर नमूने संग्रहित जांच के बाद विभागीय कार्यवाई कर रहे है। जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सहायक आयुक्त (खाद्य) उमेश प्रताप के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल राठौर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार साहू के संयुक्त टीम ने तिखवा स्थित मोहम्मद तालिब की बेकरी से क्रीम, पेस्ट्री एवं केक का नमूना संग्रहित किया। उसके उपरांत कन्नौज के सुल्तानपुर से खुर्शीद आलम की बेकरी से केक एवं यीस्ट का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही विभाग द्वारा आम जनमानस को खाद्य पदार्थो में मिलावट के प्रति, रंगीन खाद्य पदार्थों, खुले खाद्य पदार्थों , खुला तेल आदि के विषय में जागरूकता अभियान भी चलाया। बताया कि विभाग द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों के संदर्भ में छापामार कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



# बैंकों की खराब प्रगति पर डीएम ने दिये कार्यवाही के आदेश

▸ जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जनपद में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बताया गया कि इंडियन बैंक का सीडी रेशियो जनपद में सबसे कम है, बैंक ऑफ बड़ौदा, पीएनबी, एसबीआई, सीडी रेशियो में नीचे से द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त बैंको के खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति कर बैंको के मुख्यालय भेजी जाये व उक्त समस्त बैंको से सरकारी खाते हटा लिये जाये। बाकी सभी बैंक प्लान कर हर महीने 10 प्रतिशत सीडी रेशियो बढ़ाने की कार्ययोजना बनाकर एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। केसीसी में इंडियन ओवरसीज बैंक का परफॉर्मेन्स सबसे खराब पाया गया। एनआरएलएम में एचडीएफसी, आईडीबीआई व यूनियन बैंक की प्रगति शून्य पाई गई। यूनियन बैंक का कोई भी प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हुआ। जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व बैंक के खिलाफकार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में पीडी डीआरडीए, एलडीएम व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम मौजूद विभागीय अधिकारी

## गैंगस्टर को दो साल की कैद, पाँच हजार जुर्माना

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

17 वर्ष पुराने गैंगस्टर के मुकदमे में न्यायाधीश ने दोषी को दो वर्ष की कैद सुनाई है। उस पर पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। गुरसहायगंज कोतवाली में वर्ष 2007 में मिरगांवा निवासी फिरोज पुत्र स्व. सरवरदीन के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया कि फिरोज आपराधिक वारदात को अंजाम देकर धन अर्जित करता है। समाज के लोग उससे भयभीत रहते है। विवेचक ने फ़िरोज के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

मुकदमे की सुनवाई कर रहे, न्यायाधीश ने मंगलवार को गवाह व साक्ष्य के आधार पर फिरोज को दोषी करार देकर दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। और दोषी को पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

## कायमगंज ब्लाक में मनाया गया सुशासन सप्ताह


गोष्ठी को सम्बोधित करते अधिकारी मौजूद अन्य

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड सभागार में गोष्ठी सम्पन्न हुई। विकास खण्ड स्तरीय कर्मचारी अधिकारी एंव ग्रामीणो के द्वारा प्रतिभाग किया। गोष्ठी की अध्यक्षता बीडीओ उपेन्द्र नाथ खरवार ने की। जिसमे ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणो की समस्याओं के निस्तारण एंव उनकी समस्याओं को ग्राम स्तर पर ही सुनकर निस्तारित की जाने का प्रयास करने हेतु सभी कर्मचारी को प्रेरित किया गया। इसके साथ ही एक गोष्ठी एंव कार्यशाला का आयोजन कृषि रक्षा इकाई पितौरा कायमगंज में भी किया गया। जहां कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग के वैज्ञानिको एंव कर्मचारियों के द्वारा उपस्थित कृषकों एंव ग्रामीणों को जैविक खेती, रासायनिक खाद का उपयोग कम करने व अन्य कृषि तकनीक की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। बैठक में काफी संख्या में किसान ग्रामीण उपस्थित हुये। गोष्ठी का संचालन राहुल कुमार सहायक विकास अधिकारी कृषि ने किया। गोष्ठी मे अनुराग सक्सेना सहायक विकास, शाशि देव सिंह, कमल कुमार, आनन्द गंगवार ग्राम्य विकास अधिकारी उपस्थित हुये।

कृषि रक्षा इकाई गोष्ठी भी सम्पन्न

# सुशासन दिवस व किसान गोष्ठी में आये प्रार्थना पत्रों में से दो का मौके पर निस्तारण

▸ शेष 11 प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के दिये निर्देश
▸ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामकिशोर राजपूत ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

सुशासन दिवस का आयोजन विकास खण्ड शमशाबाद मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामकिशोर राजपूत की अध्यक्षता में व खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) व अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी (मनरेगा) सहित विकास खण्ड के अन्य समस्त स्टाफ व 200 किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है। इस दौरान किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं एंव परियोजनाओं पर विस्तार पूर्वक से समझाया, साथ ही गुणवत्ता पूर्वक शिकायत निस्तारण की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा किये गये प्रश्नों का जबाव दिया गया। सुशासन दिवस पर आयोजित बैठक में लोगों द्वारा 13 आवेदन/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अनीता देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी ग्राम जिरखापुर द्वारा अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का प्रार्थना पत्र दिया है। जिसका निस्तारण सम्बन्धित सचिव द्वारा मौके पर ही प्रमाण पत्र जारी कर उपलब्ध करा दिया गया है। अश्विनी पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम वेला सराय गजा ने अपने परिवार की परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने का प्रार्थना पत्र दिया है। जिसको मौके पर ही सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव ने निस्तारण कर परिवार रजिस्टर नकल जारी कर उपलब्ध करा दिया। अवशेष 11 प्रार्थना पत्र इस निर्देश के साथ सम्बन्धित को उपलब्ध करा दिये गये है कि आवेदन पत्रों का गुणक्तपूर्ण निस्तारण कर अवगत कराना सुनिश्चित करें।


मुख्य अतिथि रामकिशोर राजपूत का स्वागत करते अधिकारी

## अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना की बैठक आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा अमेठी गढ़ी कोहना स्थित मालती गार्डन में 25 दिसम्बर बुधवार 12:30 बजे को नई कार्यकारिणी के संबंध में बैठक होगी। साथ ही तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी कौशलेन्द्र द्विवेदी ने दी है।

# सब मिलजुल कर मनाये क्रिसमस: रेव्ह मनोज कुमार

क्रिसमस के उपलक्ष्य में विशेष

व्यक्तित्व

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। क्रिसमस व नववर्ष के उपलक्ष्य में रेव्ह मनोज कुमार ने अपने साक्षात्कार व्यक्तित्व में बताया कि खुशियां मिलकर बांटो, तभी खुशी का असली मजा आता है। प्रभु यीशु मसीह ने हर खुशी में शामिल होने व असहायों की मदद करने के लिए हर व्यक्ति को संदेश दिया। आओ हम सब मिलकर क्रिसमस व नववर्ष पर संकल्प लें असहायों की मदद करें। एक दूसरे में प्रेम बांटे। शांति का पैगाम प्रभु यीशु मसीह ने दिया है। इसे हम मसीह समाज में बांटे और शांति का पैगाम दें। क्योंकि प्रभु यीशु मसीह ने अपने शिष्यों को आज्ञा दी जिस प्रकार मैंने पूरी मानव जाति से प्रेम किया उसी तरह हम सब मिलकर एक दूसरे से मिलकर प्रेम करें। 34 वर्षीय पादरी मनोज कुमार ने बताया कि मेरा जन्म 4 जनवरी 1990 को अलीगढ़ में हुआ। मेरे पिता अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे। हाईस्कूल 2007 में, इंटर मीडिएट 2009 व बीए की परीक्षा 2012 में उत्तीर्ण की। 2012 से 2016 तक इलाहाबाद जाकर धर्म वैज्ञानिक का कोर्स किया और उपाधि प्राप्त की। जब हम सेवा में आये तो पहली तैनाती 2016 में सेंट पॉल्स चर्च आगरा में मिली। 2019 में हाथरस के सहानी में सेंट थॉमस चर्च में रहा। 2020 में जलेसर एटा सीएनआई चर्च में रहा। 2022 में क्राइस्ट चर्च बरेली में रहा। 2023 में सेंट जॉन चर्च मुजफ्फर नगर में तैनात रहा। 2024 में सीएनआई चर्च बढ़पुर व रखा का कार्य मिला। मेरा उद्देश्य है कि प्रभु यीशु मसीह द्वारा बताये गये मार्ग पर लोगों को चलने के लिए प्रेरित करना व एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होना और धार्मिक अध्यात्म से अपनी सेवायें देना मेरा प्रमुख उद्देश्य है। क्रिसमस पर सब मिलजुल कर एक दूसरे के साथ त्यौहार मनाये और प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर आराधना करें।


रेव्ह मनोज कुमार पादरी- बढ़पुर चर्च व रखा चर्च

